सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-191 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 20 दिसम्बर 2023
06 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा

www.avadhnama.com



## योगी कैबिनेट में 19 अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# 2024 में महंगी होगी शराब

- आबकारी नीति 2024-25 को मंजूरी
- रुकी हुई आवासीय परियोजनाएं होंगी पूरी
- एसजीपीजीआई में होगा पीडियाट्रिक सेंटर का निर्माण



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट ने वर्ष 2024-25 की आबकारी नीति को लागू करते हुए अगले वित्तीय वर्ष में 50 हजार करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विदेशी मदिरा, बीयर, भांग, मॉडल शॉप दुकानों की वार्षिक लाइसेंस फीस पर 10 फीसद की वृद्धि की गयी है। लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क और कोटा बढ़ाने से देशी शराब की बोतल पर न्यूनतम सात रुपये की वृद्धि हो सकती है।

वहीं, एयरपोर्ट की तर्ज पर मेट्रो और रेलवे स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड की शराब की फुटकर दुकानों को खोला जा सकेगा। हालांकि इसके लिए रेल मंत्रालय और यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं कैबिनेट ने राज्य के किसानों को दूसरे राज्यों में अपने उत्पाद बेचने का मौका देने के लिये मंडी नियमावली में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि अभी तक जो किसान उत्तर प्रदेश से बाहर अपना माल नहीं बेच सकते थे उन्हें अनुमति देने के लिए और खासतौर से उनकी आमदनी बढ़ाने के लिए मंडी उत्पादन 28वां संशोधन-2023 को अमल में लाने के संबंध में प्रस्ताव आया था जिस पर कैबिनेट ने आज मुहर लगा दी। 19 अहम प्रस्तावों को कैबिनेट से मंजूरी मिली है। इस निर्णय से प्रदेश के किसान अपना माल राज्य के बाहर भी बेच सकेंगे और बाहर के किसान भी अपना माल उत्तर प्रदेश में बेच पाएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल द्वारा लिये गये एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के तहत उत्तर प्रदेश शासन वेतन वृद्धि से एक दिन पहले सेवानिवृत होने वाले न्यायिक अधिकारियों को एक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गयी। उच्चतम न्यायालय ने 19 मई 2023 को एक निर्णय दिया था जिसमें कहा गया था कि वेतन वृद्धि से एक दिन पहले जो न्यायिक अधिकारी सेवानिवृत्त हुए हैं।

### 226 गांवों में मोबाइल टावर के लिए मुफ्त में जमीन देगी सरकार



मोबाइल कनेक्टिविटी से वंचित गांवों में फोर जी मोबाइल सेवाएं देने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। इसके लिए बीएसएनएल को टावर लगाने के लिए मुफ्त में जमीन दी जाएगी। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के अंतर्गत प्रदेश में ब्राडबैंड कनेक्टिविटी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) डाली जाएगी। इसके लिए केंद्र ने स्पेशल परपज व्हैकिल (एसपीवी) के रूप में भारत ब्राडबैंड नेटवर्क लिमिटेड को चुना है। विभिन्न जिलों के 361 गांवों के 226 स्थानों पर नए मोबाइल टावर लगाने के लिए ग्राम सभा 200 वर्गमीटर जमीन बीएसएनएल को मुफ्त में देगी। बीएसएनएल ने वन भूमि के प्रीमियम और किराये के भुगतान से छूट मांगी थी, जिसे मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी।

### घर का सपना होगा पूरा



कैबिनेट बैठक में एनसीआर के अधूरे पड़े 2.40 लाख घरों को पूरा करने की मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से खरीदारों को राहत मिलेगी। दरअसल, रियल स्टेट प्रोजेक्ट्स की समस्याओं के निदान के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था जिसने डेवलपर्स की खराब वित्तीय हालत को देखते हुए अपनी संस्तुतियां दी थी जिस पर निर्णय लिया गया है।

### आगरा में बनेगा अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र का रीजनल सेंटर



आगरा के राजकीय प्रक्षेत्र सींगना में पेरु के अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र का रीजनल सेंटर बनेगा। यहां आलू के उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शोध होगा। सेंटर के लिए प्रक्षेत्र की 10 हेक्टेयर जमीन 99 वर्ष के लीज पर दी जाएगी। उद्यान विभाग और राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड गुरुग्राम हरियाणा के बीच होने वाली लीज डीड पर देय 37.50 लाख के स्टांप शुल्क और 7.50 लाख के निबंधन शुल्क में छूट दी

### 57 जिलों में खुलेंगे साइबर क्राइम थाने



उत्तर प्रदेश में बढ़ते हुए साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। इस निर्णय के साथ ही प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी। फिलहाल प्रदेश के सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने मौजूद हैं। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे। लोकभवन के मीडिया सेंटर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी दी।

# पीएम मोदी का विपक्ष पर बड़ा हमला, कुछ पार्टियां संसद सुरक्षा चूक को कर रहीं सपोर्ट

- संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को समर्थन चिंताजनकः पीएम
- विपक्ष का आचरण बेहद खराब है

### विपक्ष के रैवये पर नाराज हुए पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंध को विपक्षी नेताओं के मूक और परोक्ष समर्थन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी चिंता जताई है।

भाजपा संसदीय दल को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में मिली हार की हताशा में विपक्ष पूरे घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में सेंध की असली वजह बेरोजगारी और महंगाई को बताया था। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि उनका एक मात्र उद्देश्य भाजपा की सरकार को हटाना है, जबकि हमारा उद्देश्य एक बेहतर भारत का निर्माण करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसा करने वाला कोई भी व्यक्ति संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना को स्वीकार नहीं कर सकता है। इस घटना की सिर्फ निंदा की जा सकती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि चुनाव में हार की हताशा में विपक्ष इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पूरी घटना को मूक और परोक्ष समर्थन दे रहा है, जो चिंता का विषय है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों को गांव-गांव जाकर लोगों को विपक्ष की इस हरकत के बारे में बताना चाहिए।

> प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के क्रियाकलापों से साफ है कि उसने विपक्ष में ही रहने का मन बना लिया है। साथ ही देश ने भी उन्हें विपक्ष में ही रखने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष को मौजूदा संख्या बल से भी हाथ धोना पड़े। उन्होंने विपक्ष पर हमले के दौरान भाजपा सांसदों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का ध्यान में रखने और संयत बरतने की सलाह दी।

### मिचेल स्टार्क बने सबसे महंगे खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट फैंस को आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन का बेसब्री से इंतजार था, जिसमें 333 प्लेयर्स पर बोली लगी। नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 333 खिलाड़ियों में से 214 भारतीय हैं, जबकि 119 विदेशी प्लेयर शामिल थे। 10 फ्रेंचाइजी के पास कुल 77 स्लॉट खाली थे। यानी ज्यादा-से-ज्यादा 77 खिलाड़ी ही बिक सकेंगे। आईपीएल 2024 ऑक्शन के लिए आरसीबी टीम के पास सबसे ज्यादा पैसा है। आरसीबी के पर्स में 40.75 करोड़ रुपये थे। ऐसे में आरसीबी टीम ऊंची बोली लगाते हुए प्लेयर्स को अपने खेमे में शामिल कर सकते हैं। इसके साथ ही आज के ऑक्शन खत्म हो गए हैं। आज मिचेल स्टार्क 24 करोड़ 75 लाख में खरीदे जाने वाले सबसे महंगे प्लेयर बने। इसके साथ ही हर्षल पटेल 11 करोड़ 75 लाख में बिकने वाले सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने। समीर रिजवी 8 करोड़ 40 लाख में खरीदे जाने वाले सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बने।

# मैं राज्य के साथ-साथ केंद्र में भी रहूंगाः शिवराज सिंह

- जेपी नड्डा से मिले शिवराज सिंह
- जो पार्टी तय करेगी, वो काम करूंगा
- मप्र के मंत्रिमंडल पर फैसला पार्टी लेगी



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही केंद्र की राजनीति में सक्रिय दिखेंगे। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजे तीन दिसंबर को घोषित हुए थे। उसके बाद पहली बार शिवराज दिल्ली में आकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले। उन्होंने मीडिया से बातचीत में साफ कहा कि वह केंद्र और राज्य की राजनीति करते रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में शिवराज ने कहा कि कार्यकर्ता के नाते मेरे लिए पार्टी जो भी भूमिका तय करेगी, वह काम मैं करूंगा। जब पूछा गया कि क्या केंद्र की राजनीति करेंगे? इस पर शिवराज ने कहा कि हम राज्य में रहेंगे और केंद्र में भी। मैं अपने बारे में नहीं सोचता। जो अपने बारे में सोचता है, वह अच्छा इंसान नहीं होता। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जो भी भूमिका पार्टी तय करेगी, वह काम करूंगा। अगर आप एक बड़े मिशन के लिए काम करते हो तो पार्टी ही तय करती है कि आप क्या काम करेंगे। मध्य प्रदेश में तीन दिसंबर को विधानसभा चुनावों के नतीजे घोषित हुए थे।

### ललित झा के घर में पुलिस की दबिश

**कोलकाता।** संसद में घुसपैठ मामले के मास्टरमाइंड ललित झा के बारे में जानकारी जुटाने कोलकाता आई दिल्ली पुलिस के स्पेशल ब्रांच की टीम ने मंगलवार को उसके बागुइआटी इलाके में स्थित किराए के घर में भी छापामारी की। टीम ने मकान मालिक और स्थानीय लोगों से उसके बारे में पूछताछ की। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि संसद की घटना से तीन दिन पहले तक उन्होंने ललित को इस घर में देखा था। इससे पहले स्पेशल ब्रांच की टीम ने ललित के बड़ाबाजार इलाके के रवींद्र सरणी स्थित किराए के घर में छापामारी की थी। टीम ललित के सिम कार्ड के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी डलहौसी इलाके में स्थित बीएसएनएल के कार्यालय पहुंचे और यह जानने की कोशिश की कि ललित के सिम का किस-किस फोन में इस्तेमाल हुआ था और किन-किन जगहों पर उसे वाइ-फाइ से कनेक्ट किया गया था।

## गठबंधन के पीएम उम्मीदवार के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव

# आपस में सहयोग करके लड़े चुनावः खरगे

- खरगे ने खारिज किया प्रस्ताव
- पहले चुनाव जीतना है बेहद जरूरी
- मोदी-शाह ने सदन की गरिमा का किया अपमान




**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं का राजधानी दिल्ली में महाजुटान हुआ। इसमें अलग-अलग पार्टियों के नेता शामिल हुए।

इस बीच, इस बैठक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि राजधानी के अशोका होटल में हुई इस बैठक में विपक्षी गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर भी चर्चा की गई। दिल्ली में आयोजित इस बैठक में सभी राज्यों में आपस में सहयोग कर लोकसभा चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 'इंडिया' गठबंधन के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। वीसीके सांसद थोल. थिरुमावलवन ने बताया कि ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने प्रस्ताव दिया कि मल्लिकार्जुन खरगे को टीम का समन्वयक होना चाहिए और हम उन्हें आगामी चुनावों में प्रधानमंत्री के रूप में पेश करेंगे। हालांकि, कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे तत्काल ही साफ शब्दों में खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि इस सुझाव की कोई जरूरत नहीं है। चुनाव के बाद ही हम तय कर सकते हैं कि पीएम कौन होगा। उन्होंने तुरंत इस बात को खारिज कर दिया। इस बीच, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे का नाम इंडिया अलायंस के पीएम चेहरे के रूप में प्रस्तावित करने की खबरों को केरल कांग्रेस नेता पीसी थॉमस ने खारिज कर दिया है।

> **22 दिसंबर को करेंगे विरोध-प्रदर्शन**
>
> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है पहले चुनाव जीतना महत्वपूर्ण है। इंडिया ब्लॉक के पीएम चेहरे पर अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी को लड़ना होगा और हम सभी इसके लिए तैयार हैं। हमने संसद में सुरक्षा उल्लंघन का मुद्दा उठाया। हम पहले से कह रहे हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह या पीएम मोदी को संसद में आना चाहिए और संसद सुरक्षा चूक के मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा में बोलना चाहिए, लेकिन वे ऐसा करने से इनकार कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि यह पहली बार है जब देश में 141 संसद सदस्यों को निलंबित किया गया है। यह गलत है, हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। हम इसके खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हुए हैं। हमने 22 दिसंबर को सांसदों के निलंबन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

# उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर भड़की भाजपा

- विपक्षी सांसदों पर उपराष्ट्रपति के अपमान का आरोप



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का आज एक सांसद ने मिमिक्री की। अब यह मामला बड़ा हो गया है। इसको बीजेपी ने एक मुद्दा बना लिया है। बीजेपी साफ तौर पर विपक्षी सांसदों पर उपराष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगा रही है।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि ये जो लोग चुनाव हार गए, ये उनकी ओर से ध्यान भटकाने की हताशापूर्ण कोशिश है। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं...क्या बेरोजगारी के कारण कोई कुछ कर सकता है? क्या कोई हमला कर सकता है? आप राहुल गांधी के बारे में क्या बात कर रहे हैं? भाजपा नेता ने कहा कि एक तरह से जो कुछ हुआ है उसका समर्थन करने की कोशिश कर रहे हैं तो इसके लिए कांग्रेस को पहले जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि वीडियो बनाते वक्त वे मजे ले रहे थे. उनकी मंशा देखिए, वे जाट समुदाय, किसानों, ओबीसी समुदाय और उपराष्ट्रपति का अपमान कर रहे थे। उनका मानना है कि उस कुर्सी पर बैठने का अधिकार केवल उन्हें है और उस कुर्सी पर कोई जाट समुदाय का व्यक्ति या किसान का बेटा कैसे बैठ सकता है।

# ज्ञानवापी केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को लगा बड़ा झटका

- मुस्लिम पक्ष की याचिका सहित पांच याचिकाएं खारिज
- न्यायमूर्ति रोहित रंजन ने की प्रकरण की सुनवाई



**प्रयागराज।** ज्ञानवापी केस में इलाहाबाद हाई कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। अदालत ने टाइटल सूट को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका सहित उनकी पांच याचिकाएं खारिज कर दी हैं। यह फैसला जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सुनाया है।

दरअसल, मुस्लिम पक्ष ने हिंदू पक्ष के 1991 के मुकदमे को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की थीं, जिन्हें कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अंजुमन इंतेजामिया कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 1991 में वाराणसी की अदालत में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती दी थी. इस केस में 8 दिसंबर को ही इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा लिया था। कुल 5 याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी, जिसमें से 2 याचिकाएं सिविल वाद की पोषणीयता और 3 याचिकाएं स्ढ़ सर्वे आदेश के खिलाफ थीं। दो याचिकाओं में 1991 में वाराणसी की जिला अदालत में दायर मूल वाद की पोषणीयता को चुनौती दी गई थी। तीन याचिकाओं में अदालत के परिसर के सर्वे आदेश को चुनौती दी गई थी। दरअसल, मुस्लिम पक्ष ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 का हवाला देते हुए कहा था कि इस कानून के तहत ज्ञानवापी परिसर में कोई भी कानूनी कार्यवाही नहीं की जा सकती है।

### राम जन्मभूमि परिसर के पास पकड़ा गया संदिग्ध व्यक्ति

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षा बलों ने मंगलवार की दोपहर को बाइक पर घूम रहे एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर थाना राम जन्मभूमि पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए व्यक्ति के हेलमेट पर कैमरा लगा हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त व्यक्ति मैप इन इंडिया का कर्मचारी है और वह सर्वे का काम कर रहा था। हालांकि इसके लिए अभी कंपनी को अनुमति नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस व खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। मंगलवार की दोपहर छत्तीसगढ़ निवासी भानू पटेल बाइक पर सवार होकर यलो जोन में घूम रहा था। उसके हेलमेट पर कैमरा भी लगा हुआ था। यह देख राम जन्मभूमि के गेट नंबर दस पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक लिया व तलाशी आदि लेने के बाद पुलिस को सौंप दिया। थाना राम जन्मभूमि में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों व कई खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की।

**सदन** — राज्यसभा से दिल्ली बिल पास

# अब तक 141 सांसद निलंबित

- अब राष्ट्रपति के पास जाएगा बिल
- लोकसभा से आज 49 सांसद सस्पेंड




**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का आखिरी दौर काफी हंगामादार दिखाई दे रहा है। आज भी संसद की दोनों सदनों में जबरदस्त तरीके से हंगामा हुआ। आज भी 49 सदस्यों को निलंबित किया गया जिसके बाद से निलंबित सदस्यों की संख्या 141 हो गई है।

विपक्षी दल लगातार सरकार पर बड़े आरोप लगा रहे हैं। इन सबके बीच उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी ने नकल उतारी। यह भी एक बड़ा मामला बन गया। इस मुद्दे को सदन के भीतर उठाया गया और राहुल गांधी से भी माफी की मांग की गई। आज दोनों सदनों में क्या कुछ हुआ है, यह हम आपको बताते हैं। लोकसभा ने अनंतिम कर संग्रहण विधेयक, 2023 को मंगलवार को मंजूरी दे दी, जिसके जरिये 1931 के संबंधित अधिनियम को निरस्त करने का प्रावधान किया गया है। निचले सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संक्षिप्त जवाब दिये जाने के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में जहां दंड पर जोर था, वहीं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में न्याय पर जोर दिया गया है और यही अंग्रेजी शासन की मानसिकता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सोच के अंतर को दर्शाता है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रसाद ने भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए यह बात कही।

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में अभी तक विपक्ष के कुल 95 सदस्यों को तख्तियां दिखाने और सदन की अवमानना के मामले में सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया जा चुका है और इस तरह विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के करीब दो-तिहाई सदस्य सदन से बाहर हो गए हैं। सदन में अब मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत नौ ही सदस्य रह गए हैं।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024, प्रभारी डीएम ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण अवधि में मंगलवार को प्रभारी डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज राजनैतिक दलों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनिल कुमार सिंह ने उपस्थित राजनैतिक दलों पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त दावे एवं आपत्तियों की संख्या और निस्तारण की स्थिति के संबंध अवगत कराया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान अबतक पूरे जिले में 79056 फॉर्म छह, 29569 फार्म सात, 15164 फार्म 08 सहित कुल एक लाख 23 हजार 789 फार्म प्रोसेस हुए हैं। पुनरीक्षण अभियान में सभी राजनीतिक दलों की भूमिका को रेखांकित करते हुए डीएम ने कहा कि अबतक मिलने वाले सहयोग को आगे भी बनाए रखने के लिए अनुरोध किया।उन्होंने अनुरोध किया कि निर्वाचन के पूर्व तक सभी निर्वाचक नामावली में नाम देखते रहे। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी को किया जायेगा।

उक्त सूची प्राप्त करते हुए सभी सम्मानितजनो के नाम भी अनिवार्य रूप से चेक कर ले। यदि जिन राजनीतिक दल ने अब तक बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति नहीं की है और अभी भी कर लें। उन्होंने निर्देश दिए की सभी बीएलओ बूथ का नजरी नक्शा अवश्य बना ले। उन्होंने कहा कि अभी भी कोई नाम छूट गया है जो अहर्य है, वह नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़ेगा।

उक्त बैठक में एसडीएम धौरहरा धीरेंद्र सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह भीमसेन, आरती यादव, नीलम तिवारी, सुखवीर सिंह, नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या, राजनीतिक दलों से भाजपा, सपा, कांग्रेस, सीपीआई, अपना दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान अबतक प्राप्त दावे आपत्तियों एक नजर ......**

137 पलिया – फॉर्म 6 : 10472, फार्म 7 :4108, फार्म 8 : 1428
138 निघासन फार्म 6 : 12205, फार्म 7: 2579, फार्म 8 : 1778
139 गोला फार्म 6 : 9297, फार्म 7 : 5513, फार्म 8: 1672
140 श्रीनगर फार्म 6 : 9398, फार्म 7 :3059, फार्म 8 : 2032
141 धौरहरा फार्म 6 : 12908, फार्म 7 : 4829, फार्म 8 : 3579
142 लखीमपुर फार्म 6 : 9898, फार्म 7 : 3320, फार्म 8 : 1539
143 कस्ता फार्म 6 :7418, फार्म 7 :2322, फार्म 8 : 898
144 मोहम्मदी फार्म 6 : 7460 , फार्म 7 : 3839, फार्म 8 : 2238

# नामित वांछित अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना सिंगाही पर पंजीकृत मु0अ0सं0 273/2023 धारा 302/201 भादवि0 का सफल अनावरण करते हुए मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नफर नामित वांछित अभियुक्तगण रामकिशोर पुत्र लक्षमन उम्र करीब 35 वर्ष, नेकीराम पुत्र ओम प्रकाश उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुये वास्ते प्राप्त करने रिमाण्ड न्यायालय सदर लखीमपुर खीरी हेतु भेजा गया वादिनी भीखन देवी पत्नी स्व0 भीखू निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही ने लिखित सूचना दिया कि अभियुक्तगण रामकिशोर पुत्र लक्षमन व नेकीराम पुत्र ओमप्रकाश निवासीगण ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही जनपद खीरी द्वारा वादिनी के पति भीखू पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही को लाठी डन्डों से मार कर हत्या कर शव को जंगल किनारे तालाव में फेंक दिया था। लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 273/2023 धारा 302/201 भादवि0 बनाम रामकिशोर पुत्र लक्षमन, नेकीराम पुत्र ओमप्रकाश, निवासीगण ग्राम नौरंगाबाद थाना सिंगाही पंजीकृत होकर विवेचना जितेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा सम्पादित की गयी। दौराने विवेचना आज दिनांक 19.12.2023 को उपरोक्त मुकदमे में वांछित चल रहे वांछित अभियुक्तगण उपरोक्त को सिंगाही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## सड़क पर दौड़ेंगे पिंक ई-रिक्शा, चलाएंगी महिलाएं पहले चरण में 250 महिलाओं को किया जा रहा चिह्नित

**लखीमपुर खीरी।** शहर में जल्द पिंक ई-रिक्शा दौड़ते दिखेंगे। इन्हें महिलाएं ही चलाएंगी। पहले चरण में जिले की 250 महिलाओं को ई-रिक्शा उपलब्ध करवाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की कवायद की जा रही है। जिला उद्योग कार्यालय इस योजना को अमली जामा पहनाने में जुटा है। 11 जुलाई को प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग अनुभाग-2 ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। इस पत्र के माध्यम से यूपीकॉन को इस प्रोजेक्ट के लिए कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।मिशन शक्ति योजनान्तर्गत प्रशिक्षित महिला लाभार्थियों को ई-रिक्शा खरीदने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से लाभान्वित किया जाएगा। योजना के लिए चयनित महिलाओं के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा प्रशिक्षण, निःशुल्क आरटीओ द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, सस्ते ब्याज दरों पर ई-रिक्शा खरीदने हेतु सरल फाइनेंस प्रक्रिया की सुविधा उपलब्ध कराते हुए 25 प्रतिशत की सब्सिडी भी दी जाएगी। इसका उद्देश्य पिछड़ी, बेरोजगार व निराश्रित महिलाओं को सशक्त बनाना है।

### महिला लाभार्थियों को मिलेगा निशुल्क डीएल और प्रशिक्षण

उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने बताया कि योजना के तहत जरूरतमंद पात्र महिला लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसमें जिला प्रोबेशन विभाग की भी मदद ली जा रही है। वहीं, महिला लाभार्थियों के चयन के बाद 25-25 का बैच बनाकर उनको पिंक ई रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मिशन शक्ति योजना के तहत दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में उन्हें चार दिन थ्योरीऔर शेष छह दिन रिक्शा संचालन का प्रैक्टिकल करवाया जाएगा। इसके साथ उन्हें निशुल्क अस्थायी व स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध करवाया जाएगा।

### यह है पात्रता

इस योजना के तहत गरीब, बेसहारा, बेरोजगार व जरूरतमंद महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। महिलाओं की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वहीं, वह हाईस्कूल उत्तीर्ण होनी चाहिए।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में शुरू किया धरना



**लखीमपुर खीरी।** चिल्ड्रस एकेडमी में कक्षा 12 के छात्र की मौत के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में शुरू किया धरना प्रशासन के विरुद्ध की जमकर नारेबाजी।

## सलेथू रजबहा में पानी न आने से किसानों में आक्रोश व्याप्त

**महराजगंज, रायबरेली।** रजबहा में विगत तीन माह से पानी न आने से किसानों में नहर विभाग के अधिकारियों के प्रति आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है। यदि जल्द ही नहर में पानी न छोड़ा गया तो, किसान जिलाधिकारी से मिलकर मामले की शिकायत करेंगे। बताते चलें कि, विगत तीन माह पूर्व धान की फसल की समय सलेथू रजबहा में नहर विभाग के अधिकारियों द्वारा पानी छोड़ा गया था। जिसके बाद लगभग तीन माह बीत जाने के बाद भी आज तक पानी नहीं छोड़ा गया है। जिसके चलते किसानों द्वारा बोई गई गेहूं की फसल व सरसों की फसल सूखने की कगार पर है। जिसके चलते किसानों में नहर विभाग की प्रति आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है। किसान बाबू चंद्र उर्फ लखनहुवा, देशराज, दीपू, राममिलन, आरपी, रामकुमार, राम भरोसे, राम जियावन, दिलीप कुमार, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि, सलेथू रजबहा में पानी न आने की वजह से हम सभी किसान हैरान व परेशान है। तथा गेहूं की फसल बोवाई हुए एक माह से ऊपर का समय हो गया है। और पानी न मिलने के कारण सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते फसल बर्बाद होने की कगार पर है। यदि जल्द ही नहर विभाग द्वारा पानी न छोड़ा गया तो हम सभी किसान जिला अधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नहर विभाग की होगी।

## शहीद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 07 जनवरी से 14 जनवरी 2023 तक चलने वाले शहीद दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक की। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष मुंशीगंज स्थित स्मारक स्थल पर मनाया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराए जाएं। साथ ही इस कार्यक्रम में बच्चों लो भी शामिल किया जाए। जिससे वे अपने शहीदी महापुरुषों के बारे में जान सके। कार्यक्रम में शहीद परिवारों को बुलाकर उन्हें सम्मानित भी किया जाए। जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि 7 जनवरी से पहले सारी तैयारियां पूरी कर ली जाए। स्मारक स्थल पर साफ सफाई के साथ प्रकाश की भी व्यवस्था रखी जाए। दीपदान करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए की कोई भी दुर्घटना नदी के किनारे ना घटित हो इसके लिए पहले से वहां पर बैरिकेटिंग करा ली जाए।

# भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक हुई सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** श्रीराम मन्दिर अयोध्या में आगामी 22 जनवरी 2024 को होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक श्री नर्मदेश्वर महादेव मन्दिर मोहल्ला भीतर मोहमदी में 18 दिसम्बर 2023 रात्रि सात बजे, पण्डित राधाकृष्ण मिश्रा की अध्यक्षता में तथा लोक भारती के जिला संयोजक व युवा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष, अतुल रस्तोगी के संचालन में सम्पन्न हुई। मुख्यवक्ता जिला संघचालक अमित भसीन ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज मे यह चर्चा चल रही हैं कि यह श्री राम मन्दिर ही नही राष्ट्र मन्दिर बन रहा है, पिछले पांच सौ साल से चले संघर्ष के बाद अब यह खुशी की घड़ी आई हैं। सन 1528 को आतताइयों ने मन्दिर का ध्वंस किया



था, परन्तु हिन्दू समाज के दिलो में यह मन्दिर रचा बसा रहा, निरन्तर संघर्ष हुए इन संघर्षों में लगभग तीन लाख रामभक्तों ने अपना बलिदान दिया है। आगामी 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मन्दिर की भव्य प्राणप्रतिष्ठा होगी। इस कार्यक्रम से पहले देश व विदेश के प्रत्येक हिन्दू परिवारों के घरों में अयोध्या से आये पूजित निमंत्रण पत्र व अछत देकर धर्मानुरागियों को सपरिवार आमंत्रित किया जायेगा। 1 जनवरी को सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज से प्रातः 10 बजे हम सभी बंधु नगर में महा सम्पर्क अभियान हेतु निकलगे, नगर के प्रमुख मार्गों पर निकल कर सभी को आमंत्रित करेगें, इसके साथ ही एक से 15 जनवरी तक नगर की प्रत्येक मोहल्ले/बस्ती के घर घर जाकर लोगो को आमंत्रित करेंगे।

20 जनवरी को श्री हनुमान मन्दिर के वार्षिकोत्सव के दिन नगर में एक भव्य शोभायात्रा प्रातः 10 बजे से अयोध्या के श्रीराम मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण हेतु, नगर में निकाली जायेगी। 22 जनवरी को हम अपने घरों में तथा पास के मन्दिरों में, रंगोली बनायेगे तथा रात्रि में भव्य दीपोत्सव करेंगे। अयोध्या में जिस समय पूजा अर्चना होगी उसी समय हम अपने घरों अथवा मन्दिरों में शंख, घण्टा, घड़ियाल के साथ पूजा करेंगे और प्रसाद बाटेंगे। सभाध्यक्ष पंण्डित राधा कृष्ण मिश्रा ने उपस्थित सभी लोगो को आगामी कार्यक्रमों में तन मन धन के साथ लगने का आवाहन किया।

## न्यायिक अधिकारियों ने तम्बाकू छोड़ने की दिलायी शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** दीवानी कचहरी परिसर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को तम्बाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया और आम जनमानस को तम्बाकू छोड़ने के लिए शपथ भी दिलायी गयी।

जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती बबीता रानी की उपस्थिति में आज दीवानी कचहरी परिसर में नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड नाटक के माध्यम से टीम द्वारा धुम्रपान और तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियो के बारे मे जानकारी दी गयी। साथ ही तम्बाकू और अन्य नशे की आदत छोडने हेतु भी जानकारी दी गयी। नुक्कड नाटक टीम ने सभी जनमानस को तम्बाकू छोडने के लिए शपथ भी दिलायी।

इस अवसर पर जनमानस को पैम्पलेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कोर्टस स्टाफसहित मुख्य कार्यकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजकुमार गुप्ता, सैन्ट्रल नाजिर रमेश कुमार, एसिसटैट नाजिर अनिल कुमार, डा.शिवागा गौड, तम्बाकू नियत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डा.मुदस्सर अली, सोशल वर्कर कविता कुमारी व काफी संख्या में वादकारी एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## पांवधोई नदी में कूड़ा डाल रहे कर्मचारी को नौकरी से हटाया

**सहारनपुर।** नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने पांवधोई नदी में कूड़ डालने वाले सीएलसी से लिये गए एक सफाई कर्मचारी को निगम के सेवा कार्य से हटा दिया है। नगरायुक्त ने चेतावनी दी है कि जल स्त्रोतों को प्रदूषित करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि काम में कोताही बरतने वाले किसी भी कर्मचारी/अधिकारी को बख्शा नहीं जायेगा।

वार्ड 35 में धोबीघाट पर रविवार को सड़क पर सफाई के बाद सड़क किनारे एकत्रित किये गए कचरे को उठाने के लिए वहां पहुंचे सफाई कर्मचारी ने कचरा उठाकर रेहड़े में डालने के बजाए उसे उठाकर सीधे पांवधोई नदी में डाल दिया। अक्षय नामक इस सफाई कर्मचारी की इस करतूत को वहां से गुजर रहे एक जागरुक नागरिक द्वारा मोबाइल में कैद कर लिया गया।

## मुस्लिम समाज ने ठाना है 24 में बीजेपी लाना है: मोहम्मद शरीफ

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के नेतृत्व में नसीराबाद में अल्पसंख्यक सभा की कार्यकर्ताओं व आम जनमानस के साथ एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नसीराबाद सहित जिले के कार्यकर्ता शामिल हुए जहा जिला अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ ने आम जनमानस को सम्बोधित करते हुए बताया कि भाजपा देश की इकलौती ऐसी पार्टी है जो सर्व समाज को साथ लेकर चलती है सर्व समाज के बारे में सोचती है सर्व समाज का काम करती है हमारी पार्टी का नारा है सबका साथ सबका विकास और जनता हमारी पार्टी पर भरोसा करती है यही कारण है कि पांच राज्यो में चुनाव हुआ और हमारी पार्टी ने तीन राज्यो में बहुमत की सरकार बनाई जिससे विपक्ष पूरी तरह से बौखलाया हुआ है वही आने वाले लोकसभा के चुनाव में एक बार फिर से मोदी जी के नेतृत्व में भारत में सरकार बनने जा रही है हमारी पार्टी ने अल्पसंख्यक समाज को प्रधानमंत्री आवास के तहत लोगों को मकान उपलब्ध कराया लोगों को शौचालय दिए लोगों को फ्री राशन दिया 65 सालों में जितना विकास कांग्रेस ने नहीं किया उससे कहीं ज्यादा विकास लगभग भारतीय जनता पार्टी ने 10 वर्षों में करके अपना वादा पूरा किया है और यही कारण है कि आने वाले लोकसभा के चुनाव में हमारी पार्टी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है क्योंकि अब अल्पसंख्यक समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है और आने वाले लोकसभा के चुनाव में मुस्लिम समाज भाजपा को वोट करेगा क्यूंकि मुस्लिम समाज ने ठान लिया है कि 24 में फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है इस मौके पर अब्दुल वाहिद जिला उपाध्यक्ष अ0मो0, सहरे आलम जिला मंत्री, मोहम्मद जावेद जिला मंत्री, परमजीत जिला मंत्री, मीडिया प्रभारी सेराज अहमद, एखलख अहमद पूर्वी नगर अध्यक्ष, मोहम्मद आरिफ नगर अध्यक्ष पश्चिम आदि लोग मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट परिसर में स्वीप के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** स्वीप के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया गया और मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में बढ-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अन्तर्गत विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर विधायक राजीव गुम्बर, जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित बोर्ड पर हस्ताक्षर कर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुभारम्भ किया गया। उन्होने जनपद के सभी मतदाताओं से मतदान प्रक्रिया में बढ-चढकर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है। राजीव गुम्बर ने कहा कि लोकतंत्र में अपने मत का प्रयोग



कर अपनी हिस्सेदारी निभाएं। लोग जागरुक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने आह्वान किया कि मतदाता स्वयं वोट डालकर यह भी जिम्मेदारी निभाए कि उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति वोट डालने से न छूटने न पाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जनपद में नवाचार करते हुए स्कूल एवं कॉलेजों में 101 व्याख्यानों की सीरीज की शुरूआत की गयी है। सभी शैक्षणिक संस्थानों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। स्वीप के अन्तर्गत शिक्षण संस्थानों में रंगोली, चित्रकला, भाषण, मेंहदी आदि प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। इस अवसर पर जनपद की स्वीप नोडल संगीता राघव, सपा से अब्दुल गफूर सहित अन्य राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, पत्रकार बंधु, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करना हमारी भावी पीढ़ियों के लिए सुखद: महापौर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार ने लोगों से प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना हमारी भावी पीढ़ियों के लिए सुखद और उनके सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ देश को विकास के सबसे ऊंचे पायदान पर खड़ा करने के लिए योजनाओं को लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि लोग इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। महापौर वार्ड 21 कपिल विहार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आये लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। वार्ड 37 के ब्रजेश नगर में संकल्प यात्रा को सम्बोधित करते हुए नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने दुनिया को दिखा दिया है कि सत्ता, सुख के लिए नहीं सेवा के लिए है। पहले लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन आज विभिन्न योजनाओं के साथ सरकार आपके द्वार पर आयी है। महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा कि पहले की सरकारों की सोच संकुचित थी। आज देश व प्रदेश को बड़ी और सबके लिए सोच वाला मजबूत नेतृत्व मिला है।

# जिला प्रशासन एवं भारत केयर्स ट्रस्ट के तत्वाधान में कौशल को दिया जाएगा बढ़ावा

**शार्प बिजनेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग एसटीईएम ऑन व्हील्स को हरी झंडी दिखाकर आज जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा नोएडा के 10 स्कूलों के लिए किया रवाना**

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतम बुद्ध नगर।** जिला प्रशासन एवं भारत केयर्स ट्रस्ट के तत्वाधान में छात्रों की व्यावहारिक समझ को बढ़ाने, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शार्प बिजनेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग एसटीईएम ऑन व्हील्स को आज जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा हरी झंडी



दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से नोएडा के 10 स्कूलों के लिए रवाना किया गया। भारत केयर्स ष्ट्स्त्र्व्हङ्ग की सामाजिक कार्यान्वयन शाखा है, जो अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में समुदायों की बेहतरी के लिए विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों पर काम कर रही है। एसटीईएम ऑन व्हील्स पहल, जो भारत के लिए एसटीईएम का एक हिस्सा है, का उद्देश्य छात्रों को नवीन और व्यावहारिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर जनरल मैनेजर शार्प बिजनेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रुचिका गर्ग ने बताया कि एसटीईएम ऑन व्हील्स के द्वारा नोएडा गौतम बुद्ध नगर के 10 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 1300 से अधिक छात्रों तक पहुंचेंगे।

भारत केयर्स का लक्ष्य अत्याधुनिक उपकरणों और आकर्षक शैक्षिक सामग्रियों से सुसज्जित एक मोबाइल इकाई के माध्यम से इंटरैक्टिव शिक्षण अनुभवों को सुविधाजनक बनाना है। यह छात्रों की व्यावहारिक समझ को बढ़ाने, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान कौशल को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक एसटीईएम शिक्षा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि नोएडा के 10 स्कूलों तक पहुंचकर, हम एसटीईएम विषयों की आकर्षक दुनिया के प्रति युवा मन की जिज्ञासा को प्रेरित और प्रज्वलित करने के लिए प्रयासरत हैं। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, संबंधित अधिकारीगण, शार्प बिजनेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान५ के अंतर्गत जनपद में संस्कृति उत्सव 2023 का होगा आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतम बुद्ध नगर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शास्त्रीय एवं लोक संगीत की उपयुक्त पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के सभी अंचलो में कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार मंच प्रदान करते हुए उनको प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व ÷हमारी संस्कृति हमारी पहचान÷ के अंतर्गत संस्कृति उत्सव-2023 को लेकर 25 से 30 दिसंबर 2023 तक तहसील मुख्यालय, 01 से 05 जनवरी 2024 तक जनपद मुख्यालय तथा 10 से 15 जनवरी 2024 तक मंडल मुख्यालय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के इच्छुक कलाकार आगामी 20 दिसंबर 2023 तक संस्कृति विभाग की वेबसाइट https://upculture.up.nic.in से आवेदन का प्रारूप प्राप्त कर विभागीय मेल आईडी upcultureutsav@gmail.com पर अपना आवेदन प्रेषित कर सकते हैं। उक्त प्रतियोगिता के संबंध में अधिक जानकारी के लिए भी संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर विजिट करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

संस्कृति उत्सव 2023 को जनपद में सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय समिति का भी गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति महोत्सव का आयोजन तहसील स्तर पर दिनांक 25 से 30 दिसंबर 2023 तक करते हुए विजेताओं की सूची संबंधित पोर्टल/ईमेल आईडी एवं सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गौतम बुद्ध नगर के मोबाइल नंबर 7302185032 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## काकोरी ट्रेन एक्शन के शहीदों को भाजपाइयों ने किया नमन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा काकोरी एक्शन के अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ, रौशन सिंह जी के बलिदान दिवस पर रामलीला मैदान स्थित शहीद स्मारक पर भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियो ने पुष्पांजलि कर अमर शहीदों को नमन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा पवन कुमार मिश्र ने कहा कि काकोरी रेल एक्शन को अंजाम देने वाले शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते प्राण न्योछावर कर दिए। तीनों क्रांतिकारियों ने काकोरी रेल एक्शन को अंजाम दिया था। जिसके बाद तीनों को 19 दिसम्बर 1927 को अलग-अलग जेल में अंग्रेजी सरकार ने फांसी की सजा दे दी। उन्होंने कहा कि काकोरी रेल एक्शन के शहीदों ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दिया था। आज पूरा देश उनको याद कर रहा है।देश की आजादी के लिये उनके बलिदान को यह देश कभी नही भूलेगा। जिला मंत्री भाजपा निर्मला गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार ने शहीदों के परिजनों का सम्मान करने के साथ उनके स्मृति में शहीद स्थलों का निर्माण कराया है। काकोरी एक्शन के शहीदों के बलिदान को पूरा देश युगों-युगों तक याद रखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, अरुण कुमार मिश्र, सिमा जायसवाल, ममता शाह, डॉ विनोद पांडेय, विजय कुशवाहा, प्रिन्स शर्मा, राकेश सिंह, राजन कुमार उपस्थित रहे।

# मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी होना शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवम्बर को संविधान दिवस घोषित किया। हम लोग संविधान में दिए गए नागरिकों के लिए मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के बारे लोगो के बीच जाकर बताए और उसका अर्थ भी लोगो बताए। अगर इतना हम सब जिम्मेदार लोग कर लेते हैं तो फांसी पर चढ़े शाहीदो के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ये बाते केंद्रीय राज्य मन्त्री कौशल किशोर ने काकोरी शहीद दिवस पर कही।

बाज नगर गांव स्थित काकोरी शहीद स्मारक पर काकोरी ट्रैन एक्शन घटना में शहीद हुए क्रांतिकारियों के बलिदान दिवस की 96 वी वर्ष गांठ पर मुख्यातिथि केंद्रीय राज्य मन्त्री कौशल किशोर के साथ विधायक जय देवी, जिला अधिकारी सूर्य पाल



गंगवार ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मन्त्री ने कहा कि हम लोगो का सीना गर्व से फूल जाता है जब हम काकोरी शहीद स्मारक पर आते हैं। हिंदुस्तान के किसी भी क्षेत्र में मैं जब जाता हूं काकोरी का जिक्र करता हूँ तो सभी लोग खुश हो जाते हैं और काकोरी शहीद स्मारक को देखने की इच्छा प्रकट करते हैं। यह वह स्थान है जहाँ से ट्रेन एक्शन करके चंद्र शेखर आजाद के नेतृत्व में अंग्रेजों की जड़े हिला दी थी। इसी एक्शन के बाद देश मे बहुत तेजी से अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन शुरू हुआ। आज हम सब उनकी शहादत के कारण खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने संविधान की रचना व उसके महत्व के बारे में लोगो को बताया। साथ ही शिक्षकों व जिम्मेदार लोगों से मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के बारे बच्चों व लोगो से बताने व पढ़ाने का आह्वान किया। मंत्री ने जिलाधिकारी व विधायक के साथ राज्य अभिलेखागार विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा लगाए बाल मेला भी देखा। राम कृष्ण खत्री के तसवीर पर श्रद्धांजलि भी अर्पित कर उनके बेटे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कन्या इंटर कॉलेज व बाबू त्रिलोकी सिंह कॉलेज के बच्चो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उपजिलाधिकारी सदर व संचालन जगत नारायण पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष रवि राज लोधी, प्रधान प्रतिनिधि मिथलेश रावत समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## प्रोफेसर डा. लक्ष्मन यादव व रीतू सिंह के निष्कासन के विरोध में ज्ञापन




अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे डा लक्ष्मण यादव व डा रीतू सिंह के निष्काशन के विरोध में कानपुर के सामाजिक संगठनों का संयुक्त मंच, कानपुर (उप्र) द्वारा कचहरी स्थित कौशिक पार्क मे एकत्रित हो जुलूस निकाल कर जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुये विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कानपुर नगर को दिया। संयुक्त मंच के संयोजक गोविन्द नारायण ने बताया कि विगत 06 दिसंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के जाकिर हुसैन कॉलेज में कार्यरत प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण यादव, डा रीतू सिंह सहित अन्य प्रोफेसरों को जो अम्बेडकर विचारधारा के थे को आरएसएस के इशारे पर उनको सेवा से हटा दिया गया है, जो निन्दनीय है। वह कई वर्षो से लगातार शिक्षण कार्य कर रहे थे। उन पर किसी भी प्रकार का कोई दोष नहीं है और न ही उन्हें किसी भी प्रकार की नोटिस दी गई है। बिना किसी पूर्व सूचना के उन्हें उनके पद से निष्कासित कर दिया जाना किसी भी तरह से न्याय संगत नहीं है। इस घृनित्य कार्य के लिये पूरे देश के तमाम सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं उच्च शिक्षा में शिक्षण कार्य करने की तैयारी करने वाले प्रतियोगियों सहित सारे अम्बेडकरवादी लोगो में भारी आक्रोश है। दोनो प्रोफेसर लगभग 14 वर्षो से लगातार अपनी सेवा दे रहे थे उनकी अभी तक कोई शिकायत नही थी दोनो पढ़ाने के साथ साथ छात्रो को वैज्ञानिक सोच पैदा करते थे और यही वैज्ञानिक सोच पैदा करना आरएसएस व विश्वविद्यालय मे बैठे उनके लोगो को पसन्द नही था वह नही। चाहते थे कि कॉलोजो मे पढ़ रहे विद्यार्थीयो को जागरुक किया जाये इसलिये आरएसएस के इशारे पर उनको निकाला गया।

## शिवानंद महराजगंज ने हरियाणा के पहलवान सूबेदार मेजर को बराबरी पर रोका

अवधनामा संवाददाता

**खड्डा, कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया ब्लाक के सेखुई खास नहर स्टेडियम में धनुष यज्ञ मेला के अवसर पर विराट कुश्ती एवं दंगल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय मेला अध्यक्ष राजकुमार सिंह, व्यवस्थापक ग्राम प्रधान राजेन्द्र पाल, आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

दंगल में जनपद सहित पूर्वांचल के कई अन्य प्रदेशों से आए हुए नामी-गिरामी पहलवानों ने अपना अपना दांवपेच लगाया। जिसमें कई कुश्तियां बराबरी पर छूटी तो कई में पहलवानों ने दूसरे अन्य पहलवान को पटखनी देकर जीत हासिल की। दंगल प्रतियोगिता में सबसे बड़ी कुश्ती हरियाणा केसरी कहे जाने वाले



सूबेदार मेजर और पूर्वांचल के जिला महराजगंज पनियरा के निवासी शिवानंद के बीच सात मिनट की हुई जो काफी रोमांचकारी रहा। अंत में अपने करतब के बल पर पूर्वांचल के लाल ने बराबरी का लोहा मनवाया और बीस हजार मिले पुरस्कार अपने नाम कर ली। उस पहलवान को हरियाणा के पहलवान पीठ भी धप धपाई। इस तरह से गोरखपुर, गाजियाबाद, दिल्ली, आगरा, मेरठ, बिहार के अलावा क्षेत्रीय पहलवान और दूर दूर से आई महिला पहलवानों ने अपने प्रतिद्वद्वियों को पटखनी देकर अपने जिला के साथ नाम रोशन किया। पहलवानों की हौसला बढ़ाते श्री विधायक ने कहा कि कुश्ती भारतीय संस्कृत की पहचान है। इस कला से सिर्फ शरीर ही स्वस्थ नहीं रहता बल्कि सामाजिक समरसता की भावना भी पनपती है। इस दौरान संजय सिंह, सोनू सिंह, राजन सिंह, सुनील सिंह, संदीप कुशवाह, सूर्य जीत सिंह, रमेश गोंड, दिवाकर पाल, राजेश पाल, सुरेश सहित दूर दूर से आए दर्शक मौजूद थे। अंत में मेला व्यवस्थापक राजेन्द्र पाल ने सभी को आभार प्रकट किया।

## जिलाधिकारी ने बिठूर महोत्सव के आयोजन को लेकर की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जनपद में बिठूर महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बिठूर महोत्सव का आयोजन 09 फरवरी से 11 फरवरी, 2023 के मध्य किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में बिठूर महोत्सव के अंतर्गत फूड कोर्ट, हैन्डीक्राफ्ट प्रदर्शनी, किड्स प्ले जोन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित बिठूर महोत्सव के सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में सुचारू रूप से आयोजन किए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रारंभिक तौर पर स्पान्सरशिप समिति, कार्यक्रम समिति आदि का गठन किया जाए। पर्यटन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिठूर महोत्सव के आयोजन हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति को प्रेषित कराया जाए। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए कि लोक निर्माण विभाग एवं कानपुर विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर महोत्सव में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों हेतु स्थान चिन्हित कर रूपरेखा तैयार की जाए। उपायुक्त, जिला उद्योग केंद्र एवं सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि बिठूर महोत्सव में जनपद के विभिन्न उत्पादों/एक जनपद एक उत्पाद की प्रदर्शनी एवं फूड कोर्ट इत्यादि बनाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। बिठूर महोत्सव के आयोजन के साथ-साथ ही कानपुर बोट क्लब में बोट रेस एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम/ प्रतियोगिताओं का आयोजन के भी निर्देश दिए गए।

## टीबी की जानकारी देकर मेट्रो कर्मचारियों को टीबी चैंपियनस ने किया सचेत

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** अगर दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आ रही है, बुखार बना रहता है, वजन घट रहा है, भूख नहीं लगती है तो टीबी की जांच अवश्य कराएं। जांच में यदि टीबी की पुष्टि होती है तो घबराएं नहीं क्योंकि इसका पूर्ण इलाज संभव है। टीबी को छिपाने पर एक मरीज उपचार न होने के कारण एक साल में दस से पंद्रह स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है। ऐसे में इसे छिपाने की नहीं बल्कि इस के इलाज की जरूरत है। यह जानकारी क्षयरोग से ठीक हो चुकीं टीबी चैंपियन दुर्गा सैनी ने बड़ा चौराहा में चल रहे मेट्रो निर्माण के दौरान वहां मौजूद कर्मचारियों व मजदूरों को दी। इस दौरान मेट्रो के स्वास्थ्य अधिकारी मिलन सरकार व डॉ अंकुर कनौजिया सहित सहयोगी संस्था वर्ल्ड विज़न के जिला समन्वयक राम राजीव सिंह मौजूद रहे। साथ ही वहां मौजूद जिला पुरुष अस्पताल, उर्सला के वरिष्ठ



उपचार पर्यवेक्षक (एसटीएस) राजेश विष्नोई व विवेक मौर्य ने बताया की कहा कि यह रोग किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। इसलिए चिकित्सक के परामर्श के अनुसार दवा का नियमित रूप से सेवन करें। यह जरूर ख्याल रखें कि दवा को बीच में छोड़ना नहीं है, नहीं तो टीबी गंभीर रूप ले सकती है। ऐसी स्थिति में इलाज लंबा चल सकता है। वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना प्राथमिकता जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ आरपी मिश्रा (डीटीओ) का कहना है कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक टीबी का संक्रमण न फैले इसके लिए आवश्यक है कि उच्च जोखिम समूहों जैसे मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों, ईंट भट्ठा श्रमिकों, सेक्स वर्कर्स, कुपोषित समूहों आदि के बीच से टीबी मरीज आगे आएं और अपना इलाज पूरा करवायें। भ्रांतियों को दूर कर रहे टीबी चैंपियन उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश्वर सिंह बताते हैं कि टीबी का इलाज संभव है, लेकिन अब भी टीबी को लेकर लोगों में कई प्रकार की भ्रांतियां हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने और क्षय रोगियों का मनोबल बढ़ाने के लिए जनपद में टीबी चैंपियन अपना अनुभव साझा कर रहे हैं। वह अपने अनुभवों से उन्हें बता रहे हैं कि टीबी का उपचार संभव है।

## अखिलेश यादव परिवार के लिए मसीहा हैं: अभिमन्यु

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** पूर्व मुख्यमंत्री और सपा राष्ट्र अध्यक्ष अखिलेश



यादव ने किसान बाबू सिंह यादव की बेटियों के लिए आर्थिक मदद भेजी है जिसको की आज सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने दिवंगत किसान के परिवार को उनके निवास पर सौंपा। सपा राष्ट्र अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 5 लाख की आर्थिक मदद भेजी है। मामले के लिए लगातार संघर्ष कर रहे सपा नेता अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की जब सपा प्रमुख किसान के घर पर आए थे तो उन्होंने खुद बेटियों को पार्टी की तरफ से आर्थिक मदद देने के लिए कहा था। उस ही कड़ी में आज सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने परिवार के लिए आर्थिक मदद दी। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने जानकारी दी की घटना के दिन से ही सपा प्रमुख लगातार इस मामले पे नज़र रखे हैं और कई बार इस मामले को उठाकर बेटियों के लिए न्याय की मांग करते हैं। अखिलेश यादव ने नेता विपक्ष की हैसियत से सदन में भी मुख्यमंत्री की मौजूदगी में मुद्दा उठाया था। सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम ने कहा की समाजवादी पार्टी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव परिवार के साथ न्याय की लड़ाई में अंत तक खड़े मिलेंगे।दिवंगत किसान बाबू सिंह यादव की पत्नी और बेटियों ने अखिलेश यादव और सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम को धन्यवाद देते हुए कहा की लगातार सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री परिवार के लिए आवाज उठा रहे हैं। बेटियों ने आत्महत्या मामले में मुख्य आरोपी भाजपा नेता प्रियरंजन आशु को हाईकोर्ट से मिली राहत खत्म हो जाने के लगभग 8 दिन बाद भी गिरफ्तार न करने के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

## समाजवादी पार्टी कांग्रेस का ही दूसरा रूप है: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के मुखिया हों या उनकी पार्टी के दूसरे नेता, सपने दिखाने में इनका कोई सानी नही। इनकी सारी राजनीति झूठ पर टिकी हुई है। सबकुछ किनारे कर सिर्फ पीडीए की ही बात की जाए तो सच सामने आ जाता है। न कोई एजेंडा न कोई घोषणापत्र बस कोरी बयानबाजी।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी कांग्रेस का ही दूसरा रूप है। एक जैसे नेता एक जैसी विचारधारा और करनी भी एक। झूठ बोलने में बेहद माहिर। शायद कांग्रेस समाजवादी पार्टी की जनक है। कोरी बयानबाजी कर सपा के नेताओं ने पसमांदा मुसलमान को दशकों तक बरगलाने का काम किया। जब यहां फेल हो गए तब पिछड़ा



दलित अल्पसंख्यक यानी पीडीए के भले की सोंच रखकर एक बड़े समाज को अपने पक्ष में करने का प्रयास शुरू लिया। सपा के मुखिया यह क्यों भूल जाते हैं कि किसी भी समाज का वोट हासिल करने के लिए पुराने सिद्धांत अब बेकार हो गए हैं अब बिना किसी प्लान व एजेंडे के इतने बड़े समाज को उल्लू नही बना सकते। इन दोनों कामो में समाजवादी पार्टी अब तक फेल नजर आई है। पीडीए को लक्ष्य तो बना लिया पर उनके लिए अब तक किया कुछ भी नही और न ही कोई स्पष्ट नीति ही है। इससे जाहिर है कि सपाई एक बार फिर पीडीए समाज को वोटबैंक बनाने के फेर में हैं।

## केंद्रीय शिक्षा बोर्ड को महाराष्ट्र से मिली मान्यता

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ के सआदत गंज के बुनियाद बाग में स्थित केंद्रीय शिक्षा बोर्ड ने



सफलता का नया शिखर तय किया है। इस बोर्ड को महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी ने 10वीं तक की NCERT पद्धति से शिक्षा देने मान्यता दे दी है। इसके बाद केंद्रीय शिक्षा बोर्ड अब छात्रों को 10वीं तक लगभग हर विषय की शिक्षा दे सकेगा। केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के प्रबंधक अध्यक्ष सैयद परवेज हुसैन रिजवी ने बताया कि वह काफी पहले से शिक्षा जगत में काम कर रहे हैं। लेकिन अभी तक मान्यता नहीं मिलने से काफी काम अधूरे रह जा रहे थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड से मान्यता मिलने के बाद छात्र-छात्राओं को हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, विज्ञान और गणित समेत लगभग सभी विषयों की शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए काबिल अध्यापकों को रखा गया है। सैयद परवेज रिजवी ने बताया कि उनका फोकस समाज के उन बच्चों पर ज्यादा है, जो आर्थिक तौर पर गरीबी रेखा से नीचे हैं। हम लोग ऐसे बच्चों को उनके घर से लाकर शिक्षा देने का काम करेंगे, जिससे उनका जीवन संवर सके।

## डीटीएस में निशुल्क दंत चिकित्सा कैम्प का आयोजन हुआ

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** डीटीएस इण्टर कालेज जाजमऊ में मंगलवार को चिकित्सक मोहम्मद



असलम डेन्टल क्लीनिक द्वारा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर के दौरान छात्र/छात्रों के मुंह एवं दांत की जांच की गई। डा0 मोहम्मद असलम दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ व उनकी टीम ने की। जांच के दौरान को मुंह एवं दांतों के देखभाल एवं रोगों से बचाव के लिए उचित परामर्श दिया गया। डॉक्टर मोहम्मद असलम ने मुंह एवं दांत में होने वाली बीमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया व दांतों की देखभाल के लिए विशेष रुप से जानकारी बच्चों को दी। उचित देखभाल एवं साफ-सफाई से मुंह एवं दांत में होने वाले कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है यदि मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श लेनी चाहिए ताकि इससे बाद में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। चिकित्सक टीम में डा महमूद असलम, डा फ़ैज़ असलम, फराह असलम, डा अविनाश, डा पंकज रहे कैम्प प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक रहा। डेन्टल कैम्प में मुख्य रुप से डीटीएस इण्टर कालेज के प्रबंधक हाजी रिज़वानउल्लाह, प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान, डा एचएम तौफीक, अशफाक खान, अलीमुज़्ज़फ़र, शब्बीर खान, एच यू खान, खालिद लारी, एमएच खान, जमशेद खान, अब्दुल रहमान, अफ़ज़ाल अहमद, मोहम्मद अतीफ, मोहम्मद मोनिस, मोहम्मद फिरोज़, मोहम्मद कामरान उपस्थित थे।

## ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की वार्षिक पत्रिका श्रम संचिता का विमोचन

**कानपुर।** भारत सरकार गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के आदेश अनुसार आयुध निर्माणी कानपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारी की सृजनात्मक अभिरुचि को मंच उपलब्ध कराने के लिए आयुध निर्माणी की राजभाषा पत्रिका श्रम संचिता के 31वें संस्करण का विमोचन राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आयुध निर्माणी के कार्यकारी निदेशक अजय सिंह के द्वारा किया गया, पत्रिका विमोचन के अवसर पर महाप्रबंधक संदीप कन्हाई, एसके सिंह, ज्योति त्रिवेदी (राजभाषा अधिकारी) आरपी त्रिपाठी, विजयाकर मिश्रा आदि के साथ कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं मोहम्मद मेहदी जफ़र मेंहदी पुत्र जफ़र मेहदी नज़ीर हसन निवासी- ग्राम व पोस्ट-हल्लौर, थाना - डुमरियागंज, जिला- सिद्धार्थनगर को अब से मोहम्मद मेहदी पुत्र जफ़र मेहदी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मोहम्मद मेहदी**
**पुत्र-जफ़र मेहदी**
**निवासी- ग्राम व पोस्ट-हल्लौर**
**थाना - डुमरियागंज,**
**जिला-सिद्धार्थनगर- 272191**


## वर्तमान युग रामराज्य का ही है: परमानंद

अवधनामा संवाददाता

**जालौन।** राम जन्मभूमि न्यास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी युगपुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद जी गिरी महाराज ने संपूर्ण देशवासियों से आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दीपावली की तरह मनाने का संदेश दिया है। स्थानीय स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन हेतु नगर प्रवास पर आए स्वामी जी स्थानीय अखंड परमधाम आश्रम में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

स्वामी परमानंद जी महाराज ने कहा कि जनमानस की जागरूकता से आज यह समय आया है। पूर्व में तुष्टीकरण में लगी सरकारें कारसेवकों पर गोली चलाती थीं। आज हिंदू जागरुक हुआ है उसी जागरूकता के परिणाम स्वरुप हिन्दू समाज के अनुकूल सरकारें आयी हैं और सभी बाधायें दूर हुयी, भव्य राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग रामराज्य का ही है। राम का इतिहास जन



कल्याण का है। भगवान परशुराम ने भी प्रभु श्रीराम की वंदना की है। स्वामी परमानंद जी ने आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में प्रश्न के जवाब में कहा कि अब हिंदू समाज बरगलाने में नहीं आएगा। विपक्ष कितने भी गठबंधन कर ले उसे सफलता नहीं मिलेगी। सनातन धर्म के प्रश्न पर स्वामी परमानंद जी ने कहा कि सनातन धर्म विश्व कल्याण के लिए है, सनातन कभी भी दूसरों का बुरा नहीं सोचता है।श्री मद्भागवत की महिमा का भी उन्होंने वर्णन किया है।आध्यात्मिकता की ओर जाते हुए स्वामी परमानंद जी ने कहा कि मनुष्य का जन्म दो प्रकार से होता है, एक मां के गर्भ से, दूसरा शास्त्रों द्वारा प्रदत्त संस्कारों से। इस अवसर पर उपस्थित गुरु महाराज के उत्तराधिकारी एवं कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी ने कहा कि राम के बिना हमारा जीवन अस्तित्वहीन है। उन्होंने देश के युवाओं से आगे बढ़कर हिंदू समाज को संगठित करने हेतु समर्पण की अपील की। उन्होंने सम्पूर्ण हिन्दू समाज से कहा कि आपके वोट की ताकत से ही आज भव्य राम मंदिर निर्माण हो रहा है। आगे मथुरा और फिर काशी विश्वनाथ भी विवाद रहित होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू जागरूक रहा तो भविष्य में आगरा का ताजमहल भी तेजोमहालय के रूप में हिंदू समाज को प्राप्त होगा।

## संसद के इतिहास में पहली बार 141 विपक्षी सांसद किये गए सस्पेंड

- **अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया ने बताया लोकतंत्र की हत्या**
- **विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है भाजपा सरकार: अभिषेक मिश्रा**

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संसद में सुरक्षा चूक को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर सवाल उठा रही है, विपक्ष के सांसद लगातार इस बाबत गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे हैं। इसी मुद्दे पर दोनों सदनों में हंगामा हो रहा है, जिसको लेकर संसद से सिर्फ दो दिनों में अब तक 141 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सांसदों के निलंबन पर श्रावस्ती लोकसभा से समाजवादी पार्टी के युवा व कद्दावर नेता अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया ने सरकार पर सीधे निशाना साधा है।



उन्होंने कहा यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। वे विपक्ष-मुक्त संसद चाहते हैं, वे बिना किसी चर्चा के अपने विधेयकों को पारित करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि यह संसदीय लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है और सिर्फ लोकतंत्र की हत्या है। ये देश के नागरिकों की आवाज पर प्रहार है, इस तरह के फैसले सरकार की नाकामी को दर्शाते हैं। गौरतलब है कि संसद में शीतकालीन सत्र चल रहा है, जहां संसद में सुरक्षा चूक का मुद्दा थम नहीं रहा है। विपक्ष लगातार संसद में इस मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहा है। जिसको लेकर विपक्षी सांसदों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। संसद के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब सदन से 141 सांसदों को निलंबित कर दिया गया हो। लोकसभा और राज्यसभा से मंगलवार को विपक्ष के 49 सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया। इससे पहले सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा के 78 विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही अब तक 141 सांसदों पर एक्शन लिया जा चुका है। इस एक्शन को भारतीय संसद इतिहास का सबसे बड़ा एक्शन माना जा रहा है।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-7, जल कल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 174/EE-7/L.J.S/2023-24 दिनांक : 19/12/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जल कल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरुप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनाँक 26-12-2023 को 3:00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 26.12.2023 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सांय काल खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत लवकुश नगर में म0सं0 D-2177 के सामने भरत पार्क में समरसेबिल रिबोर का कार्य। | 200.00 | 3300.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-7 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-7**
**जल कल विभाग, लखनऊ**

# उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण जागरूकता में स्वच्छता अभियान




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण जागरूकता में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नया घाट, रेलवे स्टेशन, अयोध्या, की सफाई का आयोजन किया गया, सफाई अभियान में अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका निभाई, इस कार्यक्रम में मुस्कान मानसिक मंदित विद्यालय के दिव्यांगजन छात्र- छात्राओं , शिक्षकों, एवं संस्था के पदाधिकारी पूनम झा उत्कर्ष ग्लोबल फाऊंडेशन, लखनऊ, रमेश चंद्र भट्ट, कार्तिक , रानी अवस्थी दिव्यांगजन स्कूल प्रबंधक, रायगंज,अयोध्या, बागी शुक्ला उपर नगर आयुक्त, कौशल किशोर स्वास्थ्य निरीक्षक रेलवे स्टेशन अयोध्या, संदीप सुपरवाइजर रेलवे स्टेशन अयोध्या तथा क्षेत्र के आम लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में स्वच्छता के प्रति संकल्पित होना, एवं व्यवहार में बदलाव लाना है ताकि नगर एवं देश को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया जा सके, इस अवसर पर महापौर जी ने लोगों को अपने दायित्व निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

## जिलाधिकारी ने अयोध्या धर्म पथ तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सहादतगंज से लेकर अयोध्या धर्म पथ तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एनएच 27 के दोनों तरफ निर्माणाधीन सर्विस लेने के कार्य में और तेजी लाने तथा सर्विस लेन के दोनों तरफ तथा मार्ग के मीडियन को साफ-सुथरा करने की निर्देश दिए। उन्होंने सर्विस लेने के बगल बच रही भूमि की भी उपयोगिता सुनिश्चित करने तथा नियमित संपूर्ण मार्ग पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पं. दीनदयाल चौक पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ




*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज- अयोध्या।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को पंडित दीनदयाल चौराहा वार्ड नंबर 5 में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लोगो को 17 से अधिक योजनाओं से लाभांवित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा प्रदान की गई।मुख्य अतिथि पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने लाभार्थियों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी एवं योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में समस्त जानकारी जनता को उपलब्ध कराई। एमएलसी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिया गया और उसी दिशा में देश आगे बढ़ रहा है।÷उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के विगत साढ़े नौ वर्ष गरीब कल्याण के वर्ष रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक सौ तीस करोड़ देशवासियों को विकसित करने की यात्रा है। उन्होंने कहा भारत की आत्मा गांव में बसती है, भारत गांव का देश है। हमारी परम्परा में दो महत्वपूर्ण विधाएं है ऋषि और कृषि। ऋषि हमारे जीवन जीने की दिशा तय करते है। कोई भूखे पेट न सोये, कोई खुले आसमान के नीचे न सोये, सभी को रहने के लिए आवास मिले,रोटी-कपडा-मकान का प्रबंध हो इसके लिए अन्न पैदा करने का काम किसान करता है। पं दीन दयाल के सपने थे गांव, शहर, मौहल्ले के अंतिम छोर पर खडा व्यक्ति जिसको घर बैठे न्याय नहीं मिलता है, जिसकी बात नहीं सुनी जाती है जो शोषित, पीडित तथा उपेक्षित है तथा अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पा रहा है उसी के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत के नेतृत्व में आज यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा आई है।उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी प्रधानमंत्री ने दी है। उप्र में अपराधी अपराध करना भूल गया है। इस मौके पर पांच लोगों को घर की चाबी मिली तो खिल उठे लाभार्थियों के चेहरे वही 20 लाभार्थियों को नगर पंचायत द्वारा?20000 का मुद्रा लोन भी दिलाया गया है। इस मौके पर एमएलसी डॉक्टर हरिओम पांडेय एवं अवधेश बादल को नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी इंद्रभान द्वारा अंग वस्त्र एवं श्री राम जन्मभूमि का मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी इंद्रभान भाजपा नेता अवधेश बादल पंकज सिंह सियाराम वर्मा मगनलाल वर्मा गजेंद्र दुबे ओमप्रकाश सोनी संजय पराग राजन सोनी अवधेश स्वर्णकार रविंदर यादव आलोक गुप्ता अशोक वर्मा शिव शंकर वर्मा प्रसूनलता सिंह डॉ पी एन सिंह मौजूद रहे।

## किस मद से कराई गई इंटरलॉकिंग ग्राम सचिव को पता नहीं

**रामपुर भगन -अयोध्या।** बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीतनपुर में लगभग एक माह पूर्व कराए गए इंटरलॉकिंग में गड़बड़ झाला। चर्चा है कि ब्लॉक प्रमुख कोटे से इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया है यह इंटरलॉकिंग एक निजी अस्पताल तक ही सिमित है आगे खेत खलियान को जाने के लिए किसानों को रास्ता नहीं है गांव के कुछ लोग कह रहे हैं कि लगभग 15 मीटर और आगे तक कार्य कराया गया होता तो गांव के किसानों को अपने खेत तक जाने आने की भी सुविधा हो जाती। गांव के बुद्धिजीवियों ने बताया कि यह इंटरलॉकिंग किस मद से करायी गई है ये कोई जिम्मेदार बताने को तैयार नहीं है इस बाबत पूछने पर ग्राम सचिव भीम सिंह रौनक ने बताया की हमें भी जानकारी नहीं है की चितवन हॉस्पिटल को जाने वाले रास्ते की इंटरलॉकिंग किस मद से करायी गई है।

## सिंचाई विभाग की लापरवाही का नतीजा झाड़ियों से पटी माइनरें, सफाई की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**बेलहरा बाराबंकी।** फतेहपुर शारदा सहायक नहर से निकली क्षेत्र की कई माईनरें शिल्ट और झाड़ियों से



पटी पड़ी हैं। इससे खेतों तक पानी पहुचने में बाधा उत्पन्न होता है। माइनरों का पानी ओवर फ्लो हो जाता है जिससे फसलें अक्सर डूब जाती हैं और किसानों की सैकड़ों एकड़ फसल नष्ट हो जाती है। किसानों ने माइनरों में पानी छोड़ने से पहले उनकी सफाई कराने की मांग की है। फतेहपुर तहसील क्षेत्र में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने हेतु करोड़ो रुपए खर्च कर माइनरें बनाई गई है ताकि फसलों की आसानी से सिंचाई हो सके लेकिन इलाके की तमाम माइनरें विभागीय लापरवाही का शिकार हैं। वहीं फतेहपुर क्षेत्र अंतर्गत नन्दरासी गांव के पश्चिम दिशा से निकली माइनर इन दोनों पूरी तरह से जंगल झाड़ियों से पटी पड़ी है लेकिन इसकी ओर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। गांव के किसान महेंद्र प्रताप सिंह,नरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, शिव कुमार ,बिजय कुमार आदि का कहना है कि माइनरों की सफाई न होने से किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंच पाता है। बिना सफाई के माइनर में पानी छोड़ दिया जाता है जो ओवर फ्लो होने के कारण खेतों में बहने लगता है और फैसले नष्ट हो जाती है लेकिन सिंचाई विभाग पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता। किसानो की मांग है कि नहर में पानी छोड़ने से पहले उसकी साफ सफाई कराई जाए ताकि खेतों तक आसानी से पानी पहुंच सके और और उन्हें नुकसान न उठाना पड़े।

# अयोध्या को भव्य रूप देने में लगा नगर निगम

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम जन्म भूमि के गर्भगृह में 22 जनवरी को आयोजित होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने की दिशा में योगी सरकार लगातार जुटी हुई है। इस ऐतिहासिक आयोजन की भव्यता एवं ऐतिहासिक पलों के साक्षी बनाने के लिए देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व प्रतीक्षा में है।

इस आयोजन में देश-विदेश के अति विशिष्ट, विशिष्ट अतिथियों का आगमन प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस स्वर्णिम अवसर पर अयोध्या धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधा प्रदान करने के लिए नगर निगम अयोध्या सतत प्रयास कर रहा है। इसके लिए नगर निगम अयोध्या की ओर से कार्य योजना तैयार की गई है। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि सड़कों, मार्गो नाले व नालियों को सुदृढ़ किया जा रहा है। 25 मार्गो के दुरुस्तीकरण का कार्य 2362.58 लाख की लागत से कराया जा रहा है।अयोध्या धाम परिक्रमा मार्ग के निकट स्थित 32 संपर्क मार्गों को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से आच्छादित करते हुए दुरुस्तीकरण का कार्य 1997.66 लाख की लागत से कराया जा रहा है। अयोध्या धाम में जल भराव की समस्या के निदान एवं सम्यक जल निकासी के लिए248.61 लाख की लागत से पांच नालों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में अयोध्या धाम में स्थित खुली नालियों को आरसीसी पिट कवर के माध्यम से ढकने का काम किया जा रहा है। जिस पर 1014.51 लाख की लागत आई है। नगर निगम पेयजल की व्यवस्था उत्कृष्ट सफाई की व्यवस्था अन्य आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं




करने में लगा है। संपूर्ण अयोध्या धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए एक लाख झोले का वितरण किया जा रहा है। स्वच्छता जागरूकता के लिए विद्यालयों में सघन अभियान चलाया जाना है। जनमानस को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूक यात्रा अवधपुरी अति रुचि बनाई को चलाया जा रहा है। आम जन को घरों से निकलने वाले कूड़े को डोर टू डोर कलेक्शन के सफाई मित्र को दिए जाने के लिए प्रेरित करना,क्ष सामाजिक संगठन एवं व्यापारी संगठनों से जन संवाद स्थापित कर अयोध्या को स्वच्छ एवं पॉलीथिन मुक्त किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।उत्कृष्ट सफाई के लिए अयोध्या को 10 सेक्टर में विभक्त किया गया है 1500 अतिरिक्त सफाई मित्रों को नियोजित किया जा रहा हैअयोध्या धाम क्षेत्र में जन सुविधा की दृष्टिगत 1000 स्थाई टारगेट वह 500 अस्थाई टॉयलेट बनाए जा रहे हैं। पेयजल के लिए भी 22 स्थान पर वाटर किओस्क व 50 वाटर टैंक लगाए जा रहे हैं।

## पूर्व पार्षद अजीत सिंह पर लगा पास्को एक्ट, नहीं हो रही गिरफ्तारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** थाना कोतवाली नगर के अंतर्गत नानकपुरा हैदरगंज निवासी दर्शन सिंह पाल ने अपने छोटे भाई पूर्व पार्षद अजीत सिंह पर आरोप लगाया है कि वह पुश्तैनी प्रॉपर्टी में हिस्सा नहीं दे रहा है उनका कहना है कि यह मकान और दुकान मेरे द्वारा ही बनवाया गया था और मैं कुछ दिनों से बाहर रह रहा हूं जब भी प्रॉपर्टी में हिस्से की बात करता हूं तो वह धमकी देते रहते हैं दर्शन सिंह पाल का कहना है कि उनको पहले दुकान मिली थी और एक कमरा लेकिन बाद में भी उनका छोटा भाई अजीत सिंह पूर्व पार्षद भाजपा नेता ने उसको भी कब्जा कर लिया उन्होंने कहा कि 2015 में मैं बंटवारा का केस भी दायर किया था जो अभी चल रहा है उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी को लेकर ही अजीत सिंह पर 420,376 सहित कई धाराओं में मुकदमा भी दर्ज है कई मामलों में जेल भी जा चुका है शहर के लोगों पर दबाव बनाकर धन उगाही भी करता है। दर्शन सिंह पाल ने कहा अजीत सिंह ने धोखे से सारी प्रॉपर्टी अपने नाम कर ली थी जिसकी शिकायत मैंने मुख्यमंत्री व जिले के आला



अधिकारियों तक कई बार शिकायत किया लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है मैं चाहता हूं मुझे न्याय मिले और प्रॉपर्टी में सभी भाइयों को बराबर हिस्सा मिले।

## तालाब में गिरी अनियंत्रित कार मां बेटे की मौत, चार अन्य ट्रामा सेंटर रेफर

*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** मांगलिक कार्यक्रम से लौट रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में गिर गई। हादसा देख पहुंचे ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद कार में फंसे आठ लोगों को बाहर निकाला। हादसे में गम्भीर रूप से जख्मी मां-बेटे की



मौत हो गई, जबकि अन्य चार घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रामनगर के चंदनापुर निवासी दिनेश ने रानी बाजार कस्बे में अपना नया मकान बनवाया था। सोमवार को नए मकान का गृह प्रवेश था। देर रात करीब 11 बजे दिनेश के परिवार के लोग वैगन आर कार से वापस चंदनापुर गांव जा रहे थे। बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर अंबिका स्कूल के निकट कार अचानक अनियंत्रित हो गई और हाईवे किनारे बने अमृत सरोवर तालाब में जाकर डूब गई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस-एंबुलेंस को बुलाया गया। कार सवार सभी आठ लोगों को बाहर निकाला गया और सीएचसी रामनगर पहुंचाया। यहां से सभी को जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन तब तक नीलम (40) पत्नी पप्पू व उसके पुत्र अमन (11) की मौत हो चुकी थी। गंभीर हालत में दीपू की पुत्री अर्पिता (10), अनामिका (13), आकांक्षा (8), अंजली (7) को लखनऊ रेफर कर दिया गया। दीपू और उसकी पत्नी शारदा की हालत ठीक है। पुलिस ने बताया कि चार बच्चों की हालत अभी नाजुक है।

## मरम्मत कार्य मे ठेकेदार की मनमानी से आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन, काम रुकवाया

**मसौली बाराबंकी।** लोक निर्माण विभाग खण्ड प्रथम द्वारा ग्राम गोड़ारी स्थित कल्याणी नदी से लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग तक हो रहे विशेष मरम्मत कार्य मे ठेकेदार द्वारा बरती जा रही मनमानी से आक्रोशित ग्रामीणों ने काम रुकवाते हुए मानक के अनरूप कार्य करने वाले के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। बताते चले कि 24 किमी0 लम्बे लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग से ग्राम गोड़ारी कल्याणी नदी तक कई वर्ष पूर्व बनी सड़क गड्ढे मे तब्दील हो गयी थी वर्तमान समय मे उस पर लोक निर्माण विभाग खण्ड प्रथम द्वारा विशेष मरम्मत का कार्य चल रहा हैं सड़क निर्माण में लगे ठेकेदार की मनमानी और अधिकारियों की लापरवाही से सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही नहीं है. जिसकी वजह से सड़कों के बनते ही उखड़ने लगी हैं जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है सड़क बनने के दौरान घटिया निर्माण को देखकर ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और सड़क अच्छे से बनाने के लिये ठेकेदार से कहा लेकिन ठेकेदार के मनमानी पर उतारू होकर मानक को दरकिनार मनमाने तौर पर कार्य कराया जा रहा हैं डस्ट मे काफी कम मात्रा में डामर का मिश्रण कर सड़क पर डाला जा रहा हैं जिससे एक ओर सड़क बनती और दूसरी ओर उखड़ रही है निर्माणाधीन सड़क में पतली डामरीकरण किया जा रहा है। नवनिर्मित सड़क पर खाली पैर को रगड़ने से डामर की परत निकलने लगी है। मंगलवार को ग्राम प्रधान आशीष कुमार, उमेश चंद्र, राजेश राजपूत, विक्रम राजपूत, राम रतन राजपूत, तिलकराम रावत, राम मिलन रावत, सत्यनाम रावत, लवकुश, सत्यनाम प्रजापति, कल्लू रावत सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क निर्माण मे हो रही मनमानी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

# नहरों मे पानी न होने से किसान परेशान, फसलों को पानी का इंतजार

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** रबी फसल की सिंचाई के लिए वर्तमान में क्षेत्र की नहरों मे पानी न होने से किसान परेशान है। किसानों को नहर के पानी की आवश्यकता है लेकिन क्षेत्र की नहरे सूखी पड़ी हुई है। उसमें अब तक पानी नहीं आया है। सिंचाई नहीं होने से किसानों की गेहूं तिलहनी एव दलहनी की फसल की सिंचाई नही हो पा रही है। शारदा सहायक शाखा बाराबंकी से निकली 17 किमी0 लम्बी मसौली रजबहा नहर से आधा दर्जन अनखा, हेतमपुर, अमदहा, धरौली, मुंजापुर एव बांसा माईनर नहरे निकली है जो वर्तमान सुखी पड़ी हुई है किसान काफी लागत लगाकर रबी की फसलों की बुआई तो कर दी है लेकिन अब जब सिंचाई का समय आया है तो नहरों मे पानी नदारद है सैकड़ों गांवो तक इन्ही नहरों से खेतो का पानी सिंचाई के लिए पहुंचता है लेकिन नहर में पानी न आने के कारण किसान रबी सीजन की फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। स्थिति यह है कि सिंचाई नहीं होने से खेतों में नमी खत्म हो गई



है। जिससे खेतों में दरारें आने लगी हैं और जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। क्षेत्र के किसान मयाराम यादव, छोटेलाल वर्मा, सुरेश वर्मा, रामकिशुन, राममूर्ति यादव, दिलीप रावत, जगदीश प्रसाद, सियाराम आदि किसानों ने बताया की किसानों की फसल पानी के अभाव में ख़राब होने की कगार पर है। आर्थिक रूप से मजबूत किसान तो ट्यूबवेल से खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर एव गरीब किसानो की फ़सले सिंचाई के आभाव मे प्रभावित हो रही है।

## 25 दिसंबर को होगा अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कवियों का जमावड़ा

**अयोध्या।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर 25 दिसम्बर की शाम अंतराष्ट्रीय व राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियों की रचनाओं नाम होगी। सांसद लल्लू सिंह के द्वारा जीआईसी के मैदान में भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में पांच हजार लोगो के बैठने की व्यवस्था की गयी है।

सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अटल जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता व साहित्य की प्रज्जवलित रश्मि के माध्यम से दी जायेगी। वह एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ प्रखर वक्ता, कवि, पत्रकार व साहित्यकार भी थे। उनकी रचनाएं युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत्र है। जिसका अध्ययन व्यक्ति के भीतर शौर्य व पराक्रम का संचार कर देता है।

## पिकअप से भाग रहे तीन गौ तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगर क्षेत्र के सक्सेना चौराहे पर बीती रात अफरा तफरी मच गया। पुलिस और गौ तस्करों में मुठभेड़ हो गई। जिसमें पुलिस ने तीन तस्करो को दबोच लिया। बीती रात नगर के मुख्य चौराहा सक्सेना चौराहे पर पुलिस लगभग 9 बजे रात में गस्त रही थी। इसी दौरान एक पिकअप आते देख पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम द्वारा हाथ देने पर पशु तस्करों ने गाड़ी भगाते हुए फायरिंग शुरू कर दी। लेकिन तस्करों की गाड़ी सड़क किनारे एक नाले में फंस गई जिससे गाड़ी से उतरकर तीनों तस्कर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों ही गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान वहां पहुंची भीड़ ने गौ तस्करों की गाड़ी में जमकर



तोड़फोड़ की। एडिशन एसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार हुए तीनों पशु तस्कर बिहार के चंपारण के रहने वाले हैं। तीनों का नाम रूस्तम, लाल बहादुर और शाह आलम है। इन आरोपियों में से रूस्तम पुरन्दरपुर थाने का मोस्ट वांटेड अपराधी है। बता दें कि भागने के दौरान रूस्तम और लाल बहादुर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

## कसया क्वार्टर फाइनल तो गोरखपुर की टीम पहुंची सेमी फाइनल में

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार महराजगंज।** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के मैदान पर सिसवा प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित सुशीला देवी स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन एक लीग व एक क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। पहले लीग मुकाबले में केसीसी क्रिकेट क्लब कसया ने सद्दाम इलेवन क्रिकेट क्लब निचलौल को हराया। वहीं दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मंदिर बाजार क्रिकेट क्लब गोरखपुर ने केसीसी क्रिकेट क्लब कसया को हरा कर सेमी फाइनल में जगह बनाई।

पहले मैच में ऑल राउंडर प्रदर्शन करने के लिए इजहार को व दूसरे मुकाबले में भी ऑल राउंडर प्रदर्शन के लिए लालू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विवेकानंद नगर के सभासद प्रतिनिधि मुहम्मद हासिम अंसारी व अंकित चौरसिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहला मुकाबला केसीसी कसया कुशीनगर व सद्दाम इलेवन



निचलौल के बीच 8-8 ओवरों का खेला गया। जिसमें कसया की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी निचलौल की टीम के तरफ से परवेज के 49 नूरहसन के 29 सचिन के 15 तथा सद्दाम व प्रियांशु के 6-6 रनों के मदद से 8 ओवरों में 6 विकेट गंवाकर 110 रनों का लक्ष्य दिया। कसया के तरफ से मन्नू ने 3 इजहार व राना ने 1-1 विकेट हांसिल किया। जबाब में खेलने उतरी कसया की टीम के तरफ से इजहार ने 58 मुलायम ने 38 सन्नी ने 8 व सोनू ने 3 रनों का योगदान देते हुए अपनी टीम को 7 वें ओवर में ही 3 विकेट गंवाकर इस मुकाबले को 7 विकेट से जीत कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाया। दूसरा मुकाबला सेमीफाइनल के लिए कसया और गोरखपुर के बीच खेला गया। इस मुकाबले में भी कसया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला लिया। यह मुकाबला निर्धारित 10-10 ओवरों का खेला गया। बल्लेबाजी करने उतरी गोरखपुर की टीम के तरफ से लालू के 55 धरम के 24 अशरफ के 18 संगम व मोनू के 13 तथा फारूक के 8 रनों की मदद से 10 ओवर में 6 विकेट गंवाकर 137 रनों का लक्ष्य दिया। कसया के तरफ से वीरेंद्र व मन्नू ने 2-2 तथा वजायद व इजहार ने 1-1विकेट हांसिल किया।

जबाब में खेलने उतरी कसया की टीम मन्नू 26 बिट्टू 20 सोनू 17 वीरेंद्र 12 व इजहार 8 के मदद से पूरे 10 ओवर खेलने के बाद 8 विकेट गंवाकर महज 91 रन बना सकी। इस तरह गोरखपुर की टीम ने यह मुकाबला 46 रनों से जीतकर अपने टीम की जगह सेमी फाइनल में पक्की कर ली। मैच में निर्णायक की भूमिका मोहम्मद आमिर व आकाश सिंह ने निभाई।

## महराजगंज रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण की दूसरी अधिसूचना जारी

**महराजगंज।** आनंदनगर-घुघली वाया महराजगंज नई स्वीकृत रेल लाइन के लिए रेलवे ने भूमि अधिग्रहण के लिए दूसरी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक दस गांवो की 27.9201 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी। अधिग्रहण को लेकर आपत्ति तीस दिन तक स्वीकार की जाएगी। उसके बाद अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के प्रयास के बाद पीएम गति शक्ति योजना के तहत रेलवे मंत्रालय ने 52.70 किमी लंबी आनंदनगर-घुघली वाया महराजगंज स्वीकृत नई रेल लाइन परियोजना को विशेष रेल परियोजना घोषित की है। इस रेल लाइन के तैयार होने में 958.27 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसमें सिविल कार्य के लिए 875.30 करोड़ रुपये, सिग्नल व टेलीकॉम कार्य के लिए 18.17 करोड़ और इलेक्ट्रिकल कार्य के लिए 64.26 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। नई रेल लाइन विद्युतीकृत होगी। रेलवे ने नई रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण को पहली अधिसूचना बीते 29 नवंबर को जारी किया था। इसमें चार गांव घुघली बुजुर्ग, घघरूआ खडेसर, रामपुर बल्डीहा गांव में नई रेल लाइन के लिए 16.3830 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। अब भूमि अधिग्रहण की दूसरी अधिसूचना जारी हो चुकी है। इसमें दस गांव की 27.9201 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी रेलवे की जारी अधिसूचना के मुताबिक मटकोपा में 1.9896 हेक्टेयर, बरवा चमैनिया में 2.8872 हेक्टेयर, पिपरा मुंडेरी में 5.0712 हेक्टेयर, पिपराइच उर्फ पचरुखिया में 3.2817 हेक्टेयर, हरपुर में 0.0829 हेक्टेयर, विशुनपुर गबडुआ में 4.3735 हेक्टेयर, धरमपुर में 3.5961 हेक्टेयर, लक्ष्मीपुर में 6.3661 हेक्टेयर, जोगिया में 0.0933 हेक्टेयर व घुघली खुर्द में 0.178 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित होगी। दोनों अधिसूचना में अभी तक चौदह गांव में रेलवे के लिए भूमि अधिग्रहण को 44.3031 हेक्टेयर भूमि की अधिसूचना जारी हो चुकी है। आनंदनगर से घुघली तक कुल 194 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित होनी है।

# भैरहवा आई हॉस्पिटल ने हल्लौर में लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैम्प

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत हल्लौर स्थित दरगाह चौक पर भैरहवा आई हॉस्पिटल की जानिब से

**डॉक्टर की निगरानी में 200 मरीजो की आंखों का किया गया चेकअप**



निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र सहित मुकामी मरीज़ों के आंखों की जांच कुशल डॉक्टर डॉ0 लियाकत के निर्देशन में ग्राम प्रधान हल्लौर ताक़ीब रिज़वी के सहयोग से किया गया। कैम्प में कई ग्रामो के लोगो ने अपनी आँखों की जांच कराकर ड्राप के साथ चश्मा लिया। सुबह से कैम्प में मरीज़ों का तांता लगा रहा। जिसमे करीब 250 लोगों ने अपनी अपनी आंखों की जांच कराया। 22 लोगो मे मोतियाबिंद निकला जिन्हें भैरहवा आई हॉस्पिटल डुमरियागंज पर रविवार को आने के लिए कहा गया है। बताते चले कि ग्रामीण इलाकों के ऐसे मरीज़ जो पैसे की तंगी के कारण बड़े अस्पताल के डॉक्टर के पास नही जा पाते थे वे निःशुल्क मेडिकल कैम्प में में पहुँचकर विशेषज्ञ डॉक्टर से अपनी आंखों की जांच कराई। इस दौरान डॉ मनीष तिवारी, इफ्तेखार अहमद, उमी थापा, राहिब ताक़ीब, वज़ीर हैदर विलयम, जलाल अहमद के अलावा एजाज़ अहमद, मोहम्मद उमर, किसान, लल्लन मैनेजर, राशिद ताक़ीब, श्रीराम, शाहीन फ़ातिमा, कनीज़ फ़ातिमा, झिंन्रे टेलर, मोहम्मद हैदर शब्लू, कज्जु, लल्लन, इंतेज़ार अकबर, असगर शिकोह, शहनाज़ फ़ातिमा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महात्मा गौतम बुद्ध उ.मा. विद्यालय के स्काउट टीम को मिला ए ग्रेड

**सिद्धार्थनगर।** इटवा में आयोजित तीन दिवसीय 23वें जिला स्काउट गाइड रैली प्रतियोगिता में महात्मा गौतम बुद्ध उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोगिया के 16 स्काउट, स्काउट मास्टर/ प्रभारी श्याम सुंदर मल्ल और परिचारक दुर्गेश के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। जहां स्काउट टीम ने अपने हुनर दिखाते हुए ए ग्रेड प्राप्त किया है। टीम लीडर रोहित मौर्य को रैली संयोजक रमाकांत द्विवेदी और शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा ने मेडल और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया और स्काउट मास्टर श्याम सुन्दर मल्ल को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मान किया। स्काउट टीम की इस सफलता पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्विवेदी ने स्काउट टीम को उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामना दिया। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती कमला साहनी ने स्काउट टीम की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सहित पूरे विद्यालय परिवार को इस सम्मान के प्राप्त होने पर बधाई और शुभकामना दिया है।

**रेहरा व महुआखुर्द गांव में विकसित भारत का संकल्प यात्रा का आयोजन**

# पहले गरीब हटता था, आज गरीबी हट रही है: राघवेन्द्र प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता




**गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों का जीवन स्तर ऊंचा होने से भारत सहज ही विकसित राष्ट्र बनेगा**

**राघवेन्द्र प्रताप ने दिलाया भारत को विकसित बनाने का संकल्प**

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के रेहरा व महुआखुर्द गांव में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। रेहरा व महुआखुर्द गांव में राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में कहा, भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लक्ष्य हाथ में लिया है। इसमें भारत के प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों का जीवन स्तर ऊंचा होने से भारत सहज ही विकसित राष्ट्र बनेगा। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत सरकार की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं को वंचित वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ तथा जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबी का जीवन जीया है। इसलिए उन्हें गरीब का दर्द पता है। गरीब व्यक्ति की गरीबी दूर करने के लिए फ्लैगशिप योजनाएं संचालित की जा रही हैं। गरीब के हक का लाभ सीधे खाते में घर तक पहुंचाना इस सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पहले गरीब हटता था, आज गरीबी हट रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वारा मौके पर लाभार्थियों का चिन्हीकरण कर योजनाओं से जोड़ने का कार्य हो रहा है। जिला महामंत्री मधुसूदन अग्रहरि ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए यह विकसित भारत संकल्प यात्रा सार्थक सिद्ध होगी। गरीब व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा उठाकर भारत को विकसित बनाया जा सकता है। इसमें अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करना चाहिए। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पं) बृजेश गुप्ता, अमरेंद्र त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय आदि सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# डीएम ने जल ज्ञान यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जल जीवन मिशन हर घर जल जल ज्ञान यात्रा के तत्वावधान में चलाए जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा मंगलवार को जल ज्ञान यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। 3 बसो पर 10 विद्यालयों के कुल 125 बच्चों के साथ 14 शिक्षक जल ज्ञान यात्रा में सम्मिलित हुए। डीसी चंद्रपाल सोनी, डीपीएमयू अंकित पाठक, संस्था मेंसर्श फाल्कन महाराष्ट्र ने भाग लेकर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों को जल निगम ले जाकर लैब में वॉटर टेस्टिंग करना सिखाया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत कटकी विकासखंड उसका बाजार में परियोजना का अवलोकन कराया गया जल जीवन मिशन पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसमे पाइप पेयजल परियोजना के बारे में बताया और दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई जा रही पानी की टंकी और कनेक्शन लेने के लिए आदि बातों पर जानकारी दी गई। खुले में शौच करने से गंदगी हमारे घर तक कैसे आती है इन सब के बारे में जागरूक किया गया। ग्राम प्रधान राम प्रकाश यादव ग्राम पंचायत से आये सभी सदस्य गण एवं जल जीवन मिशन जिला परियोजना समन्वय तौक़ीर आज़म, गोविंद सिंह और नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने नाटक प्रस्तुत करके लोगो को जागरूक किया।

## कार्य की धीमी गति पर डीएम ने लगायी फटकार

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्य की गति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी निर्देशित किया गया की पाइप डालने हेतु सड़क के किनारे खोदे गए गढ़ो तत्काल ठीक कराया जाए जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न होअधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए आने वाली समस्याओं का तत्काल निराकरण कराए जिससे योजना में तेजी से कार्य हो सके। जनपद में वेलस्पन एवं बीटीएल दो संस्थाएं कार्य कर रही हैं। इनके आए हुए अधिकारियों से ब्लॉक बार कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान निर्देशित किया गया कि सभी ब्लॉक हेड संबंधित एसडीएम तथा खंड विकास अधिकारी से संपर्क करते हुए प्रत्येक सप्ताह मीटिंग करते हुए आने वाली बाधाओं को तत्काल दूर करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सर्वप्रथम जहां पर भी 80 प्रतिशत से ऊपर कार्य पूर्ण हो चुके हैं उसे प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण कराया जाए।

# मंत्री ने की भाजपा कोर कमेटी की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जनपद के दौरे पर सोमवार को आए जिला प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी की अध्यक्षता में भाजपा कोर कमेटी और भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग के पदाधिकारियों के साथ सांगठनिक बैठक कर संगठन की कार्यो और कार्यक्रमों की समीक्षा कर जन समस्यों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए उसके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता का आश्वाशन दिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी की अध्यक्षता में न्यू सर्किट हाउस अकबरपुर में सम्पन्न हुई भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि जन समस्याओं की समाधान के साथ ही संगठन की मजबूती के कार्य और कार्यक्रम को पूरी निष्ठा से करते रहना चाहिए। कहा कि भारत विकास संकल्प यात्रा सरकारी योजनाओं के पात्र वंचित परिवारों को उसके गांव में ही लाभ दिए जाने में बहु उपयोगी साबित हो रहा है। कहा कि भाजपा के केंद्र सरकार की 16 जन कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही प्रदेश सरकार की योजनाओं का त्वरित रूप से लाभ भारत विकास संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को मिलना भाजपा की जनता के कल्याण की ऐतिहासिक कार्य हैं। प्रभारी मंत्री को बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं ने धन क्रय केंद्रों पर हो रही किसानों को समस्या,गन्ना किसानों को चीनी मिल गेट से किसानों के गन्ना को वापस लौटाने,व्यापारियों को जी एस टी विभाग,बिजली विभाग, खाद्य एवम पुलिस विभाग द्वारा प्रताड़ित किए जाने से अवगत कराया गया। पण्डित दीन दयाल उपाध्याय और डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पद चिन्हों पर भाजपा कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने वोटर चेतना महा अभियान में कार्य को पूरा करने के बाद भारत विकास संकल्प यात्रा,संगठन की नमो ऐप अभियान के ब्रांड एंबेसडर बनाने और 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में बूथ स्तर पर मनाने का का आवाहन किया।कहा कि काम एक शतत प्रक्रिया है जो निरंतर चलता रहता है।हम सब संगठन की विचारधारा पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं।भाजपा जनसमस्याओं की समाधान के लिए सदैव प्रयासरत रहती है।2024 की लोक सभा चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं से युद्ध स्तर पर कार्य करने का आवाहन किया।

## खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ब्लाक संसाधन केंद्र इटवा में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग सिद्धार्थनगर के तत्वाधान में आयोजित खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को विकास खंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय मुडिला शिवदत्तपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें सब जूनियर, जूनियर और सीनियर बालक एवं बालिका का एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल और भारत्तोलन खेल का आयोजन किया गया। क़बड्डी में मुड़िला की टीम नें बाज़ी मारी तथा वालीबॉल में इटवा बख्शी की टीम ने प्रथम का ख़िताब लिया। 100 माँ दौड़ में अमित अव्वल् रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय मिश्रा, ज़िला पंचायत सदस्य द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौक़े पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रोशनी श्रीवास्तव, संतोष मिश्रा, शाहिद रिज़वी एवं अन्य कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

## लाखों खर्च, सामुदायिक शौचालय पर लटक रहा ताला



**पौली अवधनामा संवाददाता।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। शासन की मंशा थी सामुदायिक शौचालय बनेंगे तो जिनके पास शौचालय नही है उनको शौच के लिए बाहर नही जाना पडेगा । वह लोग इनका उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए सरकार महिला- पुरुष का अलग-अलग लाखो रुपए खर्च कर शौचालयों का निर्माण कराया।और प्रत्येक शौचालयो पर देख-रेख के लिए एक केयरटेकर तैनात किया गया। लेकिन, जिम्मेदारों की उपेक्षा के चलते ब्लाक क्षेत्र पौली के ग्राम पचायत कटहा-भिटहा मे सामुदायिक शौचालय पर लगे ताले ग्रामीणो के लिए समस्या पैदा कर दिए है। ग्रामीणो मे कटहा-भिटहा निवासी श्रीराम, रामभजन, हरिश्चंद्र, गणेश, किशमती, कैशाली देवि, राधे किशुन आदि ने बताया कि छह माह से सामुदायिक शौचालय में ताला लटक रहा है। जिससे लोगो को जहाँ मजबुरन शौच के लिए बाहर जाना पड रहा है। वही सरकार के इस योजना पर सवाल खडा हो रहा है। इस सम्बन्ध मे पुछे जाने पर एडीओ पंचायत दल सिगार यादव ने बताय सामुदायिक शौचालय पर ताला बन्द रहने कि जानकारी नही है। फिर भी यदि ताला बन्द पाया गया तो जिम्मेदार कर्मि के विरुद्ध विधिक कार्यवाई कि जायेगी।

# कौमी इण्टर कॉलेज का धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस



**टाण्डा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के प्रसिद्ध कौमी इंटर कालेज टाण्डा का स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से कॉलेज परिसर में मनाया गया।इस अवसर खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम व पूरा छात्र समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह की प्रतिनिधि के रूप में राजकीय इंटर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सुमित्रा देवी रही। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा स्वगत गीत व देश भगति से ओत प्रोत नाटक के अलावा आकर्षक सांस्कृतिक कार्य कर्म प्रस्तुत किये गए। विद्यालय में एक प्रदर्शनी भी लगाई गई और अतिथियो को बुके व शाल ओढ़ा कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर श्रीमती तारा वर्मा, हरेंद्र प्रसाद वर्मा, शकुंतला देवी, मदरसा मजरे हक़ के प्रबंधक हाजी अशफाक अहमद, प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डा अटल बिहारी वर्मा, मास्टर शान अहमद आदर्श जनता इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राम तीर्थ विश्वकर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य रमाकर मिश्र, प्रेस क्लब टाण्डा अध्यक्ष मो आज़म अंसारी आदि को सम्मानित किया गया।अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधक उबैदुर रहमान अंसारी व प्रबन्ध समिति अध्यक्ष हाजी मो हनीफ प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह ने किया।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान के तहत यातायात पुलिस ने नियमों के प्रति किया जागरूक

**ओवरस्पीड, ड्रंक एंड ड्राइविंग, तीन सवारी एवं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध की कार्यवाही**

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात, मय टीम द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत मंगलवार को बांसी, जोगिया, सनई चौराहा आदि स्थानों पर पीए सिस्टम, पोस्टर पम्पलेट आदि के माध्यम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवम कुहरा में सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया।ऑटो व ई रिक्सा यूनियन सदस्यों एवं आम जनमानस को एकत्र कर यातायात नियमों के पालन से होने वाले लाभ, सड़क दुर्घटना से कैसे बचें, शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाली असावधानी, वाहन के एन्सुरेंस व वाहन चालक के ड्राइविंग लाइसेंस होने के फायदे गिनाते हुए विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। यातायात नियम का पालन न करने वाले 48 वाहनों से 54500/-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

## मौलाना शफीक अहमद की पुण्यतिथि पर आयोजन

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मौलाना आज़ाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज के संस्थापक, नगर की प्रसिद्ध एवं बहुचर्चित उर्दू बाजार के जनक,महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर करने वाले महान शिक्षाविद,समाज सुधारक,उर्दू साहित्य के सुप्रसिद्ध लेखक, रचनाकार, प्रखर वक्ता, गरीबों के मसीहा, असाधारण व्यक्तित्व के धनी स्वर्गीय मौलाना शफीक अहमद कासमी की दसवीं पुण्यतिथि 19 दिसंबर को मौलाना आजाद गर्ल्स इण्टर कॉलेज के प्रांगण में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। आज ही के दिन 19 दिसंबर सन 2013 को मौलाना का लंबी बीमारी के बाद देहांत हो गया था। कई शिक्षण शिक्षण संस्थानों की नींव की ईट,आलीमेदीन, धर्म विशारद मौलाना शफीक अहमद कासमी की पुण्यतिथि पर मौलाना के हाथों कायम किए गए मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज जलालपुर के परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कुरान खुवानी, पौधा रोपण समेत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## प्राथमिक विद्यालय बछईपुर में लगा बाल मेला



**पौली संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिक्षा क्षेत्र पौली के प्राथमिक विद्यालय बछईपुर में बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पौली जनार्दन यादव के द्वारा किया गया।मेले में विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।खंड शिक्षा अधिकारी जनार्दन यादव ने विद्यालय परिवार व बच्चों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने बताया इस तरह के नवाचारों से बच्चों में सीखेंने की प्रतिभा का विकास होता है। ग्राम प्रधान महेंद्र यादव ने कार्यक्रम में शामिल सभी ग्राम वासियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सभी अभिभावक व बच्चे सम्मिलित हुए। राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापक विनोद कुमार पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय समय के पश्चात बाल मेले का आयोजन किया गया तथा इस मेले का उद्देश्य बच्चों में व्यवहारिक गणित व भाषा शैली का विकास करना है। इस मेले में धर्मेंद्र, सूरज कनौजिया, ऋषि शंकर, देवीचरन, उर्मिला देवी, रामकरन, देवेंद्र, बबलू, सुमित्रा, माधुरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में भक्त ध्रुव के चरित्र का वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज नगर पंचायत मुख्यालय पर चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान कथा कार्यक्रम में सोमवार की रात कथावाचक स्वामी आलोकानंद शास्त्री ने भक्त ध्रुव चरित्र का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गये। साथ ही भगवान के जयकारा लगाने लगे। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथावाचक ने भक्त ध्रुव के चरित्र का विस्तृत वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। उन्होंने बताया कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र और तीन पुत्रियां हुई। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां थीं। एक का नाम सुरुचि और दूसरी का नाम सुनीति था। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते थे। उनके पुत्र का नाम उत्तम और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव था। बालक ध्रुव एक बार पिता की गोद में बैठने की जिद करने लगता है लेकिन सुरुचि उसे पिता की गोद में बैठने नहीं देती है। ध्रुव रोता हुआ मां सुनीति को सारी बात बताता है। मां की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वह ध्रुव को भगवान की शरण में जाने को कहती हैं। पांच वर्ष का बालक ध्रुव राज्य छोड़कर वन में तपस्या के लिए चला जाता है। नारद जी रास्ते में मिलते हैं और ध्रुव को समझाते हैं कि मैं तुम्हें पिता की गोद में बैठाऊँगा लेकिन ध्रुव ने कहा कि पिता की नहीं अब परम पिता की गोद में बैठना है। कठिन तपस्या से भगवान प्रसन्न हो वरदान देते हैं। इस दौरान पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रभु



श्रीराम की कृपा से 500 सालों के हम सबके पुरखों के संघर्ष का फल मिला हैं, जिससे राम मंदिर निर्माण पर सालों से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। उन्होंने ये भी कहा कि, जहां भी राम कथा होती है। वहां पर देवी देवताओं सहित वीर बजरंग बली जी भी जरूर आते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि आने वाले 22 जनवरी को अपने नजदीकी धर्मस्थलों, मंदिरों, मठों में सामूहिक रूप से उपस्थित होकर पूजा पाठ, भजन कीर्तन, सुंदर काण्ड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती सह प्रसाद वितरण का भव्य कार्यक्रम रखें एवं अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण की व्यवस्था करें तथा संध्या में अपने घरों में दीप जलाकर दीपावली मनाएं क्योंकि उसदिन भगवान श्रीराम सैकड़ों सालों के लाखों बलिदान के फलस्वरूप इस वनवास रूपी समय के पश्चात् अपने घर में विराजेंगे। इस दौरान मधुसूदन अग्रहरि, पंडित मनश्याम मिश्रा, जगदेव अग्रहरि, राम किशोर, चंदन अग्रहरि, रमेश, प्रमोद, आशीष, पुनीत, अमित, अनूप आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का वितरण 26-27 को

**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आर के शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद के दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग सहायक उपकरण लगाये जाने एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शिविर लगाकर चिन्हांकित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस क्रम में 22 मई 2023 से 25 मई 2023 तक तहसील मुख्यालय के विकास खण्ड गौरीगंज अमेठी मुसाफिरखाना एवं तिलोई में शिविर लगाकर कुल 234 तथा मुख्य विकास अधिकारी अमेठी द्वारा 260 दिव्यांगजन का चयन किया गया। जिसमें कुल 494 लाभार्थी उपकरण हेतु चिन्हांकित किये गये है। उन्होंने बताया कि चिन्हांकित उपकरणों के वितरण स्थानीय सांसद व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा 26 दिसम्बर एवं 27 दिसम्बर 2023 को कृत्रिम अंगसहायक उपकरण चिन्हित किये गये लाभार्थियों को किया जायेगा।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का किया निरीक्षण



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलो तथा कार्यालयों का निरीक्षण किया गया जिलाधिकारी द्वारा पंच स्थानीय चुनाव कार्यालय, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, सूचना विभाग, संयुक्त कार्यालय, स्थानीय निकाय अनुभाग कार्यालय नजारत कार्यालय तथा आपदा कार्यालय का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय की साफ सफाई, फाइलों की रख रखाव तथा अधिकारी/ कर्मचारी की उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय अध्यक्ष को निर्देशित किया कि कार्यालय की नियमित साफ सफाई कराए। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया गया कि समस्त अधिकारी/ कर्मचारी कार्यालय में समय से उपस्थित रहे। तथा अपने पदीय दायित्तों का निर्वहन करे। अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे।

## उफरौली गाँव में अय्यामे फ़ातमी पर मजलिस

**जलालपुर अम्बेडकरनगर हज़रत अवधनामा संवाददाता।** मुहम्मद साहब की इकलौती बेटी हजरत फातिमा जहरा की शहादत दिवस यानी अजाए फातिमया का एक सप्ताह से जारी मजलिस व मातम का कार्यक्रम आज तहसील क्षेत्र अंतर्गत उफरौली में आयोजित मौलाना जफर अली रिजवी की मजलिस के साथ समाप्त हो गया। कार्यक्रम में अकीदतमंदों ने ऐसे आदर्श समाज की स्थापना का संकल्प लिया, जहां महिलाओं का पूरा पूरा सम्मान किया जाता हो। उफरौली में तीन दिवसीय कार्यक्रम में मौलाना परवेज कमाल कुम्मी, मौलाना जीशान अली, मौलाना जामिन अब्बास ने संयुक्त रूप से कहा कि मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा का एहतेराम अल्लाह के रसूल ही नहीं बल्कि फ़रिश्ते भी करते हैं। मजलिस से पूर्व मेहंदी जलालपुरी, मुनव्वर जलालपुरी ने पेश ख्वानी किया।



## शो मैन राजकपूर

फिल्म इन्डस्ट्री में देश और विदेश में राजकपूर ग्रेटेसेट शो मैन के रूप में जाने जाते है। उनका जन्म 14 दिसम्बर 1924 में हुआ था और मृत्यु 2 जून 1988 को हुआ। राजकपूर अपने फिल्मी कैरियर में हसोड़ अभिनेता चार्ली चैपलिन से प्रभावित थे। कुछ लोग उन्हें चैपलिन की नकल करने वाले अभिनेता मानते है। जो हो उनमें कई प्रतिभाये थे। अच्छे डायरेक्टर अच्छे प्रोडयूसर अच्छे अभिनेता थे। सिनेमा व्यापार की उन्हें अच्छी समझ थी। नरगिस जिससे उनके बहुत अच्छे और गहरे सम्बन्ध बहुत दिनों तक चले। वह कहा कहते थे मै दिल और बिजनेस बिल्कुल अलग-अलग रखता हूं। उनका आर.के.स्टूडियों बहुत शानादार था। उनमें प्रतिभा पहचान की बहुत बडी काबलियत थी।

अभी दिलीप कुमार की जन्मशती थी पूरा मीडिया खामोश रहा जब जिन्दा थे तो मीडिया उनके पीछे पागल रहता था और दर्शक भी। राजकपूर की भी शती ऐसे ही गुंजर जाती अगर उनसे सम्बन्धित सामानों, तस्वीरो, पोस्टरो और प्रतीक चिन्ह के नीलामी का बात प्रसारित न होती। राजकपूर अपने जमाने के मशहूर अभिनेता पृथ्वी राजकपूर के सबसे बड़े पुत्र थे। राजकपूर जब पढ़ रहे थे तो दसवीं की परीक्षा में फेल हो गये। अपने पिता से कहा मैं फिल्मो में काम करना चाहता हूँ फिल्म बनाना चाहता हूँ। पिता अपने पुत्र को अपने प्रोफेशन में आने की ललक देख बहुत खुश हुये। राजकपूर ने बाल कलाकार के रूप में 1935 में प्रदर्शित फिल्म इनक्लाब से की। 1947 में प्रदर्शित फिल्म नीलकमल उनकी वयस्क अभिनेता के रूप में पहली फिल्म थी। उनके फिल्म कैरियर शुरू करने का किस्सा किसी बम्बइया फिल्म जैसा ही दिलचस्प है। पृथ्वीराज कपूर ने जवान राजकपूर को पहले क्लैपर ब्वाय बनकर फिल्म की बारिकीयां समझने के लिये क्लैपर ब्वाय का काम करने की सलाह दी और उन्हें उस समय के मशहूर डायरेक्टर  केदार शर्मा की युनिट में लगवा दिया। फिल्म की शूटिंग के दौरान राजकपूर अक्सर शीशे के सामने चले जाते थे और अपने बाल संवार कर चले आते थे। उनकी ख्वाइश किसी तरह उनकी सूरत कैमरे के सामने आ जाये। एक बार इसी कोशिश में उनकी सूरत कैमरे के सामने आ गयी और क्लैप बोर्ड में अभिनेता की डाढ़ी उलझ कर गिर गयी। केदार शर्मा ने गुस्से से आकर राजकपूर को एक थप्पड़ लगा दिया। केदार शर्मा को पृथ्वीराज के बेटे को मारने का अफसोस रात भर रहा सब उन्होंने अपनी फिल्म नीलकमल में हीरो की हैसियत से साइन करा लिया।

राजकपूर ने 1949 में आर.के.स्टूडियो की स्थापना की। पहली उनकी फिल्म आग थी जिसका संगीत तो सफल हुआ पर संगीतकर गागुली से उनकी अनबन हो गई और उसे छोड़ दिया। 1949 में राज ने फिल्म बरसात की शुरूआत की। इसमें हीरो खुद थे हिरोइन नरगिस और नई अभिनेत्री निम्मी थी। इस फिल्म में राजकपूर ने कई नये कलाकारों कई क्षेत्रों में मौका दिया। निम्मी तो नई थी ही संगीतकार के रूप में शंकर और जयकिशन की जोडी थी और गीतकार के रूप में हसतजैपुरी और शैलेन्द्र की जोडी थी। इन जोड़ियों ने सिनेमा जगत में कई दशकों तक राज किया। जयकिशन और शैलेन्द्र की अकस्मिक मौत से ये जोडी टूट गयी। राजकपूर ने बाबी फिल्म में अपने पुत्र ऋषिकपूर को और डिम्पल कपाडिया को पहली बार मौका दिया साथ ही गायक के रूप में शैलेन्द्र को मौका दिया।

1952 में राजकपूर की प्रदर्शित फिल्म आवारा ने राजकपूर के नाम की धूम मचा दी देश और विदेश में भी उसका गाना आवारा हूँ खासकर रूस में खूब चला। राजकपूर ने अपने साथ नरगिस को अभिनेत्री के रूप में रखकर एक जोड़ी कायम कि यह जोड़ी कई फिल्मों में साथ रही। फिर नरगिस ने सुनील दत्ता से शादी कर ली और जोड़ी टूट गयी। नरगिस ने फिल्म से सन्यास ले लिया। राजकपूर को मुकेश की आवाज बहुत पसन्द थी। वह खुद भी मुकेश की मिलती आवाज में गाना गा लेते थे। कभी शुरूआत में मुकेश और राजकपूर एक ही गुरू से संगीत की शिक्षा ले रहे थे। फिर मुकेश फिल्म की अनेक विधाओं में शामिल हो गये। ऐक्टर भी और प्लेबैक सिंगर भी रहे। राजकपूर कि आखिरी फिल्म 1991 में हिना बनाई थी। दिल्ली में एक फिल्मी समारोह में उनकी तबियत अचानक खराब हो गई, उन्हें दमा की बिमारी थी, वह अस्पताल ले जाये गये। फिर वही वह सबको छोड़ इस दुनिया से कूच कर गये।

भारतीय सिने उद्योग में राजकपूर के योगदान लिये डेरियाज एन्ड इवेस ने 14-16 दिसम्बर तक सिलीब्रेटिंग द ग्रेटेस्ट शो मैन निलामी की घोषणा की है। इसमें राज से सम्बन्धित 51 यादगार वस्तुओं की नीलामी की जायेगी। भारतीय सिनेमा के पहले शो मैन थे राजकपूर उनके बाद इन्डस्ट्री में कई लोग शो मैन बनने की कोशिश की पर नाकाम रहे। राजकपूर भाई शम्मी कपूर और शशि कपूर हालाकि सफल ऐक्टर थे पर राज कपूर वाली चमक नही थी। राजकपूर की पार्टिया भी बहुत शानदार होती थी। होली उत्सव भी उनका लाजवाब होता था। कलकत्ता के एक संगीत सभा में मैने कई कलाकारों के साथ राजकपूर और नर्गिस को देखा था। कई और कलाकारों के साथ स्टेज पर आ रहे थे। डेविड कमेन्ट्री कर रहे थे।

हमारे बाद महफिल में अफसाने बयां होगे।
बहारे हमको टूढेगी नजाने हम कहां होगे।।

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम : प्राविधान व पयोगिता


मुहम्मद क़मर ख़ाँ

उपभोक्ता के रूप में यदि आप निम्न समस्याओं से ग्रसित हैः-

क्रय की गयी सामग्री की गुणवत्ता से असन्तुष्ट हैं। किसी चिकित्सीय षिथिलता से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हैं। भ्रामक विज्ञापनों व लुभावनी स्कीमों से प्रभावित होकर ले लिये गये निर्णय से प्रभावित हैं। अनुचित व्यापार पद्धति से हानि उठा रहे हैं। आवास विकास परिषद एवं लखनऊ विकास परिषद की आपके साथ अपनाई जाने वाली दोषपूर्ण कार्य प्रणाली के फलस्वरूप नकारात्मक रूप से प्रभावित हैं।

बैंक स्तर पर होने वाली सर्विस इरर, के कारण आपको कोई आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। बिल्डर की लापरवाही के फलस्वरूप आवासीय दोष एवं क्षति उठानी पड़ी है। परिवहन विभाग की त्रुटि से कोई भी क्षति हुयी हो। रेलवे विभाग की त्रुटि युक्त कार्य प्रणाली से हुयी व्यक्तिगत/पारिवारिक हानि हुयी। बीमा कम्पनी की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली से आपको हानि का सामना करना पड़ा हो। उपरोक्त समस्याओं के निवारण में जनसाधारण को समुचित सहयोग देने हेतु प्रदेष सरकार द्वारा वर्ष 1986 में सर्वप्रथम उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का गठन किया गया। परन्तु इस अधिनियम के क्रियान्वयन में काफी समय लग जाया करता था। अस्तु जनहित को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने वर्ष 2020 में पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की तुलना में अधिक तीव्रता से एवं कम समय में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु कदम उठाया।

उक्त क्रम में पुराने अधिनियम में त्रिस्तरीय उपभोक्ता निवारण तन्त्र के अन्तर्गत (राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग) गठित किया, जिसके अन्तर्गत राज्य और जिला स्तर पर, कार्यवाही किय जाने की व्यवस्था निहित है। इस प्रकार आवष्यकता को दुष्टिगत रखते हुए, नये अधिनियम के गठन की उपभोक्ता संरक्षण विधेयक 2019 द्वारा केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सी.सी.पी.ए.) के गठन का प्रस्ताव रखा गया। विधेयक के अनुसार सी.सी.पी.ए. को निम्नानुसार अधिकार प्रस्तावित किये गयेः-

उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और संस्थान द्वारा की जाने वाली समस्त षिकायतों की जांच करना। असुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं को वापस लेना और इस सम्बन्ध में समुचित व्यवस्था करना। भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाना। भ्रामक विज्ञापनों के निर्माताओं एवं प्रसारकों पर जुर्माना लगाना। पांच लाख रू0 तक का मामला दर्ज कराये जाने पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इलेक्ट्रानिक माध्यम से षिकायतें दर्ज कराये जाने हेतु भी समुचित व्यवस्था करना। न पहचाने जाने वाले उपभोक्ताओं को देय राषि को कन्ज्यूमर वेलफेयर फण्ड में जमा कर दिये जाने का प्राविधान है। नौकरियों से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों को लेकर, राज्य आयोग हर तीसरे माह, केन्द्र सरकार को जानकारी देता रहता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है। अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है।

# भारत ही दुनिया में मानव-एकता को बल देने में सक्षम


ललित गर्ग

विविधता में एकता दर्शाने, मानवीय मूल्यों को बल देने, विभिन्न सरकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए समझौतों को याद दिलाने, लोगों के बीच एकजुटता के महत्व को बताने, सतत विकास के लिए लोगों, सरकारों को प्रेरित करने, गरीबी को मिटाने के नए रास्ते खोजने एवं लोगों को गरीबी, भुखमरी, बीमारियों से बाहर निकालने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस हर साल 20 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच मानवीय एकता के महत्व को बताने के लिए, गरीबी पर अंकुश लगाना और विकासशील देशों में मानव और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है। संयुक्त राष्ट्र ने 22 दिसंबर 2005 को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को विश्व एकजुटता कोष और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा बढ़ावा दिया जाता है, जो दुनियाभर में गरीबी उन्मूलन के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर केंद्रित हैं। यह दिवस एक बेहतर दुनिया के निर्माण में साझा जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है। एकता, समानता और करुणा को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के माध्यम से, यह दिन भविष्य के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में कार्य करता है जहां एकजुटता गरीबी उन्मूलन और वैश्विक कल्याण को बढ़ावा देने के पीछे प्रेरक शक्ति बन जाती है।

2023 की थीम है 'परिवर्तन की वकालत'। इस दिवस को मनाते हुए हर व्यक्ति शिक्षा में योगदान देकर, गरीबों या शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम लोगों की मदद करके अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिवस के माध्यम से सरकारों को सतत विकास लक्ष्य के गरीबी और अन्य सामाजिक बाधाओं का जवाब देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसमें भारत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है, हाल ही में जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता का दायित्व भारत ने निभाते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के उद्घोष के साथ दुनिया को प्रभावी मानव एकता का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को मानव एकता की दृष्टि से एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बलशाली बनाने का प्रेरक धरातल दे रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के निर्माण ने विश्व के लोगों और राष्ट्रों को एक साथ शांति, मानवाधिकारों और सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आकर्षित किया। संगठन की स्थापना अपने सदस्यों के बीच एकता और सद्भाव के मूल आधार पर की गई थी, जो सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा में व्यक्त की गई थी, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपने सदस्यों की एकजुटता पर निर्भर करती है। अंतरराष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस सतत विकास एवं समतामूलक विकास के एजेंडा पर आधारित है, जो अपने आप में गरीबी, भूख और बीमारी जैसे कई दुर्बल पहलुओं से लोगों



को बाहर निकालने के लिए केंद्रित है। 'मिलेनियम डिक्लेरेशन' को ध्यान में रखते हुए, एकजुटता को 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूलभूत मूल्यों में से एक माना जाता है, जिसके तहत कम से कम लाभ उठाने वाले और सबसे अधिक मुश्किलों का सामना करने वाले लोग उन लोगों की मदद के योग्य होते हैं जिन्हें सबसे अधिक लाभ मिलता है।

गरीबी का कारण हिंसा, आतंक, अप्रामाणिकता, संग्रह, स्वार्थ, शोषण और क्रूरता आदि हैं इनके दंश मानवता को मूर्च्छित कर रहे हैं एवं मानव एकता की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। इस मूर्च्छा को तोड़ने के लिए अहिंसा और सह-अस्तित्व का मूल्य बढ़ाना होगा तथा सहयोग एवं संवेदना की पृष्ठभूमि पर स्वस्थ समाज-संरचना की परिकल्पना को आकार देना होगा। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता मानव एकता का आधार तत्व है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। अपने अंग-प्रत्यंग पर कहीं प्रहार होता है तो आत्मा आहत होती है। किंतु दूसरों के साथ ऐसी घटना घटित होने पर मन का एक कोना भी प्रभावित नहीं होता। यह संवेदनहीनता की निष्पत्ति है। इस संवेदनहीन मन की एक वजह सह-अस्तित्व का अभाव भी है। आज हम इतने संवेदनशून्य हो गये हैं कि औरों का दुःख-दर्द, अभाव, पीड़ा, औरों की आहें हमें कहीं भी पिघलाती नहीं।

आज समूची दुनिया में मानवीय एकता एवं चेतना के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं- जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भीखमंगी, विलासिता, अमीरी, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है।' ऐसे ही विश्वास को जागृत करने के लिये ही विश्व मानव एकता दिवस की आयोजना की गई है। देश और दुनिया में निर्दोष लोगों की हत्याएं, हिंसक वारदातें, आतंकी हमले, अपहरण, जिन्दा जला देने की रक्तरंजित सूचनाएं, महिलाओं के साथ व्यभिचार-बलात्कार की वारदातें पढ़ते-देखते हैं पर मन इतना आदती बन गया कि यूं लगता है कि यह सब तो रोजमर्रा का काम है। न आंखों में आंसू छलकते हैं, न पीड़ित मानवता के साथ सहानुभूति जुड़ती है। न सहयोग की भावना जागती है और न नृशंस क्रूरता पर खून खौलता हैं। हमें सिर्फ स्वयं को बचाने की चिन्ता है। तभी औरों का शोषण करते हुए नहीं सकुचाते। हमें संवेदना को जगाना होगा। तभी जे.के. राउलिंग ने कहा भी है कि हमें दुनिया को बदलने के लिये जादू की आवश्यकता नहीं है। हम बस मानव की सेवा करके ऐसा आसानी से कर सकते हैं।' इसी मानव-सेवा की मूल भावना मानव एकता दिवस का हार्द है। भारत की संस्कृति एवं दर्शन मानव एकता से प्रेरित रहा है, उसके अनुसार सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इस दृष्टि से विश्व मानव एकता दिवस की उपयोगिता बढ़-चढ़ कर सामने आ रही है। इसलिये ऑड्रे हेपबर्न ने कहा था कि जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होते रहेंगे। जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। विश्व मानव एकता दिवस दुनिया भर में मानवीय जरूरतों पर ध्यान आकर्षित करने की मांग करता है और इन जरूरतों को पूरा करने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व की आवश्यकता को व्यक्त करता है।

# भारतीय संसद और अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक

यह सिक्योरिटी ब्रीच का गंभीरमामला है, खासकर 13 दिसंबर को, जिस दिन 2001 में संसद पर हमला हुआ था। लोकसभा में सिक्योरिटी ब्रीच मामले में एक सांसद ने कहा कि निश्चित रूप से यह बड़ी खामी है। जब पहला व्यक्ति कूदा तो हमें लगा कि वह गिर गया होगा, लेकिन जब दूसरा व्यक्ति भी कूदकर आ गया तो हम सभी सतर्क हो गए। उस शख्स ने अपना जूता खोलकर कुछ बाहर निकालने की कोशिश की, जिसके बाद धुआं फैलने लगा।इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर आज पूरी दुनियां में कुछ ऐसे कुशल व्यक्तित्व हैं जो पूरी मानव जाती प्रजाति के कल्याण करने के नेतृत्व में दिग्गज है, जिसमें भारत भी शामिल है। स्वाभाविक रूप से ऐसे व्यक्तित्व के दुश्मन पूरी दुनियां में कहीं भी हो सकते हैं विशेष रूप से उन व्यक्तियों के घरेलू देश में तो इसकी संभावना अधिक है इसका ताजा उदाहरण हमने 13 दिसंबर 2023 को भारतीय संसद में तथाकथित सुरक्षा व्यवस्था में चूक का अंजाम और आज दिनांक 18 दिसंबर 2023 को अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था में चूक का मामला आया है। वैसे तो इसके पूर्व भी भारत अमेरिका सहित अनेको देशों में सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक होती रही है, परंतु वर्तमान समय में तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी और विज्ञान के चलते खतरों की संभावनाएं भी बढ़ गई है और उनका विशाल प्रभाव भी बढ़ गया है, जिसे हम चमगादड़ से कोविड मामला भी देख चुके हैं इसलिए आज पूरी दुनियां में कुशल नेतृत्व के मानवता कल्याण में सहयोगी दिग्गज व पूरी दुनियां के लिए उस महत्वपूर्ण व्यक्तित्व की सुरक्षा को अब उस देश तक सीमित नहीं बल्कि वैश्विकस्तर पर मंथन करने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन करना जरूरी है हो गया है ताकि सुरक्षा की नई तकनीक सुझाव कार्यक्रमों का आदान-प्रदान किया जा सके। चूंकि अब वह कुशल नेतृत्व दिग्गज नेता सारे विश्व की बौद्धिक पूंजी है, क्योंकि उनके कुशल नेतृत्व से पूरी दुनियां को लाभ हो रहा है जिसे हम कोविड महामारी के समय में महसूस कर चुके हैं, इसीलिए चूंकि भारत और अमेरिका में आम चुनाव 2024 में होना निश्चित है, इसीलिए भारतीय संसद और अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक को रेखांकित कर मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर हाई प्रोफाइल सुरक्षा व्यवस्था में चूक पर साझा मंथन समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम 13 दिसंबर 2023 को भारतीय संसद में सुरक्षा व्यवस्था में चुकी करें तो, देश की संसद में सुरक्षा की बड़ी चूक का मामला सामने आया है। यहां दो युवकों ने किसी तरह संसद में एंट्री की और सांसदों के बीच दर्शक दीर्घा से छलांग लगा दी, इससे लोकसभा में अफरातफरी का माहौल हो गया। इस मामले का वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि सदन में धुआं उड़ रहा है और घटना के बीच सांसद हड़बड़ाकर भाग रहे हैं। कूदता फांदता युवक, धुआं-धुआं सदन और हड़बड़ाकर भागते सांसद, रोंगटे खड़े कर देने वाला है। जिसमें देखा जा सकता है कि दो लोग दर्शक दीर्घा से अचानक कूदकर सांसदों के बीच पहुंच गए। जिन दो युवकों ने सुरक्षा घेरे का उल्लंघन किया है, कनस्तर से जो धुआं निकल रहा था, वो जहरीला भी हो सकता था। यह सिक्योरिटी ब्रीच का गंभीरमामला है, खासकर 13 दिसंबर को, जिस दिन 2001 में



संसद पर हमला हुआ था। लोकसभा में सिक्योरिटी ब्रीच मामले में एक सांसद ने कहा कि निश्चित रूप से यह बड़ी खामी है। जब पहला व्यक्ति कूदा तो हमें लगा कि वह गिर गया होगा, लेकिन जब दूसरा व्यक्ति भी कूदकर आ गया तो हम सभी सतर्क हो गए। उस शख्स ने अपना जूता खोलकर कुछ बाहर निकालने की कोशिश की, जिसके बाद धुआं फैलने लगा।इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। स्पीकर और जिम्मेदार लोग इस पर फैसला लेंगे। यह घटना हुई तो रक्षा मंत्री भी सदन में पहुंचे उसके हाथ में कुछ था, जिससे पीला धुआं निकल रहा था।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि शून्यकाल के दौरान हुई घटना की गहनता से जांच की जा रही है,दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह सिर्फ धुआं था, जिसको लेकर चिंता करने जैसी कोई बात नहीं है। इस मामले में ।लोकसभा में विपक्ष के नेता कहा कि आज ही हमने अपने उन बहादुर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की,जिन्होंने संसद हमले के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी और आज ही सदन के अंदर ये घटना हो गई। ये सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी खामी है। सभी सांसदों ने निडर होकर दोनों युवकों को पकड़ लिया, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि जब यह सब हुआ तो सुरक्षा अधिकारी कहां थे? दिल्ली पुलिस के सूत्रों का कहना है कि घटना की तस्दीक की जा रही है, सुरक्षा घेरा तोड़ने वालों से पूछताछ की जा रही है कि वे यहां तक कैसे पहुंचे और संसद आने का पास उन्हें किसने दिया। पता लगाया जा रहा है कि संसद में कूदने वालों से किसका क्या संबंध है। इस मामले में कई एजेंसियां पूछताछ कर रही हैं। इसी मामले को लेकर शीत सत्र में जोरदार हंगामा हो रहा है और मामले पर गृह मंत्री के बयान की मांग की जा रही है।

साथियों बात अगर हम 18 दिसंबर 2023 को अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था में चुकी करें तो उनके काफिले से एक तेज रफ्तार कार टकरा गई। अचानक हुई इस घटना के बाद यूएस प्रेसिडेंट की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कार चालक को घेर लिया और उस पर बंदूकें तान दीं। हादसे के समय जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन भी उनके साथ थीं। हालांकि, इस घटना में बाइडेन और उनकी पत्नी को किसी तरह की चोट नहीं लगी है। मीडिया के मुताबिक रविवार को जो बाइडेन का काफिलाडेलावेयर में उनके कैंपेन मुख्यालय केबाहर खड़ा था। बाइडेन काफिले में शामिल कार में सवार होने ही जा रहे थे कि इसी बीच बाइडेन से करीब 40 मीटर दूर चौराहे पर उनके काफिले में शामिल एसयूवी से एक सेडान कार टकरा गई। कार के टकराने के बाद जोरदार धमाका हुआ। अचानक हुई इस घटना से बाइडेन की सुरक्षा में तैनात सभी सुरक्षाकर्मी चौकन्ने हो गए और अमेरिकी राष्ट्रपति को तुरंत दूसरे वाहन में बैठाकर वहां से रवाना कर दिया। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि राष्ट्रपति और प्रथम महिला दोनों ठीक हैं। आगे के सवाल-जवाब अमेरिकी सीक्रेट सर्विस कर रही है। दरअसल, डेलावेयर में कैंपेन मुख्यालय के बाहर राष्ट्रपति जो बाइडेन अपनी पत्नी जिल बाइडेन के साथ कर्मचारियों के साथ रात्रिभोज करने पहुंचे थे, यहां पत्रकारों ने बाइडेन से सवाल करने खत्म किए ही थे कि अचानक वहां मौजूद सभी लोगों ने जोरदार धमाके की आवाज सुनी। हादसा जानकारी के मुताबिक हादसे को अंजाम देने वाली कार सिल्वर रंग की थी, उसकी नंबर प्लेट पर डेलावेयर का लोकल नंबर ही दर्ज था। हादसे के बाद जब सुरक्षा कर्मियों ने कार को घेरा तो चालक ने तुरंत अपने हाथ ऊपर कर लिए इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने राष्ट्रपति को एक दूसरे वाहन में बिठाया और उन्हें विलमिंगटन शहर की इमारत से दूर ले जाया गया। बताया गया है कि अपने कैंपेन ऑफिस से निकलने के बाद राष्ट्रपति और प्रथम महिला ने कर्मचारियों के साथ डिनर किया था। ऐसे में काफी लोग यहां जमा थे,तभी अचानक एक कार आकर काफिले से भिड़ गई। सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत ही इस कार को घेर लिया और वहां से ले गए।

# योजनाओं से बदल रही है महिलाओं की जिंदगी

मुख्यमंत्री कन्या साइकिल योजना के लागू होने के बाद पहली बार इसका लाभ उठाने वाली अनेकों छात्राएं पढ़-लिख कर सशक्त हो चुकी हैं। उनमें से कुछ आज बिहार पुलिस में नौकरी भी कर रही हैं, तो कई सरकारी स्कूलों की शिक्षिकाएं बन गयी हैं। आधी आबादी की जिंदगी में यह बदलाव न केवल महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन मिसाल है बल्कि यह अन्य राज्यों के लिए भी नज़ीर बन चुका है। बेटी को सशक्त देख कर आज ग्रामीण क्षेत्रों के मां-बाप में भी आत्मविश्वास जगा है।


रिंकू कुमारी

देश भर में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकार अपने अपने स्तर पर विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक का सर्वसम्मति से संसद से पारित होना इस बात का सबूत है कि इस मुद्दे पर देश की सभी राजनीतिक दल पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर एकमत हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार का काम सभी राज्यों के लिए एक नजीर बन रहा है। पिछले दो दशकों में बिहार की आधी आबादी की जिंदगी में जो असाधारण बदलाव आए हैं, वे काबिले-तारीफ हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने से लेकर त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं एवं नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी से लेकर 50 फीसदी तक आरक्षण देकर आधी आबादी को राष्ट-निर्माण में भागीदार बनाने की नीतीश सरकार की पहल उल्लेखनीय है। सरकार के इस पहल का नतीजा है कि आज घर की दहलीज में कैद रहने वाली किशोरियां और महिलाएं आज घर से बाहर निकल कर विभिन्न सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं में बखूबी कामकाज संभाल रही हैं। स्कूलों से लेकर कॉलेजों में लड़कियों की अच्छी-खासी संख्या यह दर्शाती है कि राज्य में महिला साक्षरता का दर बढ़ रहा है और यह सब निःसंदेह सरकारी पहल एवं कई योजनाओं के संचालन से ही संभव हुआ है।

मुख्यमंत्री साइकिल एवं पोशाक योजना की जब शुरुआत हुई थी, तब बिहार सरकार की इस पहल की देश-विदेश की मीडिया में खूब चर्चा हुई थी। इस पर कई संस्थानों द्वारा शोध कार्य भी किये गए। कल तक जिस सरकारी स्कूल का कैंपस छात्र-छात्राओं से वीरान रहता था, वह अचानक से गुलजार रहने लगा है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों और समुदायों में बालिका शिक्षा के प्रति कोई रूचि नहीं थी, वही क्षेत्र और समुदाय आज उत्साह के साथ अपनी लड़कियों को स्कूल से लेकर कॉलेज तक भेज रहा है। तमाम तरह के नारों और वायदों के बाद भी आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े जिन समुदायों में बालिका शिक्षा का ग्राफ नीचे की ओर जा रहा था, आज वहां परिस्थिति बिल्कुल बदल चुकी है। नये-नये पोशाक एवं नयी साइकिल पर सवार होकर दर्जनों लड़कियां जब एक साथ गांव की पगडंडियों व टूटी-फूटी कच्ची सड़कों से स्कूल के लिए निकलती हैं, तो नजारा देखने लायक होता है। इस योजना ने सुदूर ग्रामीण इलाके में रहने वाली किशोरियों के सपने को जैसे पंख लगा दी है। नयी-नयी साइकिल स्कूल-ट्यूशन जाने का माध्यम तो बनी हीं, यह घर के कामकाज जैसे- मवेशियों का चारा काट कर लाना, गेहूं-मक्के की बोरी को मिल तक पहुंचाने में भी मददगार साबित हुई है।



मुख्यमंत्री कन्या साइकिल योजना के लागू होने के बाद पहली बार इसका लाभ उठाने वाली अनेकों छात्राएं पढ़-लिख कर सशक्त हो चुकी हैं। उनमें से कुछ आज बिहार पुलिस में नौकरी भी कर रही हैं, तो कई सरकारी स्कूलों की शिक्षिकाएं बन गयी हैं। आधी आबादी की जिंदगी में यह बदलाव न केवल महिला सशक्तिकरण की बेहतरीन मिसाल है बल्कि यह अन्य राज्यों के लिए भी नज़ीर बन चुका है। बेटी को सशक्त देख कर आज ग्रामीण क्षेत्रों के मां-बाप में भी आत्मविश्वास जगा है। उन्हें पहली बार एहसास हुआ है कि बेटी बोझ नहीं सच में लक्ष्मी होती है। आज घर घर में बेटियां लाडली बन चुकी है। इन योजनाओं ने माता-पिता के उस सोच को भी बदल दिया है जहां वह लड़की की शिक्षा पर पैसा खर्च करने से अधिक उसके दहेज़ का इंतज़ाम करने के फिक्रमंद होते थे।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में साइकिल-पोशाक योजना तो एक शुरुआत भर थी। आज बिहार में ऐसी कई योजनाएं चल रही हैं, जो महिलाओं के सर्वांगीण विकास व उनके उत्थान में अहम भूमिका निभा रही हैं। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देकर सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया था। इस आरक्षण के प्रावधान की बदौलत वंचित समुदाय की महिलाओं के हाथ में भी जब कमान आया, तो पुरुष वर्चस्व को एक चुनौती मिली। बिहार देश का पहला राज्य बना, जिसने पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया है। इसी तरह पुलिस बल में भी महिलाओं को सरकार ने 35 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया है। इसका असर यह हुआ कि ऐसे-ऐसे परिवार की बेटियां कांस्टेबल बनीं, जिनके घर कच्चे फूस के बने हुए थे। इसी आरक्षण के कारण 2022 में बिहार पुलिस बल में महिलाओं का प्रतिशत 21.21 हो गया, जो 2013 में मात्र 3.4 फीसदी था।

बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से सातवें चरण की हो रही शिक्षक भर्ती परीक्षा में भी कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठ तक के शिक्षकों की नियुक्ति में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है, साथ ही माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में महिला अभ्यर्थी के लिए 35 फीसदी सीटें आरक्षित की गयी हैं। महिलाओं के लिए आरक्षण का ऐसा ऐतिहासिक प्रावधान करने वाला बिहार शायद देश का पहला राज्य है। इसका ज़मीनी स्तर पर फल भी दिख रहा है। आज हर स्कूल में, सरकारी कार्यालयों में, हर थाने में महिलाओं की उपस्थिति दिख जाती है। दरअसल बिहार सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में योजनाओं की बाढ़ ला दी है। मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, आरक्षित रोजगार महिलाओं का अधिकार, जननी बाल सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, जीविका योजना समेत ऐसी अनगिनत योजनाएं हैं जो महिलाओं की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं उनके सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही हैं। इन योजनाओं ने बिहार के शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक की महिलाओं की ज़िंदगी को बदल दिया है। (चरखा फीचर)

# भावी पीढ़ी समाज के रचनात्मक उत्थान के लिए जागरूक

## दो दिवसीय अन्तर-विद्यालयी सॉँस्कृतिक महोत्सव का सीएमएस में भव्य उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित दो-दिवसीय अन्तर-विद्यालयी सॉँस्कृतिक महोत्सव 'फेस्टिविटा-2023' का उद्घाटन समारोह आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि एवं प्रख्यात कथक नृत्यांगना सुश्री अर्चना तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में सुश्री तिवारी ने आज के दौर में ऐसे कार्यक्रमों की बहुत आवश्यकता है जिससे छात्रों की कल्पनाशीलता व सृजनात्मक क्षमता को बढ़ावा मिल सके। यह महोत्सव छात्रों की प्रतिभा को निखारने व संवारने का अनूठा प्रयास है। समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्वधम प्रार्थना व विश्व एकता प्रार्थना के सुमधुर प्रस्तुतिकरण से हुआ। इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्रों ने विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्रतिभागी छात्रों व शिक्षकों के सम्मान में शिक्षात्मक-सॉँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटी बिखेरकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह आयोजन भावी पीढ़ी की बहुमुखी प्रतिभा के विकास के साथ ही उनके मानवीय एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण को विकसित करने में मददगार साबित होगा। 'फेस्टिविटा-2023' की संयोजिका एवं सी.एम.एस. इन्दिरा नगर द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या कनिका कपूर ने प्रतिभागी छात्रों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि यह समारोह छात्रों की नैसर्गित बहुमुखी प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण साबित होगा और छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

उद्घाटन समारोह के उपरान्त आयोजित मेलोडिसाइल (वाद्ययंत्र संगीत) प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों ने अपनी रचनात्मक सोच व हुनर का जोरदार प्रदर्शन कर दिखा दिया कि भावी पीढ़ी समाज के रचनात्मक उत्थान के प्रति अत्यन्त जागरूक है। इस प्रतियोगिता में कक्षा-4 व 5 के छात्रों ने अपनी पसंद के कार्टून कैरेक्टर अथवा हॉलीवुड थीम पर संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# एलआरएसएस और कर्नल एसएन मिश्रा स्कूल ने प्रतिद्वंदी टीमों को किया चित

**लखनऊ।** सरोजनीनगर की खेल प्रतिभाओं को निखारने, खिलाड़ियों को खेले के बेहतरीन प्लेटफॉर्म और सुविधा-संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गई सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग आज युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। अंडर-19 गर्ल्स बास्केटबॉल टूर्नामेंट, क्रिकेट चैंपियनशिप और फुटबॉल चैंपियनशिप के उपरांत शुरू हुए सरोजनीनगर इंटर स्कूल बॉयज वॉलीबॉल चैंपियनशिप को लेकर युवाओं में काफी उत्साह व जोश देखा जा रहा है। मंगलवार को वृंदावन योजना स्थित एसकेडी एकेडमी में खेले जा रहे वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लीग मुकाबलों में पहला मुकाबला मरकरी पब्लिक स्कूल और एलआरएसएस बंथरा के बीच खेला गया। दो सेट में हुए इस मुकाबले में एलआरएसएस बंथरा की टीम ने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 25-3, 25-4 से मुकाबले को अपने नाम करते हुए अगले चरण में प्रवेश कर लिया।

# पुलिस भर्ती के लिए प्रशिक्षण क्षमता सीमित थी, योगी सरकार में बढ़ी : डॉ राजेश्वर सिंह

अवधनामा संवाददाता



■ मुख्यमंत्री योगी का सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित करने का निर्णय अभिनंदनीय : डॉ राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के परिवर्तनकारी नेतृत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. सिंह ने 60,244 पदों के लिए एक साथ निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती अभियान शुरू करने के मुख्यमंत्री के अभूतपूर्व कदम की सराहना की तथा विधायक ने इसे राज्य के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण बताया है।

विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सजग नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के इतिहास में पहली बार एक साथ 60,244 पदों पर भर्ती की जा रही है, पिछले 7 साल में यूपी पुलिस में विभिन्न पदों पर निष्पक्ष और पारदर्शितापूर्वक 1 लाख 64 हजार युवा भर्ती किए गए, जिनमें 22 हजार से अधिक बेटियां शामिल हैं। वर्ष 2017 में प्रदेश में पुलिस प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण की क्षमता मात्र 6 हजार थी, जो योगी सरकार में 3 गुना बढ़ाई गयी है।

साथ ही सभी थाने सीसीटीवी कैमरों से लैस हो रहे हैं, पीएसी की सभी 54 बटालियन को पुनर्गठित किया गया है, तीन महिला बटालियन का गठन भी किया जा चुका है। साइबर क्राइम को रोकने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना करते हुए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम पर रोक लगाने के लिए, कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित करने का अभिनंदनीय निर्णय लिया है, मंडल स्तर के 18 जनपदों में पहले से साइबर क्राइम थाने स्थापित हैं।

डॉ. सिंह ने चल रहे भर्ती अभियानों के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की, जिससे रोजगार का मार्ग अधिक सुलभ हो गया है। इसके साथ ही पुलिस सुधार और कानून-व्यवस्था की मजबूती पर फोकस ने उत्तर प्रदेश की पहचान को नए सिरे से परिभाषित किया है।

# पावर कॉरपोरेशन एक सप्ताह में सौपे रिपोर्ट : विद्युत नियामक आयोग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पूरे उत्तर प्रदेश के सभी बिजली कंपनियों में 636 आईपीडीएस टाउन सहित प्रदेश के अनेकों जनपदों मैनपुरी नोएडा बुलंदशहर उरई जालौन आगरा में बिजली आपूर्ति अधिक दिए जाने के नाम पर लाखों ग्रामीण विद्युत उपभोक्ताओं जिनकी ग्रामीण दर से हो रही बिलिंग को सप्लाई टाइप चेंज करके शहरी बिलिंग में परिवर्तित किए जाने के मामले पर आज एक बार फिर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन श्री अरविंद कुमार व सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर प्रदेश के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को अभिलंब न्याय दिलाने की मांग उठाई और कहा यह मामला बहुत गंभीर है प्रदेश की विद्युत उपभोक्ताओं में इस मुद्दे को लेकर काफी आक्रोश है। वहीं दूसरी ओर विद्युत नियामक आयोग के निर्देश पर आयोग के सचिव की तरफ से पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक को यह निर्देश जारी किए गए हैं कि अगस्त 2023 में उपभोक्ता परिषद की याचिका पर पावर कारपोरेशन को 10 दिन में रिपोर्ट सौपने का निर्देश जारी किया गया था इसके बाद पावर कारपोरेशन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच करने में लगने वाले समय के दृष्टिगत 4 सप्ताह का अतिरिक्त समय विद्युत नियामक आयात से मांगा था इसके बावजूद भी पावर कारपोरेशन ने रिपोर्ट नहीं सौपा जिस पर विद्युत नियामक आयोग ने कहा दो माह से ज्यादा का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी प्रकरण पर विस्तृत रिपोर्ट आयोग को नहीं प्रेषित की गई जिसे विद्युत नियामक आयोग ने बहुत ही गंभीरता से लिया है और पुनः विद्युत नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन को एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश जारी करते हुए यह भी चेतावनी दी है।

# केंद्र योजनाओं में अहम भूमिका निभा रहा डाक विभाग

## डाक विभाग नित नवाचार के साथ अपनी सेवाओं को बना रहा व्यापक : पोस्टमास्टर जनरल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** डाक विभाग प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल इण्डिया और वित्तीय समावेशन संकल्पना को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के हर कोने में, हर दरवाजे पर डाक विभाग की पहुँच है और वह लोगों के सुख-दुःख में बराबर रूप से जुड़ा हुआ है। डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलॉजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 19 दिसम्बर को डाक अधीक्षक, बलिया मण्डल कार्यालय के वार्षिक निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने बलिया प्रधान डाकघर का विजिट भी किया और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से लोगों के प्रति अच्छे व्यवहार और विभिन्न सेवाओं में आवंटित लक्ष्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। डाक अधीक्षक श्री हेमंत कुमार ने पोस्टमास्टर जनरल का स्वागत करते हुए बलिया में डाक सेवाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक सेवाओं ने जन सरोकार के साथ नित्य नए आयाम रचे हैं। भारत सरकार की तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। डाक विभाग पत्र-पार्सल के साथ-साथ बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र, आधार नामांकन एवं अद्यतनीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर, डाक निर्यात केंद्र जैसे तमाम जनोन्मुखी कार्य कर रहा है। आईपीपीबी के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। सीईएलसी के तहत घर बैठे बच्चों का आधार बनाने, मोबाइल अपडेट करने, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, डीबीटी, बिल पेमेंट, एईपीएस द्वारा बैंक खाते से भुगतान, वाहनों का बीमा, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसी तमाम सेवाएं आईपीपीबी द्वारा डाकिया के माध्यम से घर बैठे मुहैया कराई जा रही हैं। आईपीपीबी में खाता होने पर डाकघर की सुकन्या, आरडी, पीपीएफ, डाक जीवन बीमा में भी ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। आईपीपीबी उन तमाम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनके पास बीमा और अन्य वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच नहीं है।

श्री यादव ने कहा कि ई-कामर्स को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी, लेटर बाक्स से नियमित डाक निकालने हेतु नन्यथा मोबाईल एप, डाकियों द्वारा एण्ड्रोयड बेस्ड स्मार्ट फोन आधारित डिलीवरी, बलिया के सभी शाखा डाकघरों को दर्पण प्रोजेक्ट के तहत हाइटेक बनाने जैसे तमाम कदम विभाग की डिजिटल इण्डिया के तहत की गई पहल हैं।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित किया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के तहत आज घोषणा की कि वह अब तक उत्तर प्रदेश राज्य में दो करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। परिवर्तन अपने पांच स्तंभों के माध्यम से राज्य भर में कई सामाजिक क्रियाकलापों का क्रियान्वयन कर रहा है जैसे ¬ ग्रामीण विकास, शिक्षा को बढ़ावा देना, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता, और वित्तीय साक्षरता और समावेशन।

सुश्री नुसरत पठान, प्रमुख-सीएसआर, एचडीएफसी बैंक ने कहा, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन का लक्ष्य स्थानीय समुदायों के जीवन में गुणात्मक सुधार करना है। हमने राज्य में सबसे वंचित समूहों की पहचान की है और परिवर्तन के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य वंचित समुदायों को सशक्त बनाकर गरीबी और हाशिए के चक्र को तोड़ना है और इस प्रकार, राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है।

ग्रामीण विकास : इस स्तंभ के तहत, परिवर्तन समुदायों के समग्र ग्रामीण विकास को बढ़ावा देता है। प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या, श्रावस्ती, झाँसी, चित्रकूट और बुलन्दशहर में, परिवर्तन प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है जो पारंपरिक बीजों और स्थानीय संसाधन-आधारित कृषि के उपयोग पर आधारित है।

# जय हिन्द मोंटेसरी स्कूल में स्वेटर वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्तिथ जयहिन्द मोंटेसरी स्कूल में सेवटर वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस मौके पर मिशन अम्बर फाउंडेशन के द्वारा छात्रों को सेवटर वितरण किया गया,इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य नागरिक स्कूल पढ़ रहे छात्र व छात्रों के अभिभावक समारोह में उपस्थिति रहे, इस मौके पर क्षेत्र क़ी समस्याओं और केंद्र द्वारा चलाए जा रहे जनउपयोगी योजनाओं के विषय मे चर्चा क़ी गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष श्री वफ़ा अब्बास ने योजनाओं क़ी जानकारी देते हुए बताया क़ी हमारे संगठन ने केंद्र के रक्षा मंत्री व सांसद माननीय राजनाथ सिंह के सहयोग से निशुल्क नेत्र जाँच व चश्मा वितरण,निशुल्क मोतिया बिन्द का ऑपरेशन,प्रधानमंत्री उज्वला रसोई गैस के निशुल्क वितरण, प्राइमरी स्कूल के बच्चों क़ी फीस, कलेक्टर बिटिया के तहत बेटियों को निशुल्क आईएएस आईपीएस कोचिंग क़ी व्यवस्था गरीबो के आयुष्मान कार्ड व गरीबों के लिए अनेक योजनाएँ चल रही हैं इस मौके पर अम्बर फाउंडेशन के अध्यक्ष वफ़ा अब्बास को पुष्प मलाएं व बुकें देकर जय हिन्द मोंटेसरी स्कूल के प्रबंधक सैय्यद सरफराज़ हुसैन रिज़वी, ने संगठन के संरछक अमानत अली,छेत्रीय पार्षद गुलशन अब्बास, पत्रकार सैय्यद वसीम हसन रिज़वी, शाने अज़ा लखनऊ के यूट्यूब चैनल के एडिटर शुजा अब्बास तथा मिशन अंबर फाउंडेशन के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया। बैठक में तक़ी हैदर, ताहिर रज़ा,शुजा अब्बास सहित तमाम लोगों को सम्मानित किया। फ़िरदौश हुसैन, जाने आलम, शोहराब साहब, जय हिन्द स्कूल के प्रबंधक सय्यद सारफराज़ हुसैन रिज़वी में आने वाले मेहमानों व छात्रों का आभार प्रकट किया।

# भगवान के भक्तों का कभी भी उपहास नहीं चाहिए : आचार्य गोविंद

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भगवान के भक्तों का कभी भी उपहास नहीं चाहिए। मां भगवती पार्वती की तपस्या व भगवान शंकर के प्रति अनन्य प्रेम देखकर सप्त ॠषियों ने मां पार्वती की वन्दना करते हुये उनकी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद दिया। विश्वनाथ मन्दिर के 32वें स्थापना दिवस के मौके पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-'ए' सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम कथा के दूसरे दिन मंगलवार को भगवान शंकर के विवाह का प्रसंग सुन भक्त जमकर झूमें। कथाव्यास आचार्य गोविंद मिश्रा ने कहाकि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह दिव्य है। माता पार्वती की कठिन तपस्या का परिणाम है कि भगवान शिव ने अपनी शक्ति के रूप में चयन किया। शिव पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बारात लेकर पहुंचे तो मां पार्वती के माता पिता बारात में सम्मिलित भूत, प्रेत औघड़ को देखकर अचंभित रह गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। उन्होनें बताया कि जब भगवान शंकर ने पाणिग्रहण किया तब सभी देवता ह्दय से बड़े हर्षित हुये और श्रेष्ठ मुनिगण वेदमंत्रों का उच्चारण व देवगण शिवजी की जय-जयकार करने लगे। उन्होंने बताया कि दक्ष प्रजापति के महायज्ञ में भगवान शिव के अपमान से सीख मिलती है कि किसी का अपमान नहीं करना चाहिए।

# छात्रों को नर्सिंग पेशे में निस्वार्थ कार्य करना चाहिए : करमारकर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कॉलेज ऑफ नर्सिंग कमान अस्पताल, मध्य कमान लखनऊ के 10वें बैच के बीएससी नर्सिंग छात्रों का दीप प्रज्ज्वलन समारोह मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह एसी ऑडिटोरियम एएमसी, सेंटर और कॉलेज लखनऊ में आयोजित किया गया। यह समारोह चार साल की अवधि के लिए अपने शिक्षकों से सिखाया गया व्यवहार, शैक्षणिक अनुसरण, समर्पण, दृढ़ता और नैदानिक अभ्यास के माध्यम से एक युवा नर्सिंग कैडेट की नौसिखिए से पेशेवर तक की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। इस अवसर पर मेजर जनरल एए करमारकर, एमजी मेडिकल, मध्य कमान मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वशक्तिमान ईश्वर के प्रार्थना से हुई, जिसके बाद मॉडर्न नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की बायोपिक पर एक स्लाइड शो हुआ। ब्रिगेडियर मैरी एआई ब्रिगेडियर एमएनएस मध्य कमान ने नर्सो को शपथ दिलाई। कर्नल वी सुगिर्था, प्रिंसिपल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कमान अस्पताल, मध्य कमान ने पाठ्यक्रम रिपोर्ट प्रस्तुत की। अपने संबोधन में मेजर जनरल एए करमारकर ने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को नर्सिंग पेशे में निस्वार्थ भक्ति, अनुशासन, बीमारों के लिए वास्तविक चिंता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है। मध्य कमान अस्पताल के कमांडेंट मेजर जनरल पंकज पी राव ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये। समारोह में मध्य कमान अस्पताल के डीन और डिप्टी कमांडेंट ब्रिगेडियर राजू अग्रवाल, वरिष्ठ एएमसी अधिकारी, एमएनएस अधिकारी और पड़ोसी नर्सिंग कॉलेजों और संबद्ध विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और छात्र, अतिथि, अभिभावक उपस्थित थे। नर्सिंग कॉलेज की स्थापना वर्ष 1951 में हुई और वर्ष 2013 में इसे स्कूल से कॉलेज में अपग्रेड किया गया। प्रशिक्षण भारतीय नर्सिंग परिषद और संबद्ध विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुसार आयोजित किया जाता है।

# संकट आए तो कृष्ण चरणों का आश्रय ले : आचार्य सुधीर



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से हाता राम दास सदर कैण्ट मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को को नैमिषारण्य धाम के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव को ईश्वर की अनुभूति कराने में समर्थ है। जीवन में संकट आए तो कृष्ण चरणों का आश्रय ले भगवान से नहीं मांगे अपितु भगवान को मांगे। आचार्य ने कहा कि महाभारत में कौरव ने भगवान की सेना मांगी और पांडवों ने श्री कृष्ण को श्री कृष्ण जहा है विजय वहीं है। परीक्षित की गर्भ में रक्षा के लिए भगवान ने अंगुष्ठ मात्र का स्वरूप धारण किए भक्त के कल्याण के लिए ही प्रभु अवतार धारण करते हैं और जीवन में धर्म तभी धारण कर सकते जब आप सत्य को धारण करे क्योंकि-धर्म दुसर सत्य समाना..., बाद में एक भजन इतना तो करना स्वामी जब प्राण तन से निकले..., भजन सुनाया। तो सभी झूमने लगे। आचार्य ने कहा कि हर अवस्था में प्रभु की स्मृति बनी रहे क्योंकि कलयुग का प्रभाव बढ़ रहा है।

# नागरिक सहभागिता में मऊ नगरपालिका को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** माननीय प्रधानमंत्री जी आह्वान पर 02 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में स्वच्छता महाअभियान चलाया गया था। इस अवसर पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने भी सभी नगरीय निकायों को स्वच्छता महाअभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा निकायों की बेहतर साफ-सफाई करने तथा स्वच्छता को हमेशा बनाये रखने का प्रयास करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने नगरीय जीवन, निकायों की स्वच्छता और व्यवस्थापन को वैश्विक स्तर का बनाने के प्रयासों में और तेजी लाने के भी निर्देश दिये थे। नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने इस अवसर पर स्वयं भी आगरा पहुंचकर सफाई महाअभियान में भाग लेकर श्रमदान कर साफ-सफाई की और कूड़ा उठाया था। इसी क्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में इंडियन स्वच्छता लीग-02 के तहत 02 अक्टूबर, 2023 को चलाए गए महाअभियान के तहत मऊ नगरपालिका ने नागरिक सहभागिता के माध्यम से 240 स्थानों से 5625 टन कूड़ा निकाला। साफ-सफाई कराने के साथ ही आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नगर विकास विभाग की ओर से इन्डियन स्वच्छता लीग 2023 के लिए जारी रैकिंग में मऊ नगरपालिका को नागरिक सहभागिता में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला, द्वितीय स्थान पिलखुआ को तथा मोदीनगर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार नवाचार में महोबा को प्रथम, मोहम्मदी को दूसरा तथा देवरिया को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इम्पैक्ट आफ इवेंट में कुशीनगर को प्रथम, अमरोहा को द्वितीय, गजरौला नगरपालिका को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

मऊ नगरपालिका 116 वर्ग किमी में फैली है और इसके कुल 45 वार्ड की आबादी 03 लाख 44 हजार है। नगर विकास विभाग की तरफ से प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में एक साथ 02 अक्टूबर को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत इंडियन स्वच्छता लीग-2 के क्रम में महाअभियान चलाया गया। शासन की तरफ से मऊ नगरपालिका को 225 स्थानों को स्वच्छ बनाए जाने का लक्ष्य दिया गया था। नगरपालिका प्रशासन की तरफ से 240 स्थानों को चिंहित किया गया था। सभी स्थानों की बेहतरीन साफ-सफाई की गयी। सफाई हेतु प्रत्येक स्थान पर छह-छह कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही प्रत्येक स्थान की अधिकारियों द्वारा आनलाइन मानीटरिंग भी की जा रही थी। प्रत्येक स्थान से नगरपालिका के कर्मचारियों तथा जनसहभागिता के माध्यम से 25-25 टन कूड़ा निकाला गया। साथ ही नगरपालिका से 5625 टन कूड़ा निकालकर डंपिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।इसके साथ ही प्रत्येक स्थान की सफाई से पूर्व की फोटो तथा सफाई के बाद की फोटो वेबसाइट पर अपलोड की गई। प्रदेश स्तर से जारी रैकिंग में मऊ नगरपालिका को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। प्रथम स्थान मिलने पर नगरपालिका में उत्साह का माहौल है। सफाई व खाद्य निरीक्षक सत्यप्रकाश का कहना है कि नगरवासियों की जनसहभागिता तथा पालिका के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के समन्वय से मऊ नगरपालिका को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। नगर विकास मंत्री जी के निर्देश पर नगरपालिका को स्वच्छ बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

# 150 बंदियों को कम्बल एवं गर्म कपड़े किये वितरित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मवीर प्रजापति ने आज बाराबंकी जिला जेल में पहुँचकर 150 बंदियों को कम्बल एवं गर्म कपड़े वितरित किये एवं बंदियों के साथ संवाद भी किया। यह ऐसे बंदी हैं, जिनसे मिलने कोई परिजन नहीं आता। उन्होंने कहा कि जेल अधीक्षक से जानकारी मिली कि उनकी जेलों में कुछ बुर्जुग एवं ऐसे बंदी निरुद्ध हैं, जिनसे सालों से कोई मिलने नहीं आता है। साथ ही उनके पास गर्म कपड़े भी नहीं हैं। सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़ों की आवश्यकता हम सभी को पड़ती है इसी के दृष्टिगत आज जिला जेल बाराबंकी में 50 बंदियों को इनर भी वितरित किया गया।

श्री धर्मवीर प्रजापति ने बंदियों से संवाद के दौरान कहा कि आपकी एक गलती की सजा आपके पूरे परिवार को भुगतनी पड़ती है। उन्होंने बंदियों से संकल्प कराया कि भविष्य में ऐसी दोबारा ऐसी गलती न करें, जिससे कि पुनः जेलों में आना पड़े। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माँ-बाप जेलों में निरुद्ध हैं, ऐसे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर सादी तक उन्हें बहुत-सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बच्चे किसी तरह पढ़-लिख भी लें, तो कोई भी अच्छा परिवार सादी करने को तैयार नहीं होता।

श्री प्रजापति ने बंदियों को सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास योजना से स्वयं को जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि आप कोई न कोई हुनर अवश्य सीखें, जिससे कि जेलों से छूटने के पश्चात बाहर जाकर आप अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें। हुनर सीखने से आपकी आय होगी, जिससे कि आप अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकेंगे।

# सपा की जिला कार्यकारिणी घोषित, वीरू भदौरिया बने महासचिव

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। समाजवादी पार्टी इटावा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य उर्फ बबलू ने मंगलवार को जिला कार्यकारिणी के अलावा विधानसभा, ब्लॉक तथा नगर अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा कर दी। कार्यकारिणी में युवा चेहरों को तरजीह देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी वर्गों को साधने की कोशिश की गई है। सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकारिणी घोषित होने के बाद अब कार्यकर्ता भाजपा सरकार की नाकामियों को जन- जन तक ले जाएंगे। भ्रष्टाचार और अत्याचार पर अब सपा चुप नहीं रहेगी। जहां भ्रष्टाचार होगा अत्याचार होगा वहां डटकर विरोध किया जाएगा। 40 सदस्यीय कार्यकारिणी में वीरभान सिंह उर्फ वीरू भदौरिया को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा छह उपाध्यक्ष बनाये गये हैं, जिनमें अनिल प्रताप सिंह यादव गुड्डू जसवंत नगर, रविंद्र कुमार चाचू शुक्ला महेवा, नवनीत पाल बकेवर, उत्तम प्रजापति अनवर हुसैन, विद्या राम यादव जसवंतनगर शामिल हैं। विजयनगर इटावा निवासी बृजेंद्र यादव को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिला कार्यकारिणी में 30 सचिव बनाए गए हैं। इनमें मयंक बिधौलियां को जिला सचिव बनाए जाने के साथ पार्टी के प्रवक्ता की भी जिम्मेदारी दी गई है अन्य सचिवों में लईक खां बकेवर, देवेंद्र सिंह भदौरिया, सीताराम कश्यप इटावा, लाल सिंह शाक्य रमपुरा भरथना, प्रवीण कुशवाहा इटावा, देवेश पचौरी अधियापुरा, राजकुमार चक नगरिया ताखा, अवधेश सविता छिपैटी, सुशांत वर्मा इटावा, संतोष राठौर रामलीला रोड इटावा, भारत सिंह राजपूत महेवा, गुमानी कुशवाहा लखना, शिव कुमार निषाद चकरनगर, रजत कठेरिया भरथना, सर्वेश दिवाकर धौलपुर खेड़ा, मनीष जाटव बलरई, श्रीमती डी पी सिंह इटावा, सीमा पाल चकूपुर सैफई, मालती यादव शांति कॉलोनी, सत्यवती यादव जसवंतनगर, राजकुमार यादव चकरनगर, मनोज कुमार राणा बाल्मिक इटावा, रामवीर सिंह यादव भरथना, दीपक पाल बसरेहर, अजय यादव भरथना, चंद्र मोहन यादव जसवंतनगर, श्री नारायण चौपला, शमी कुरैशी इटावा, उपदेश मिश्रा इटावा, अमित संखवार कटरा बल सिंह इटावा शामिल है। जिला कार्यकारिणी में नौ पदाधिकारी जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र से शामिल किए गए हैं। इसके अलावा उमेश राजपूत उर्फ डुल्ले को इटावा विधानसभा अध्यक्ष, रामनरेश यादव पिडारी को जसवंतनगर विधानसभा अध्यक्ष तथा जयसिंह चौहान को भरथना विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। सदर का अध्यक्ष अब्दुल अंसारी को, सैफई ब्लॉक का अध्यक्ष संतोष कुमार शाक्य को तथा जसवंतनगर का अध्यक्ष राहुल गुप्ता को बनाया गया है।

# राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के तत्वाधान में जिला राइफल क्लब द्वारा आयोजित11वीं अंतर जनपदीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ किया। जिलाधिकारी द्वारा वहां पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को खेल के बारे में बताकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मेहनत का फल अच्छा होता है, किसी भी प्रतियोगिता में आप मेहनत करके अच्छे से अच्छे मेडल प्राप्त कर सकते हैं, इससे अपने देश का नाम रोशन होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में मेडल जीतकर अपने माता-पिता का ही नहीं वल्कि प्रदेश का भी नाम रोशन होता है। उन्होंने कहा कि जो भी छात्र-छात्राओं के अंदर उत्तेजना होती है वही आगे नेशनल चैंपियन की ओर बढ़ सकता है, साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि पढ़ाई के साथ-साथ हमें प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करना चाहिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्दी में लोग बहुत ही अच्छा कार्य कर सकते हैं। उन्होंने चैंपियन शूटिंग, ओलंपिक खेल जैसे कई प्रतियोगिता के बारे में बच्चों को जागरूक किया। उक्त अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, 28 वाहिनी पीएसी कमांडेंट अनीश सिसोदिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# माउण्ट लिट्रा व सोलेस इंटरनेशनल स्कूल पुलवामा (कश्मीर) का स्टूडेंट ऐक्सचेंज प्रोग्राम

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल और सोलेस इंटरनेशनल स्कूल पुलवामा (कश्मीर)ने आपस में स्टूडेंट ऐक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन किया। इस कार्यकम का मुख्य उद्देश्य दोनों शैक्षणिक संस्थानों के बीच शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देते हुए बच्चों को नए-नए अनुभव देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सोलेस इटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने माउण्ट लिट्रा जी स्कूल इटावा का दौरा किया। सोलेस इटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने स्कूल में विभिन्न प्रकार के अनुभव प्राप्त किए जिसमें अटल टिंकरिंग लैब में टैक्नीकल प्रशिक्षण और स्कूल के बच्चों से बातचीत कर शैक्षिक और सांस्कृतिक अनुभवों का आदान-प्रदान प्रमुख रहा। इसी कड़ी में बच्चों ने आगरा में ताजमहल और आगरा के किले का भ्रमण कर इसके ऐतिहासिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त की।

मैत्रीपूर्ण किकेट मैच और इटावा के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर वहाँ के स्थानीय व्यंजनों के आनंद ने आदान-प्रदान में एक मज़ेदार और मैत्रीपूर्ण आयाम जोड़ा। पंचदिवसीय इस भ्रमण के पश्चात् सोलेस इंटरनेशनल स्कूल के सभी बच्चे इस नए अनुभव से अति आनंदित थे। उन्होंने इस अनुभव के लिए स्कूल के सभी बच्चों और स्कूल प्रशासन का धन्यवाद किया। इस मौके पर माउण्ट लिट्रा जी स्कूल के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव और वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यकम न केवल शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देते हैं बल्कि इससे विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों के बीच समझ, दोस्ती, सांस्कृतिक प्रशंसा को भी बढ़ावा मिलता है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यकम के अंतर्गत आने वाले समय में माउण्ट लिट्रा जी स्कूल के बच्चे भी सोलेस इटरनेशनल स्कूल का भ्रमण करेंगें। प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि इस तरह की पहल छात्रों को व्यापक बनाने और वैश्विक जागरूकता की भावना पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भ्रमण के अंतिम दिन बच्चों को स्कूल की तरफ से स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में छोटा प्रीमियर कर बड़ी सुरक्षा का लाभ पायें: डीएम

- कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसल बीमा अवश्य करायें: एम0पी0 सिंह

अवधनामा संवाददाता



हरदोई। भारत एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत छोटा प्रीमियर बड़ी सुरक्षा के प्रति जनपद के कृषकों जागरूक करने हेतु आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्टेऊट परिसर से एक जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कृषकों से कहा है कि इस योजना के माध्यम से सरकार की मंशा प्राकृतिक आपदाओं से अधिसूचित क्षेत्र में बोई गयी फसल का बीमा कवर करना, कृषि में उन्नति तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा आपदा वर्षो में कृषि आय को स्थिर रखना है इसलिए अधिसूचित क्षेत्र में गेहूं, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसो, अलसी एवं आलू की फसल उगाने वाले सभी कृषक एवं अधिसूचित क्षेत्र में उक्त फसल करने वाले अन्य कृषक भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा अवश्य कराये। उन्होने कहा कि इस योजना में ओलावृष्टि, जल भराव, भूस्खलन, बादल फटने, आकाशीय बिजली गिरने तथा आग से फसल क्षतिग्रस्त होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ कृषक को उपलब्ध कराया जायेगा। डीएम ने डीडी कृषि डा0 नन्द किशोर को निर्देश दिये कि जागरूता को जनपद के सभी ब्लाकों की मुख्य-मुख्य बाजारों, नगर निकायों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रसार करायें तथा किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सम्पूर्ण दी जाये। उन्होने कृषकों से कहा है कि बीमा संबंधी अधिक जानकारी के लिए टोल फी नम्बर नं0-1800 889 6868/1800 200 5142 पर सम्पर्क करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहें।

# वृंदावन के 'रास' को बचाए ब्रज तीर्थ विकास परिषद

## गीता शोध संस्थान में वृंदावन के रासाचार्यो ने रास मंडलों को बचाने के लिए दिए सुझाव, सभी किए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

वृंदावन (मथुरा)। ब्रज की रासलीला परंपरा के संरक्षण के लिए उपाय सुझाने के उद्देश्य से गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, सभागार में 'रासलीला के संरक्षण' विषयक संगोष्ठी/परिचर्चा का आयोजन किया गया। वृंदावन के साहित्यकार स्व. छैल बिहारी उपाध्याय 'छैल' की स्मृति में आयोजित संगोष्ठी में वृन्दावन के रासमंडलों से जुड़े अनेक रासाचार्यो ने उन व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया जिनके कारण वृंदावन की रासलीला परंपरा का ह्रास हो रहा है। सभी ने रास को बचाने के उपाय सुझाते हुए राज्य सरकार से संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

स्व छैल बिहारी उपाध्याय 'छैल' की स्मृति में उनके सुपुत्र साहित्यकार कपिल देव उपाध्याय ने वृंदावन के रासाचार्यों को लोई उड़ाकर व रास की पुस्तक भेंट कर उनको सम्मानित किया।

संगोष्ठी के प्रारंभ में साहित्यकार श्री उपाध्याय ने कहा कि जहां रस है, वहां ही भगवान श्रीकृष्ण हैं। ब्रज में चार संप्रदायों की अलग-अलग परंपरा रही है। उसी परंपरा में संप्रदायों का साहित्य लेखन हुआ। उसमें काफी साहित्य का अभी प्रशासन नहीं हुआ है। रासलीला का आज भी प्रचुर मात्रा में साहित्य है जिसके प्रकाशन की आवश्यकता है।

- रास के कलाकारों को सरकारी मंच, पेंशन, आर्थिक मदद और अनुदान दे सरकार

संगोष्ठी के मध्य में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक दिनेश खन्ना ने अवगत कराया कि सरकारी स्तर पर रासलीला संरक्षण के प्रयास शुरू हो गए हैं। इस संस्थान में प्रशिक्षण के लिए ग्रंथागार और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। संस्कृति विभाग के पूरे प्रयास हैं कि ब्रज में रासलीला को बचाया जाए। रासाचार्यो को पूरा सम्मान मिले। सरकारी स्तर पर रासमंडल दूसरे प्रांतों में रास करने पहुंचे।

संगोष्ठी में भागवताचार्य श्री श्रीवस्त जी ने कहा कि रासलीला ब्रज की मूर्ति व अमूर्ति धरोहर है। इसे सरकार हर हालत में बचाए।

भागवताचार्य प. अच्युत लाल भट्ट ने कहा कि फिल्म ने रास परंपरा खत्म कर दी है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चंद शर्मा ने संचालन किया।

रासाचार्य दुष्यंत शर्मा ने कहा कि सरकारी स्तर पर रास की मंडलियों को पंजीकृत कराया जाए। उन्हें सरकारी मंचों पर कार्यक्रम मिलें।

रासाचार्य देवकीनंदन शर्मा ने कहा कि नई पीढ़ी रासलीला सीखना नहीं चाहती। इस कारण रास मंडलियां खत्म हो रहीं हैं।

रासाचार्य स्वामी लेखराज ने कहा कि परिवर्तन के दौर में रासलीला बचाने का प्रयास तभी सफल होगा जब इन्हे आर्थिक संकट से उबारें।

रासाचार्य दामोदर शर्मा ने कहा कि वृंदावन का रास देखने के लिए ही देवरहा बाबा, गया प्रसाद आदि संत वृंदावन आए और यहीं तपस्या की। रासलीला को सरकारी संरक्षण मिला तो यह फिर सिरमौर हो जाएगी। स्वामी नेमीचंद ने रासलीला बचाने के उपाय सुझाए।

रासाचार्य भावेश कृष्ण ने कहा कि रासलीला में सखी का स्वरूप बिगड़ गया है। आज पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है। रासाचार्य गिरिराज शरण वशिष्ठ ने रासलीला के पतन और उसके उत्थान पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी में सभी रासाचार्यो को लोई उढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# व्यापारी नेताओं ने बन्दे भारत एक्सप्रेस में नयी दिल्ली तक की यात्रा

इटावा। बनारस से चल कर नयी दिल्ली तक जानें वाली बन्दे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के अवसर पर उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें जिले के प्रमुख व्यापारी नेताओं के साथ रेलवे द्वारा उपलब्ध कराये गये पास से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक यात्रा की। दिल्ली पहुंच कर सभी यात्रियों को रेल विभाग द्वारा स्पेशल ट्रेन से इटावा तक भेजा गया, जिलाध्यक्ष श्री दीक्षित नें बताया की रेलवे द्वारा सभी यात्रियों की खान पान की उत्तम व्यवस्था की गयी थी, मीडिया से बात करते हुए व्यापारी नेताओं ने बताया कि सरकार ने अच्छी पहल की है। गाड़ी की रफ्तार 140 किमी/घंटा तक रही ऐसा हर कोच में लगे इंटीकेटर बता रहे थे, परंतु रेलवे को अन्य रेलगाड़ियों में भी जनरल कोचों की संख्या बड़ानी चाहिए जिससे आम लोगों को सुविधा रहे।

# ठंड से बचने को लेखपाल ने बांटे गरीबों को कंबल

अवधनामा संवाददाता



हरदोई। बिलग्राम क्षेत्र में कपाउ ठंड के चलते लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए उपजिलाधिकारी / तहसीलदार के निर्देशानुसार लेखपाल मयंक वर्मा ने असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों, महिलाओं को कंबल वितरित किए। बिलग्राम क्षेत्र में धीरे-धीरे बढ़ रही कड़ाके की ठंड एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए उपजिलाधिकारी / तहसीलदार के निर्देशानुसार ने तहसील परिसर बिलग्राम क्षेत्र के लेखपाल मयंक वर्मा में गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए तहसील बिलग्राम क्षेत्र के विभिन्न कस्बे एवम ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों को कंबलों का वितरण किया। उप जिलाधिकारी /तहसीलदार बिलग्राम ने लेखपाल को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में ठंड से कोई भी जन हानि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ठंड व शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण कराया जा रहा है।

# बहुजन महापुरुषों की उपेक्षा को लेकर आक्रोशित लोगों ने किया नगर निगम का घेराव

अवधनामा संवाददाता

- ज्योतिबाराव फुले विकास समिति और अभासफा ने अपर आयूक्त को 3 सूत्रिये ज्ञापन दिया

मथुरा। महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति अखिल भारतीय समता फाउंडेशन मथुरा के तत्वावधान में मथुरा वृन्दावन नगर निगम प्रशासन द्वारा बहुजनों की भावनाओं को नजरअंदाज कर जातीय आधार पर मार्गो चौराहों पार्को के नामकरण में बहुजन महापुरुषों की उपेक्षा कर नामकरण किए गए समिति द्वारा बार बार धरना प्रदर्शन के माध्यम से नामकरण में संसोधन करने के लिए अवगत कराया लेकिन आश्वासन के अतिरिक्त कोई भी सार्थक कदम नहीं उठाए गए इसी क्रम में 18 माह पूर्व में सदन अधिवेशन में प्रस्ताव संख्या 16 मार्गो चौराहों पार्को के नामकरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था। लेकिन 18 माह बीत जाने के बाद भी मार्गो चौराहों पार्को के बोड नही लगाएं जाने के वादाखिलाफी के खिलाफ गगनभेदी नारों के साथ प्रदर्शन कर तीन सूत्रीय ज्ञापन मथुरा नगर निगम कार्यालय पर अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को सौंपा प्रदर्शन के दौरान समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि जनरल गंज चौराहे पर सामाजिक शैक्षिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा लक्ष्मी नगर जमुना पार चौराहे पर स्थापित की जाए। साथ ही मार्गो चौराहों पार्को के बोड़ों को नगर निगम प्रशासन द्वारा एक माह के अन्दर नही लगाया गया तो नगर निगम कार्यालय का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर मार्ग पहले मसानी चौराहे से डीग गेट तक था पुनः पूर्व में किए गए मार्ग पर किया जाए वर्तमान में रखे गए अम्बेडकर मार्ग का हाल बेहाल है। साथ ही गन्दगी का अम्बार है। वहां से निकलना भी दुसभार है प्रदर्शन में लुकेश कुमार राही, रमेश सैनी ओमपाल सैनी चित्रसेन मौर्य हरिशंकर सैनी रमेश चंद सैनी जिला सैनी सभा मथुरा धनीराम बाबा सौदान सिंह संतोष सैनी गोविंद सैनी रूपा लवानिया गोपाल सैनी राजू माहौर मोहन महावर अमित दिवाकर राजवीर सिंह पूर्व प्रधान मोहन कुमार माहौर पूर्व पार्षद तुलसीराम यादव पूर्व पार्षद आकाश बाबू मुकेश सैनी मनीष सैनी कैलाश सैनी भारत चंदेल आदि उपस्थित रहे।

# 52 विद्यार्थियों को सुब्रोस लिमिटेड में मिली नौकरी

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को एसी किट बनाने वाली विश्वविख्यात कंपनी सुब्रोस लिमिटेड ने अपने यहां नौकरी दी है। कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट के तहत लंबी चयन प्रक्रिया अपनाकर इंजीनियरिंग और डिप्लोमा के 52 विद्यार्थियों का चयन किया है। कंपनी से आए एचआर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सुब्रोस लिमिटेड की स्थापना 1985 में एक संयुक्त उद्यम सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी के रूप में की गई थी, जिसमें 36.79त्न स्वामित्व भारतीय प्रमोटरों के पास, 20त्न स्वामित्व डेंसो कॉर्पोरेशन, जापान और 11.96त्न स्वामित्व सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन, जापान के पास था, जो ऑटोमोटिव के लिए थर्मल उत्पादों का अग्रणी निर्माता है। डेन्सो के साथ भारत में तकनीकी सहयोग करती है। कंपनी के पास नोएडा (2), मानेसर, पुणे, चेन्नई और साणंद में विनिर्माण संयंत्र हैं, जिनकी वार्षिक क्षमता 1.5 मिलियन एसी किट प्रति वर्ष है, साथ ही नोएडा में एक अच्छी तरह से सुसज्जित अनुसंधान एवं विकास केंद्र और टूल रूम भी है। संस्कृति प्लेसमेंट सेल की वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री अनुजा गुप्ता, सहायक जयकांत त्रिपाठी ने बताया कि त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद कंपनी ने इंजीनियरिंग और डिप्लोमा के 52 छात्रों सचिन कुमार, तेजवीर, योगेश, पवन, सत्यप्रकाश, उत्तम सिंह, लाखन सिंह नौहवार, क्रिशन, रामदयाल, दीपक, विकास, चेतराम, प्रशांत कुमार, राहुल सिंह, सौरभ धनगर, विवेक कुमार, मोहन शर्मा, अबुबकर राशिद बेंडर्स, सुनील, लोकेंद्र सिंह, गौरव, सीताराम, राहुल, राधे श्याम, लक्ष्मण, चेतन, रिषिराज सिंह, प्रवीर कुमार को चयनित किया है।

# शानवी का प्रोजेक्ट चयनित



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। सेंट मैरी इंटर कालेज, इटावा की छात्रा शानवी का प्रोजेक्ट राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राज्य स्तर के लिए जनपद इटावा से चयनित किया गया है। इस विशेष प्रोजेक्ट को जनपद इटावा के पर्यावरणविद, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ.आशीष त्रिपाठी के दिशा निर्देशन में विद्यालय के सह निर्देशक डेविड सर के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। ज्ञात हो कि, सेंट मैरी की छात्रा शानवी ने इटावा जनपद में पाई जाने वाली विभिन्न विषधारी और विषहीन प्रजातियों के विषय पर प्रोजेक्ट में सभी का ध्यानाकर्षण किया था। यह प्रोजेक्ट जनपद स्तर पर राज्य स्तर पर चयनित हुए अन्य प्रोजेक्ट्स में से ही एक है। जूनियर वर्ग समूह में शानवी ने पर्यावरणविद डॉ.आशीष के त्रिपाठी के कुशल दिशा निर्देशन में जनपद के निकट के ग्रामों में जाकर प्रोजेक्ट के लिए जरूरी जानकारी एकत्र की थी। ज्ञात हो कि, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित किया गया है जिसके अंतर्गत मृतक के परिवार को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि भी शासन द्वारा नियमानुसार दी जाती है। इस प्रोजेक्ट के साथ जनपद से अन्य छह प्रोजेक्ट भी राज्य स्तर के लिए चयनित हुए है। शानवी की इस सफलता पर फादर जॉबी जोसेफ सहित समस्त विद्यालय परिवार और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# विज्ञान मेले में एक सैंकड़ा स्कूलों के 2500 बाल वैज्ञानिकों ने किया प्रतिभाग

अवधनामा ब्यूरो



इटावा। इटावा महोत्सव में मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर व संत विवेकानंद के प्रधानाचार्य डॉ.आनंद व सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.मुकेश यादव के तत्वावधान में वैज्ञानिक प्रतिभाओं को खोजने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। खचाखच भरे प्रदर्शनी पंडाल में जिले के एक सैंकड़ा से अधिक विद्यालयों के 2500 से अधिक बच्चों ने विज्ञान मॉडल के जरिए अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी संजय कुमार वर्मा, डीएफओ अतुल कांत शुक्ला व सीडीओ अजय कुमार गौतम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रधानाचार्य डॉ आनंद ने बताया कि दो दिवसीय विज्ञान मेले में 2500 से अधिक चलित व अचलित मॉडल सजाए गए हैं यह आयोजन इटावा महोत्सव की वैज्ञानिक खोज को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ किया गया है और प्रतिवर्ष इसमें प्रतिभाग करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों व विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ किया। इस मौके पर एआरटीओ बृजेश यादव, पूर्व डीन डॉ. देवेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य जो बी जोसेफ, गुफरान अहमद, संजय शर्मा, डॉ.उमेश यादव, प्रमेंद्र सिंह, प्रबंधक पवन प्रताप, प्रधानाचार्य सौरभ दुबे, भास्कर शर्मा, सचिन कुमार, डॉ.अमिता, कमल कुमार, मनोज यादव, अभिषेक सक्सेना, डॉ.धर्मेंद्र कुमार शर्मा, सुनील अवस्थी, असरा अहमद, इंदुमती, अरविंद कुमार, जेपी सिंह, अवनेंद्र कुमार, मनोज एम एस, रितु यादव, डॉ.सुशीला यादव, डॉ.चंद्रलता गुप्ता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन मिस रोहिणी, मानवी, स्मिता शर्मा, कार्तिक शर्मा, मतीन खान, बृजेश दीक्षित, अंजलि, मनमोहन के अलावा मुख्य निर्णायक डॉ.देवेंद्र सिंह, आशीष त्रिपाठी, देवशक्ति, प्रदीप यादव, कुलदीप कश्यप, पंकज कुमार, आशीष कुमार व सुबूर अनवर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चित्रा परिहार व प्रतीक्षा चौधरी ने किया।

# डा.एम.एम.पालीवाल यू.पी.आई.एम.ए.के प्रदेश अध्यक्ष व डा. संजीव प्रदेश संयुक्त सचिव बने

वहाज अली निहाल



इटावा। आई. एम. ए. यू. पी. का राज्य स्तरीय सम्मेलन शनिवार को उ. प्र. के शाहजहाँपुर जिले में यूपीसीओएन-23 सम्पन्न हुआ। जिसमें इटावा जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एम. एम. पालीवाल को यू. पी. आई. एम. ए. का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा गया, साथ ही डा. संजीव यादव को आई. एम. ए. यू. पी. स्टेट का संयुक्त सचिव (हॉस्पीटल बोर्ड ऑफ इन्डिया) व राष्ट्रीय कोर्डीनेटर (मेडीकल स्टूडेन्ट नेटवर्क) नियुक्त किया गया।

इटावा आई. एम. ए. के इतिहास में पहली बार किसी चिकित्सक को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति किया गया है, यह आई. एम. ए. व इटावा जनपद के लिये गौरव की बात है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुरेश खन्ना वित्त मंत्री, उ. प्र. सरकार उपस्थित रहे।

सम्मेलन में आईएमए इटावा शाखा से डा. एस. सी. गुप्ता (अध्यक्ष), डा. डी. के. सिंह (सचिव), डा. वी. के. गुप्ता (संरक्षक)के अलावा डा. अमिताभ श्रीवास्तव, डा. हिमांशु यादव, डा. शोभित मेहरोत्रा आदि उपस्थित रहे व डा. एम. एम. पालीवाल व डा. संजीव यादव को शपथ ग्रहण के उपरांत सभी ने बधाई दी। अधिवेशन में सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अधिवेशन में प्राइवेट चिकित्सकों को होने वाली समस्याओं के निराकरण के लिये मंथन किया गया और दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर समस्त आई. एम. ए. सदस्यों व पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुये डा. एम. एम. पालीवाल व डा. संजीव यादव को बधाइयाँ दी।

-सम्मेलन में आईएमए इटावा शाखा से डा. एस. सी. गुप्ता (अध्यक्ष), डा. डी. के. सिंह (सचिव), डा. वी. के. गुप्ता (संरक्षक) के अलावा डा. अमिताभ श्रीवास्तव, डा. हिमांशु यादव, डा. शोभित मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# मिचेल स्टाक ने आईपीएल इतिहास में मचाई खलबली, बने सबसे महंगे खिलाड़ी



दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एक घंटे में ही अपने साथ खिलाड़ी पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मिचेल स्टार्क अब आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने मिचेल स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है।

आईपीएल के इतिहास में एख दिन में दो बड़े रिकॉर्ड बने। ये दोनों ही रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने बनाए। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एक घंटे में ही अपने साथ खिलाड़ी पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मिचेल स्टार्क अब आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने मिचेल स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है। स्टार्क को खरीदने के लिए गुजरात टाइटंस और केकेआर के बीच काफी जद्दोजहद हुई। स्टार्क आईपीएल में 8 साल बाद वापसी कर रहे हैं। मिचेल स्टार्क का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था।

मिचेल स्टार्क के नाम का जैसे ही ऐलान हुआ तो मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे पहले बोली लगाई। शुरुआत में बोली 6 करोड़ रुपये तक चली। इसके बाद कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटंस मैदान पर उतरे। बोली 12 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस बोली से पीछे हट गए। केकेआर और गुजरात के पर्स में 31 करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दोनों फ्रेंचाइजियों ने 20 करोड़ रुपये तक बोली लगाई। ऐसे में मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के दूसरे 20 करोड़ी प्लेयर बन गए थे।

लेकिन आखिर में गुजरात ने भी हार मान ली और आखिर में केकेआर स्टार्क को 24.70 करोड़ रुपये में ले गया। स्टार्क के बाद इस नीलामी में उन्हीं के हमवतन पैट कमिंस दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बिके हैं। कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदकर अपनी टीम में शामिल किया है।

# पैट कमिंस बने आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी, एसआरएच ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा



आईपीएल 2024 नीलामी में ऑस्ट्रेलिया कप्तान पैट कमिंस ने आईपीएल इतिहास के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। दरअसल, वह अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। बता दें कि, आईपीएल 2024 नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस को 20.50 करोड़ की बड़ी रकम में खरीदा है।

दुबई में जारी आईपीएल 2024 नीलामी में ऑस्ट्रेलिया कप्तान पैट कमिंस ने आईपीएल इतिहास के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। दरअसल, वह अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। बता दें कि, आईपीएल 2024 नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस को 20.50 करोड़ की बड़ी रकम में खरीदा है।

पैट कमिंस का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये थी। उनका नाम आईपीएल 2024 नीलामी के दूसरे सेट में आया। फिर क्या था जैसे ही उनके नाम का ऐलान हुआ वैसे ही मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर और हैदराबाद ने पैडल उठा दिए। 5 करोड़ तक जब बोली बढ़ी तो मुंबई और चेन्नई ने कमिंस को खरीदने से किनारा कर लिया। इसके बाद आरसीबी और हैदराबाद के बीच जंग जारी रही। दोनों की तरफ से पैडल उठाने का चलन जारी रहा। पलक झपकते ही पैट कमिंस की बोली बढ़कर 15 करोड़ के पार पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद हैदराबाद की टीम 20 करोड़ 50 लाख रुपये में कमिंस को खरीदने में कामयाब रही। बता दें कि, कमिंस ने आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी के रूप में इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सैम करन को पिछले साल आईपीएल 2023 की नीलामी में पंजाब ने 18.50 करोड़ रुपये में खरीदा था।

हालांकि, ये पहली बार नहीं है कि कमिंस आईपीएल के महंगे खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले साल 2020 में भी वह आईपीएल सीजन के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। तब केकेआर ने उन्हें 15.50 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस साल कमिंस ने अपनी पुरानी सबसे मोटी कमाई को पांच करोड़ रुपये के अंतर से पीछे छोड़ दिया है।

# टेस्ट क्रिकेट से चार साल तक बाहर रहने के बाद मिशेल मार्श ने की जबर्दस्त वापसी



चार साल पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से बाहर होने वाले ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के दौरान हेडिंग्ले में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे।

लगातार लचर प्रदर्शन के कारण चार साल पहले ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम से बाहर होने वाले ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के दौरान हेडिंग्ले में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए थे। इसके बाद उन्होंने एक बल्लेबाज और एक गेंदबाज के रूप में अपनी उपयोगिता साबित करना जारी रखा और अब वह ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के अहम अंग बन गए हैं।

मार्श ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 90 और नाबाद 63 रन की उपयोगी पारियां खेली और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इसके साथ ही स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम का कीमती विकेट भी लिया। मार्श को 11 पारियों में से सात पारियों में दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाने के कारण दिसंबर 2019 में टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था।

इस दौरान उनका उच्चतम स्कोर 45 रन था। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि अब मार्श में सबसे बड़ा बदलाव यह देखने को मिला कि वह किसी अन्य की बल्लेबाजी शैली की नकल करने के बजाय अपने मजबूत पक्षों को ध्यान में रखकर बल्लेबाजी कर रहा है। कमिंस ने कहा, कोई भी प्रारूप हो उसका दृष्टिकोण स्पष्ट है। वह जानता है कि रन कैसे बनाने हैं और वह वास्तव में इसकी परवाह नहीं कर रहा है कि वह एक बल्लेबाज के रूप में कैसा दिखता है। मुझे लगता है कि मार्श ने खेल के प्रति अपनी रणनीति तय कर ली है।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी धरती पर लगातार 15 टेस्ट मैच जीत लिए हैं तथा वह 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के मैच में इसे जारी रखने की कोशिश करेगा। तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

## ट्रेविस हेड को एसआरएच ने खरीदा, इतने करोड़ में बिका ऑस्ट्रेलियाई स्टार बल्लेबाज



आईपीएल 2024 ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई स्टार खिलाड़ी ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए कई फ्रेंचाइजियों में जमकर होड़ लगी। लेकिन आखिरकार हेड हैदराबाद के खेमे में गए। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी ने ट्रेविस हेड को 6 करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदा है।

आईपीएल 2024 की नीलामी प्रक्रिया जारी है। दुबई के कोका कोला एरिना में हो रहे इस ऑक्शन में ऑस्ट्रेलियाई स्टार खिलाड़ी ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए कई फ्रेंचाइजियों में जमकर होड़ लगी। लेकिन आखिरकार हेड हैदराबाद के खेमे में गए। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी ने ट्रेविस हेड को 6 करोड़ 80 लाख रुपये में खरीदा है।

दरअसल, ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद में काफी जद्दोजहद देखने को मिली। दोनों ही टीमों के बीच काफी देर तक ट्रेविस हेड को खरीदने के लिए भिड़ंत हुई। आखिर में बाजी हैदराबाद के हाथ लगी।

ट्रेविस हेड ने वर्ल्ड कप के दौरान काफी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान भारत के खिलाफ फाइनल मुकाबले में वो ऑस्ट्रेलिया के लिए संकटमोचन बने और अपनी टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही हेड वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। इस दौरान उन्होंने एक दिलचस्प रिकॉर्ड की बराबरी भी की थी।

# रोहित शर्मा या कोई और सीनियर खिलाड़ी नहीं जा रहे टीम छोड़कर, एमआई ने दिया बड़ा बयान



वहीं कुछ खबरें ऐसी भी आ रही हैं कि रोहित शर्मा किसी और टीम में जा सकते हैं। जिसके बाद मुंबई इंडियंस ने इन सभी खबरों पर विराम लगा दिया है। दरअसल, एमआई के एक अधिकारी ने कहा है कि ये सब बस अफवाह है, ना रोहित शर्मा कहीं जा रहे हैं और ना ही कोई और खिलाड़ी।

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए मुंबई इंडियंस ने जब से रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पांड्या को नया कप्तान बनाया है तभी से फैंस खासे नाराज हैं। वहीं कुछ खबरें ऐसी भी आ रही हैं कि रोहित शर्मा किसी और टीम में जा सकते हैं। जिसके बाद मुंबई इंडियंस ने इन सभी खबरों पर विराम लगा दिया है। दरअसल, एमआई के एक अधिकारी ने कहा है कि ये सब बस अफवाह है, ना रोहित शर्मा कहीं जा रहे हैं और ना ही कोई और खिलाड़ी।

बता दें कि, मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने क्रिकबज से कहा कि, इस तरह की खबरें पूरी तरह से झूठी और गलत हैं। कोई भी मुंबई इंडियंस का खिलाड़ी हमें छोड़कर नहीं जा रहा है और ना ही हम किसी को ट्रेड करने जा रहे हैं।

मुंबई इंडियंस की तरफ से आए इस तरह के बयान ने सभी अफवाहों पर ब्रेक लगा दिया है। एमआई ने आगे कहा कि, हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने से पहले हर खिलाड़ी को कॉन्फिडेंस में लिया गया था। रोहित को भी इस बारे में खबर दी गई थी। वह इस फैसले को लेकर जाने वाले ग्रुप का हिस्सा था।

# मैं कश्मीर में था, हीरोइन इंडिया में थी, बातों ही बातों में ये या बोल गए खेसारी



धरती का स्वर्ग कहे जाने वाला कश्मीर भारत का हमेशा ही अभिन्न अंग रहा है और आगे भी रहेगा। कुछ कश्मीरी ऐसे भी हैं जो कश्मीर को भारत का हिस्सा ना मानकर अलग देश मानते हैं। लेकिन, भोजपुरी अभिनेता और गायक खेसारी लाल यादव का कश्मीर को अलग देश मानना चौकाने वाली बात है। भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के दूसरे लुक के आउट होने की उपलक्ष में आयोजित पार्टी के दौरान खेसारी लाल यादव ने कश्मीर को दूसरा देश बता दिया।

मुंबई में गुरुवार की शाम खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती का दूसरा लुक जारी हुआ। इस अवसर पर खेसारी लाल यादव ने फिल्म में अपने काम करने के अनुभव शेयर किए। खेसारी लाल यादव ने कहा, कश्मीर में माइनस एक डिग्री तापमान में बिना कपड़े पहनकर शूटिंग करना बहुत मुश्किल था। लेकिन जीवन में जो चीजें मुश्किल होती हैं, उसका आउटपुट थोड़ा बेहतर होता है। दर्द से निकलने के बाद दर्द का अहसास होता है। भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती में खेसारी लाल यादव के साथ दो नायिकाएं रति पांडे और डायना खान काम कर रही है। सनी देओल की फिल्म घायल वंस अगेन से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री डायना खान की यह पहली भोजपुरी फिल्म है। खेसारी लाल यादव ने कश्मीर में शूटिंग के दौरान अपने अनुभव को शेयर करते हुए कहा, रति पांडे कश्मीर में शूटिंग के दौरान थी। उन्होंने देखा है कि कितनी मुश्किल से हमने वहां शूटिंग की। पास ही खड़ी डायना खान की तरह इशारा करते हुए खेसारी लाल यादव ने कहा, 'इनको नहीं पता होगा, क्योंकि इनकी शूटिंग तो इंडिया में थी। यह तो कश्मीर में नहीं थी।

बातों ही बातों में खेसारी लाल यादव को अहसास हो गया कि उनकी जुबान फिसल गई। और, उन्होंने हंसते हुए बात टालने की कोशिश की। खेसारी लाल यादव ने कहा, हां डायना खान तो कश्मीर में नहीं थी। इसलिए इनको वहां की शूटिंग का अनुभव कैसे होगा? वहां इतनी ठंड थी कि बहुत सारे स्पॉट ब्वॉय शूटिंग छोड़कर भाग गए। रंग दे बसंती में खेसारी लाल यादव के बेटे ऋषभ यादव ने खेसारी लाल यादव के बचपन का किरदार निभाया है। खेसारी लाल यादव से जब यह पूछा गया कि आगे चलकर क्या उनका बेटा भी एक्टर बनेगा? खेसारी लाल यादव ने कहा, यह उस पर निर्भर करता है कि वह क्या बनाना चाहता है। मेरा मानना है कि जिंदगी में अपने सपनों को बच्चों पर मत थोपिए। उनको जो करना है, वह करेंगे और खुद ही अपना रास्ता निकाल लेंगे। मेरे पिता जी ने मुझसे लिट्टी चोखा बेचवाया। लेकिन मुझे कुछ और बनाना था और बन गया।

# दमदार अभिनेता यशपाल शर्मा की भोजपुरी में शानदार एंट्री, सामाजिक बदलाव को दर्शाती फिल्म



हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता यशपाल शर्मा भोजपुरी फिल्म कोख के जरिए भोजपुरी सिनेमा में कदम रख रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता यशपाल शर्मा फिल्म के नायक प्रदीप पांडे चिंटू के पिता की भूमिका में नजर आएंगे। कोख एक ऐसी फिल्म है जो समाज की हकीकत से रूबरु कराएगी। आज इस फिल्म का फर्स्ट लुक फिल्म के मेकर्स ने जारी किया।

पिछले कुछ समय से भोजपुरी सिनेमा में धीरे धीरे बदलाव होने शुरू हो गए हैं। अब अश्लील संवाद और गानों की बजाय भोजपुरी सिनेमा में भी मराठी सिनेमा की तरह सामाजिक फिल्मों पर जोर दिया जा रहा है। फिल्म भोजपुरी फिल्म कोख एक ऐसी फिल्म है। जिसके जरिए एक महिला की कोख के प्रति उसकी सोच और उसके दायित्व को दिखाया गया है। यह फिल्म मनोरंजन के साथ साथ महिलाओं के प्रति समाज में बदलती धारणा को दिखाती है।

फिल्म 'कोख' के बारे में भोजपुरी अभिनेता प्रदीप पांडे चिंटू कहते हैं, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि भोजपुरी सिनेमा में मुझे अलग अलग जॉनर की फिल्मों में काम करने का मौका मिल रहा है। भोजपुरी सिनेमा लगातार विभिन्न विषयों को लेकर मनोरंजन के स्तर बढ़ा रही है। इसमें दर्शकों का भी बेहद सहयोग रहा है क्योंकि उन्होंने भी अच्छी फिल्मों को पसंद करना शुरू कर दिया हैं। इस फिल्म में पहली बार मुझे हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता यशपाल शर्मा के साथ काम करने का मौका मिला। एक एक्टर के तौर पर उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

हरियाणवी फिल्म दादा लखमी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके अभिनेता यशपाल शर्मा ने दादा लखमी के प्रमोशन के दौरान क्षेत्रीय सिनेमा के बारे में खुलकर बात की थी। यशपाल शर्मा ने कहा था, मुझे क्षेत्रीय सिनेमा में काम करने से कभी परहेज नहीं रहा है। अगर अच्छी भूमिका मिलेगी तो मैं किसी भी भाषा की क्षेत्रीय सिनेमा में काम कर सकता हूं। हर भाषा की अपनी गरिमा और उसका एक इतिहास रहा है। मैंने गंगाजल और अपहरण जैसी फिल्में की। देखा जाए तो यह फिल्में और इनमें मेरा किरदार भोजपुरी भाषी जैसा ही है।

भोजपुरी फिल्म कोख में प्रदीप पांडे चिंटू और यशपाल शर्मा के अलावा संचिता बनर्जी और माया यादव की मुख्य भूमिका है। फिल्म के निर्देशक प्रवीण कुमार शर्मा हैं। प्रवीण कुमार शर्मा कहते हैं, भोजपुरी सिनेमा में अब विषय को लेकर नए नए प्रयोग हो रहे हैं और दर्शक ऐसी फिल्मों को पसंद भी कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हमारी फिल्म कोख भी दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी।

# बॉबी देओल का स्टारकिड्स पर व्यंग! कहा मेरे बच्चे जब ठीक से हिंदी बोलना सीख जाएंगे तब करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू!



अभिनेता बॉबी देओल ने अपने बेटों आर्यमान देओल और धरम देओल के बारे में बात की, जो भविष्य में अपनी पहली फिल्म बनाना चाहते हैं। उनके लिए अपनी सलाह साझा करते हुए बॉबी ने फिल्म कंपेनियन को बताया कि उन्हें पहले हिंदी सीखने की जरूरत है क्योंकि आजकल बच्चे केवल अंग्रेजी में ही बात करते हैं।

अभिनेता बॉबी देओल ने अपने बेटों आर्यमान देओल और धरम देओल के बारे में बात की, जो भविष्य में अपनी पहली फिल्म बनाना चाहते हैं। उनके लिए अपनी सलाह साझा करते हुए बॉबी ने फिल्म कंपेनियन को बताया कि उन्हें पहले हिंदी सीखने की जरूरत है क्योंकि आजकल बच्चे केवल अंग्रेजी में ही बात करते हैं। उन्होंने अपने बेटों के अलावा किसी भी स्टार किड्स का नाम नहीं लिया।

बॉबी ने कहा, एक अभिनेता के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। मैं छोटे बच्चों से मिलता हूं और उनसे कहता रहता हूं कि आपको वास्तव में तैयार रहना होगा। मेरे बेटों की तरह, वे भी अभिनेता बनना चाहते हैं और मैं उनसे कहता रहता हूं कि सबसे पहले अपनी हिंदी ठीक करो। हिंदी ठीक से नहीं बोलते क्योंकि आदत नहीं है ना। सब अंग्रेजी बोलते हैं एक दूसरे से। मुझे लगता है, एक बार जब आप अपनी लाइनों पर नियंत्रण कर लेते हैं, तो आपको कुछ भी सोचने की ज़रूरत नहीं होती है। आपको बस किरदार को महसूस करना है।

हालांकि बॉबी ने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन कई स्टार किड्स फिल्मों में भी हिंदी पर अपनी पकड़ को लेकर संघर्ष करने के कारण सवालों के घेरे में आ गए हैं। इससे पहले, एक कार्यक्रम से अजय देवगन और काजोल की बेटी निसा देवगन का वीडियो वायरल हो गया था क्योंकि उन्हें एक स्कूल में हिंदी में एक छोटा भाषण देने में कठिनाई हो रही थी।

बॉबी ने पहले पुष्टि की थी कि उनके बेटे, आर्यमान और धरम बॉलीवुड में प्रवेश करेंगे। उन्होंने इंडिया टुडे से कहा, शो बिजनेस जैसा कोई व्यवसाय नहीं है और मेरे बेटे इस उद्योग में आएंगे, लेकिन वे अभी बहुत छोटे हैं, खासकर मेरा बड़ा बेटा सिर्फ 22 साल का है और छोटा 19 साल का है, इसलिए अन्य 3- 4 साल में वे उद्योग में प्रवेश करेंगे।

बॉबी इस समय अपनी नवीनतम फिल्म एनिमल की सफलता के बाद ऊंची उड़ान भर रहे हैं। इसमें उन्होंने रणबीर कपूर और अनिल कपूर के साथ एक प्रतिद्वंद्वी की भूमिका निभाई। इसमें रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी भी हैं। यह फिल्म 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है।

फिल्म की सफलता पर बॉबी ने पैपराजी से कहा, दोस्तों, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। भगवान बहुत दयालु रहे हैं। इतना प्यार मिला फिल्म के लिए है। ऐसा लग रहा है मैं सपना देख रहा हूं। (फिल्म को बहुत प्यार मिल रहा है...ऐसा लग रहा है जैसे मैं सपना देख रहा हूं)।

# काजोल की मां और अभिनेत्री तनुजा को अस्पलात से मिली छुट्टी, तबियत बिगड़ने के बाद आईसीयू में कराया गया था भर्ती



अनुभवी अभिनेत्री तनुजा, जिन्हें यहां एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था, को सोमवार रात को छुट्टी दे दी गई। ज्वेल थीफ और हाथी मेरे साथी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले 80 वर्षीय अभिनेता को उम्र संबंधी जटिलताओं के बाद रविवार शाम को जुहू अस्पताल ले जाया गया।

अनुभवी अभिनेत्री तनुजा की अचानक तबियत बिगड़ने के कारण वह अस्पताल में भर्ती थी। अब एक्ट्रेस को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। एक सूत्र ने बताया कि अनुभवी अभिनेत्री तनुजा, जिन्हें यहां एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था, को सोमवार रात को छुट्टी दे दी गई। ज्वेल थीफ और हाथी मेरे साथी जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले 80 वर्षीय अभिनेता को उम्र संबंधी जटिलताओं के बाद रविवार शाम को जुहू अस्पताल ले जाया गया।

सूत्र ने मंगलवार को बताया, उन्हें कल देर रात अस्पताल से छुट्टी दे दी गई क्योंकि उनके सभी स्वास्थ्य मानक सामान्य थे।

1960 और 1970 के दशक की लोकप्रिय अभिनेत्री तनुजा ने कई हिंदी और बंगाली फिल्मों जैसे बहारें फिर भी आएंगी, मेरे जीवन साथी, जीने की राह के साथ-साथ दिया नेया, तीन भुबनेर पारे और प्रोथोम कदम फूल में काम किया है। उन्होंने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में 1950 की फ़िल्म हमारी बेटी से की, जिसने उनकी बड़ी बहन नूतन के करियर की भी शुरुआत की। यह फिल्म उनकी मां, अनुभवी स्टार शोभना समर्थ के निर्देशन में पहली फिल्म थी। तनुजा की दो बेटियां हैं, काजोल और तनीषा मुखर्जी।

तनुजा, जिन्होंने टीवी शो आरंभ और जुनून में भी अभिनय किया है, अभिनेता काजोल और तनीषा मुखर्जी की मां हैं। तनुजा को आखिरी बार प्राइम वीडियो के 2022 एंथोलॉजी मॉडर्न लव मुंबई में देखा गया था।

# मणिपुर के हालात का जायजा लेने इंफाल पहुंचे सीबीआई चीफ

## 27 मामलों की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी

इंफाल। सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद सोमवार को इंफाल पहुंचे। मणिपुर में जातीय हिंसा के हालात का जायजा लेने और सीबीआई जांच में हुई प्रगति की जानकारी लेने के लिए सीबीआई चीफ राज्य का दौरा कर रहे हैं। बता दें कि मणिपुर में जातीय हिंसा के 27 मामलों की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी कर रही है। पहले इन मामलों की जांच राज्य पुलिस कर रही थी लेकिन बीते दिनों सीबीआई ने इन 27 मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली थी। प्रवीण सूद, सीबीआई के पहले चीफ हैं जो मई में पद संभालने के कुछ महीनों बाद ही सीबीआई की लगभग सभी यूनिट्स का दौरा कर चुके हैं। प्रवीण सूद सोमवार को शाम करीब पांच बजे गुवाहाटी से इंफाल एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर राज्य के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस राजीव सिंह ने उनका स्वागत किया। सीबीआई प्रमुख ने राजीव सिंह के साथ राज्य के मौजूदा पर चर्चा की। रिपोर्ट्स के अनुसार, सीबीआई चीफ हिंसा मामलों की जांच के लिए डीआईजी रैंक के अधिकारी की अध्यक्षता में बनी एसआईटी की जांच की समीक्षा कर सकते हैं। मणिपुर के थाउबाल इलाके में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और गैंगरेप मामले की जांच भी सीबीआई ही कर रही है। सीबीआई चीफ इन मामलों की जांच की प्रगति की भी समीक्षा कर सकते हैं।

**मजबूर**

**इस हिंसा में अब तक 175 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित होकर शरणार्थी जीवन जीने को मजबूर हैं।**



बता दें कि मणिपुर बीती मई से जातीय हिंसा की आग से झुलस रहा है। इस हिंसा में अब तक 175 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित होकर शरणार्थी जीवन जीने को मजबूर हैं। हिंसा की शुरुआत 3 मई से हुई थी, जब राज्य के मैतई समुदाय को जनजातीय आरक्षण देने के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में ट्राइबल सॉलिडेरिटी मार्च का आयोजन किया गया। राज्य में मैतई समुदाय की आबादी कुल आबादी की 53 फीसदी है और यह अधिकतर आबादी राज्य के मैदानी इलाके इंफाल और आसपास के इलाकों में रहती है। वहीं कुकी और नगा जनजाति कुल आबादी की 40 फीसदी है और ये पहाड़ी इलाकों में रहते हैं।

## विपक्षी सांसद ने बनाया राज्यसभा सभापति का मजाक, धनखड़ बोले- यह सदन का अपमान



नई दिल्ली। विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा सभापति की नकल उतारने के आरोप लग रहे हैं। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस दौरान जगदीप धनखड़ की नकल उतारते हुए कल्याण बनर्जी का वीडियो शूट कर रहे हैं।

इस पर राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जाहिर की है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक सांसद मजाक बना रहे थे और एक बड़े नेता उनका वीडियो शूट कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि यह शर्मनाक, अस्वीकार्य है और साथ ही यह सदन का अपमान है। बता दें कि हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है। बता दें कि संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमले कर रहा है और विपक्ष की मांग है कि सरकार इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करे। वहीं सरकार विपक्ष पर इसे लेकर राजनीति करने का आरोप लगा रही है। सोमवार को इस मुद्दे पर हंगामा कर रहे 78 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था अब मंगलवार को 49 और सांसदों को निलंबित कर दिया गया। जिसके बाद दोनों सदनों से कुल निलंबित सांसदों की संख्या 141 हो गई है। मंगलवार को इसे लेकर विपक्ष ने संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इसी दौरान राज्यसभा सभापति का मजाक बनाने की घटना घटी। वहीं एनसीपी (शरद पवार गुट) चीफ शरद पवार ने राज्यसभा सभापति को पत्र लिखकर संसद सुरक्षा में चूक के मामले पर सरकार से चर्चा की मांग की है।

## गठबंधन के सांसदों से मिले खरगे, विपक्षी दलों के नेताओं का दिल्ली आना जारी



नई दिल्ली। अगले साल लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक आज दिल्ली में होगी। इसके लिए अलग-अलग पार्टियों के नेताओं का दिल्ली में जुटना शुरू हो चुका है। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज अपने चैंबर में इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ बैठक की।

अगले साल लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक आज दिल्ली में होगी। इसके लिए अलग-अलग पार्टियों के नेताओं का दिल्ली में जुटना शुरू हो चुका है। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज अपने चैंबर में इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ बैठक की।

सीट बंटवारा, न्यूनतम साझा कार्यक्रम, हाल के विधानसभा चुनावों में झटके के बाद भाजपा से मुकाबला करने के लिए संयुक्त रणनीति गठबंधन के सामने मुख्य चुनौतियां हैं। बैठक में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है।

## बिना चर्चा के विधेयकों को पास करने की मंशा, सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने केंद्र पर लगाए आरोप



नई दिल्ली। संसद की सुरक्षा में चूक मामले के बाद से ही विपक्षी दल केंद्र के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। 13 दिसंबर को लोकसभा सदन में कार्यवाही के दौरान हुई घटना ने सुरक्षा एजेंसियों के होश उड़ा दिए हैं। इसी बीच, विपक्षी सांसद सुरक्षा में सेंध मामले पर केंद्र सरकार को घेर रही है। विपक्षियों का आरोप है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की मांग को दरकिनार कर रहा है। विपक्षियों की मांग है कि संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर चर्चा की जाए, लेकिन सदन की कार्यवाही के दौरान व्यवधान डालने के आरोप में बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। यह सिलसिला बीते शुक्रवार से शुरू हुआ, जब लोकसभा से 13 और राज्यसभा से एक सांसद को शीतकालीन सत्र की शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया था। वहीं सोमवार को भी यह कार्रवाई जारी रही लोकसभा से 33 और राज्यसभा से 45 सांसदों को निलंबित किया गया। संसद के सदनों में कार्यवाही के दौरान अब तक 141 सांसदों को ससपेंड कर दिया गया है। इस निलंबन के बाद से सभी सांसदों ने केंद्र के खिलाफ जमकर हल्ला बोला है। संसदीय इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के बीच संसद परिसर में सभी विपक्षी दल धरना दे रहे हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष को पूरी तरह से सदनों से बाहर करना चाहती है। ताकि कुछ विधेयकों को बिना किसी बहस के पारित किया जा सके। विपक्षी दल का हमला मंगलवार को कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 49 लोकसभा सांसदों को सदन से निलंबित किए जाने के तुरंत बाद आया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि कुछ कठोर विधेयकों को बिना किसी बहस के पारित किया जा सके इसलिए विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा रहा है।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से 47 नेताओं ने मांगे टिकट, आवेदकों में पार्टी के सांसद ही शामिल नहीं

गुवाहाटी। असम में अबतक कुल 47 उम्मीदवारों ने आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट के लिए आवेदन किया है। सूत्रों ने मिली जानकारी के अनुसार पार्टी में मौजूद तीन सांसद आवेदकों में शामिल हैं। असम में लोकसभा की



14 सीटें है और पार्टी के सदस्य मंगलवार तक टिकट के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूत्र ने बताया कि कांग्रेस के मौजूदा तीन सांसदों में से एक ने आवेदन फॉर्म लिया था, लेकिन उन्होंने इसे जमा नहीं किया था। सूत्र ने कहा, हमें लोकसभा चुनाव के लिए अब तक 47 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें सबसे अधिक महिलाएं हैं। बारपेटा के सांसद अब्दुल खालिक ने सोमवार को आवेदन पत्र लिया था। हालांकि अन्य दो सांसदों- नागांव से प्रद्युत बोरदोलोई और कलियाबोर से गौरव गोगोई ने अभी तक अपना आवेदन पत्र नहीं लिया है। उन्होंने आगे कहा, संसद का सत्र चल रहा है, ऐसे में हमारे नेता व्यस्त हैं। आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाई जा सकती है। आवेदन जमा करने की प्रक्रिया 11 दिसंबर को शुरू हुई थी। प्रत्येक आवेदक को इसमें एक लाख रुपये जमा करना था। कांग्रेस ने कहा कि राज्य में 15 सदस्यीय विपक्षी मंच का हिस्सा होने के नाते पार्टी का लक्ष्य 2024 का लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ने का है इसलिए उसे कुछ सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने से बचना होगा। यूनाइटेड अपोजिशन फोरम असम (यूओएफए) का गठन विपक्षी गठबंधन इंडिया के अनुरूप किया गया है। इस गठबंधन में तृणमूल कांग्रेस, सीपीआई (एमएल), आप, माकपा, भाकपा, जातीय दल-असोम, राकांपा, राजद, जद (यू), एजेपी और रायजोर दल भी शामिल हैं।

# तमिलनाडु में बाढ़ से तीन की मौत, ट्रेन में फंसे 800 यात्रियों को सुरक्षित निकालने में जुटी एनडीआरएफ

चेन्नई। तमिलनाडु के दक्षिणी जिले इन दिनों बाढ़ जैसे हालात से जूझ रहे हैं। दरअसल इन जिलों में पिछले तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है। इससे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तमिलनाडु में बारिश और बाढ़ के चलते पैदा हुए हालातों में तीन लोगों की मौत हो गई है। तमिलनाडु के थुटुकुडी जिले में कई जगहों पर रविवार को 525 मिमी बारिश हुई। इसके चलते थुटुकुडी में बाढ़ से आम जनजीवन बुरी तरह त्रस्त है। मौसम विभाग के ताजा अनुमान ने बाढ़ से जूझ रहे लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में वायुसेना के हेलीकॉप्टर्स से खाने के पैकेट और अन्य जरूरी सामान गिराया जा रहा है।

दरअसल मौसम विभाग ने कहा



है कि मंगलवार को भी तमिलनाडु के कई जिलों में हल्की से भारी बारिश हो सकती है। चेन्नई के मौसम विभाग ने बताया है कि अगले तीन घंटों में तमिलनाडु के कराईकल और कई अन्य जिलों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हो सकती है। जिन जिलों में भारी बारिश का अनुमान है, उनमें पुडुकोट्टई, तंजावुर, थिरुवर, नागापट्टिनम, रामानाथपुरम और शिवगंगाई शामिल हैं। वहीं थेनी, तेनकासी, कन्याकुमारी, थिरुनेलवेली, थुटुकुडी, विरुद्धनगर जिलों में हल्की बारिश का अनुमान है।

भारी बारिश से तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में ट्रेन यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तिरुनेलवेली और तूतीकोरिन जिलों में बीते 24 घंटों में हुई करीब 670 मिमी और 932 मिमी बारिश के चलते यहां ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई हैं। कई स्टेशनों पर पानी भर गया है। वहीं ट्रेन सेवाएं बाधित होने और भारी बारिश की वजह से थिरुचेंदुर और तिरुनेलवेली स्टेशन के बीच चलने वाली एक ट्रेन में 800 यात्री फंस गए है, जिन्हें स्थानीय जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की मदद से सुरक्षित जगहों पर ले जाने की तैयारी की जा रही है। एनडीआरएफ ने बताया है कि उसकी दो टीमें फंसे हुए रेल यात्रियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। वायुसेना ने बाढ़ प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन चल रहे हैं। लोगों को एयर लिफ्ट किया जा रहा है। एक गर्भवती महिला और डेढ़ साल की बच्ची समेत चार यात्रियों को वायुसेना ने सुरक्षित बचाया।

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने कहा है कि चेन्नई मौसम विभाग ने 17 और 18 दिसंबर को भारी बारिश का अनुमान जताया था, लेकिन बारिश अनुमान से ज्यादा हुई।

# लाल सागर में दो मालवाहक जहाजों पर हमला, यमन के हूती विद्रोहियों ने ली जिम्मेदारी

यमन। के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में दो मालवाहक जहाजों पर ड्रोन हमला करने का दावा किया है। इससे समुद्री व्यापार बाधित हो गया है और मालवाहक कंपनियां इस क्षेत्र



से दूर चली गई हैं।

हूती प्रवक्ता याह्या सारेया ने सोमवार को जहाजों की पहचान एमएससी क्लारा और नॉर्वेजियन स्वामित्व वाले स्वान अटलांटिक के रूप में की। उन्होंने कहा कि हमले तब किए गए जब उनके चालक दल समूह के कॉल का जवाब देने में विफल रहे।

स्वान अटलांटिक के मालिक ने कहा कि जहाज किसी अज्ञात वस्तु से टकराया था, लेकिन चालक दल के किसी भी सदस्य को चोट नहीं आई। लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप के आंकड़ों के अनुसार, एमएससी क्लारा एक पनामा-ध्वजांकित जहाज है। लेकिन जहाज पर हमले का विवरण तुरंत स्पष्ट नहीं था।

वहीं अब हमलों की वजह से तेल, अनाज और अन्य सामानों के परिवहन के बारे में चिंता पैदा हो गई है और बीमा की लागत बढ़ा दी गई है। लाल सागर के माध्यम से माल भेजना। हमलों के कारण शिपिंग बीमा लागत में प्रतिदिन हजारों डॉलर की बढ़ोतरी हुई और तेल की कीमतें बढ़ गई हैं।

तेल प्रमुख बीपी ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए लाल सागर के माध्यम से सभी पारगमन को अस्थायी रूप से रोक दिया। अमेरिका व्यापार मार्ग की सुरक्षा के लिए एक टास्क फोर्स स्थापित करने के लिए अन्य देशों के साथ बातचीत कर रहा है, जबकि इटली लाल सागर में गश्त के लिए एक नौसैनिक गठबंधन में शामिल होने पर विचार कर रहा है।

गौरतलब है कि, ईरान समर्थित हूतिस ने हाल के हफ्तों में कई जहाजों पर हमला किया है, उनका कहना है कि वे गाजा में अपने सैन्य हमले के विरोध में ÷इजरायल से जुड़े÷ लाल सागर में जहाजों को निशाना बना रहे हैं। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने क्षेत्र की ओर नौकायन करने के खिलाफ चेतावनी दी है।

## विपक्ष के देशव्यापी प्रदर्शन के बीच यात्री ट्रेन में आगजनी

ढाका। बांग्लादेश में आम चुनाव की तारीखों के एलान के बीच, राजनीतिक अशांति के बीच अज्ञात लोगों ने मंगलवार को एक घटना को अंजाम दिया, जिसमें उन्होंने यात्री ट्रेन को आग लगा दी। इस वारदात में एक महिला और उसके नाबालिग बेटे समेत चार लोगों की मौत हो गई है। बता दें विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी द्वारा मंगलवार को चुनावों का बहिष्कार करने और चुनाव आयोग के चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ ओपचारिक विरोध के चलते यह घटना हुई है, इस विरोध में राष्ट्रव्यापी बंद का आह्वान किया गया था। बता दें इस तरह की घटना पिछले माह भी हुई थी, यह पांचवीं घटना है, जहां ट्रेन को आग के हवाले कर दिया गया। हताहतों की संख्या के मामले में यह सबसे बड़ी घटना है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि रेलवे स्टेशन से ट्रेन जाने के तुरंत बाद उपद्रवियों ने सुबह ढाका जाने वाली अंतर जिला मोहनगंज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों को आग के हवाले कर दिया।

## रूस से लड़ रहे यूक्रेन को फिलहाल मदद नहीं पहुंचा पाएगा अमेरिका

# सीनेट में अटकी बाइडन सरकार की कोशिश

वॉशिंगटन। 110 अरब डॉलर वाले सहायता पैकेज में यूक्रेन, इस्राइल और अन्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने का प्रस्ताव दिया गया। हालांकि, सांसदों ने कहा कि उनके पास आगे भी काफी काम है और इस पर चर्चा बाद में हो सकती है।

रूस और यूक्रेन के बीच बीते करीब दो साल से जारी युद्ध के बीच अब कई देशों ने इस जंग से हाथ पीछे खींचने शुरू कर दिए हैं। यूरोपीय देशों के बाद अब अमेरिका में भी यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य मदद पहुंचाने में अड़चन आ रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन लगातार यूक्रेन को मदद भेजने का भरोसा देते रहे हैं। हालांकि, संसद में उनकी यह कोशिश रंग लाती नहीं दिख रही। सोमवार को बाइडन सरकार की ओर से यूक्रेन की मदद के लिए लाए गए सहायता पैकेज के प्रस्ताव पर सीनेट की मुहर नहीं लग पाई।

अमेरिकी सीनेट में सोमवार को सांसदों के बीच बॉर्डर सुरक्षा नीति पर चर्चा हुई। इसे लेकर डेमोक्रेट

**चर्चा**

**अमेरिकी सीनेट में सोमवार को सांसदों के बीच बॉर्डर सुरक्षा नीति पर चर्चा हुई।**

पार्टी और विपक्षी रिपब्लिकन के बीच लंबे समय से गतिरोध बना है। हालांकि, बाइडन सरकार इस बीच ही रिपब्लिकन पार्टी के विरोध की वजह से यूक्रेन को भेजी जाने वाली सहायता पर समझौते के लिए चर्चा प्रस्ताव लाई। 110 अरब डॉलर के इस पैकेज में यूक्रेन, इस्राइल और अन्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने का प्रस्ताव दिया गया। हालांकि, सांसदों ने कहा कि उनके पास आगे भी काफी काम है और इस पर चर्चा बाद में हो सकती है।

अभी यह साफ नहीं है कि



सीनेट का सत्र कितने दिनों तक चल सकता है। सोमवार को भी 100 सदस्यों वाले इस सदन में आधे सांसद ही वोटिंग के लिए पहुंचे थे। इस बीच यूक्रेन के लिए आर्थिक पैकेज के रुकने से बाइडन सरकार की ओर से किए गए जेलेंस्की से किए गए वादों पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, जिसके तहत यूक्रेन को मदद भेजी जानी थी। इतना ही नहीं सीनेट में आव्रजन और सीमा सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर गतिरोध की वजह से पैकेज के लंबे समय तक अटके रहने का अनुमान है।

## 70% गैस स्टेशनों का कामकाज ठप

तेहरान। देश में लगभग 33 हजार गैस स्टेशन हैं। हाल के वर्षों में ईरान के गैस स्टेशन, रेलवे प्रणाली और उद्योगों पर कई बार साइबर हमले हुए हैं। यहां तक कि जेल सहित सरकारी इमारतों की निगरानी के लिए लगाए गए कैमरे भी हैक किए जा चुके हैं।

संदिग्ध साइबर हमले के कारण ईरान के 70% गैस स्टेशनों का कामकाज सोमवार को ठप हो गया। सरकारी टेलीविजन चैनल के मुताबिक 'सॉफ्टवेयर में समस्या' के कारण गैस स्टेशन के कामकाज में अनियमितता आ गई। चैनल द्वारा लोगों से आग्रह किया गया कि वह उन गैस स्टेशन पर न जाएं, जो अब भी काम कर रहे हैं। टाइम्स ऑफ इस्राइल सहित इस्राइली मीडिया ने 'गोंजेश्के दरांदे' या 'प्रेडेटरी स्पैरो' नामक हैकर समूह के हमले को जिम्मेदार ठहराया है। सरकारी टेलीविजन चैनल ने तेल मंत्रालय के बयान के हवाले से बताया कि देश में 30% से अधिक गैस स्टेशन अब भी काम कर रहे हैं।

# बाइडन के दोबारा राष्ट्रपति बनने में अहम भूमिका निभा सकते हैं भारतीय अमेरिकी, भारतवंशी नेता का दावा

वॉशिंगटन। हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी पारंपरिक तौर पर डेमोक्रेट पार्टी के समर्थक रहे हैं लेकिन बीते कुछ चुनाव में भारतीय अमेरिकियों के वोट प्रतिशत का कुछ हिस्सा रिपब्लिकन पार्टी को मिलना शुरू हो गया है।

अमेरिका में एक भारतवंशी नेता ने दावा किया है कि जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनाने में भारतीय अमेरिकी समुदाय की भूमिका अहम रहेगी। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेट पार्टी को भारतीय अमेरिकी समुदाय को अपने पक्ष में करने के लिए कोशिश शुरू कर देनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि इस्राइल-हमास युद्ध के चलते मुस्लिम-अमेरिकी समुदाय की तरफ से डेमोक्रेट पार्टी को झटका मिल सकता है।

मेसाच्युसेट्स स्थित डेमोक्रेट पार्टी के लिए राजनीतिक फंड इकट्ठा करने वाले भारतवंशी रमेश कपूर ने यह दावा किया है। पार्टी की डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी की रिट्रीट में शामिल होने के लिए रमेश कपूर वॉशिंगटन में



मौजूद थे। उस दौरान उन्होंने कहा कि हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी पारंपरिक तौर पर डेमोक्रेट पार्टी के समर्थक रहे हैं लेकिन बीते कुछ चुनाव में भारतीय अमेरिकियों के वोट प्रतिशत का कुछ हिस्सा रिपब्लिकन पार्टी को मिलना शुरू हो गया है। रमेश कपूर को जो बाइडन का करीबी नेता माना जाता है और हाल ही में व्हाइट हाउस में हुई हॉलिडे पार्टी में भी रमेश कपूर शामिल हुए थे। रमेश कपूर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मैं कोशिश कर रहा हूं कि अमेरिका में रहने वाला हिंदू समुदाय बाइडन प्रशासन का समर्थन करे। बेशक 72 प्रतिशत भारतीय अमेरिकियों ने पिछली बार बाइडन को वोट किया था लेकिन हम चाहते हैं कि इस बार अधिकतर हिंदू अमेरिकी एकजुट होकर बाइडन सरकार का समर्थन करें। हमें इस धारणा से जूझना पड़ रहा है कि डेमोक्रेटिक पार्टी हिंदू विरोधी है। हमने इसे लेकर व्हाइट हाउस में बात की है और इस धारणा को तोड़ने के लिए हम एक कैंपेन चलाने पर विचार कर रहे हैं।

रमेश कपूर ने कहा कि जिन राज्यों में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी के बीच काटे की टक्कर है, वहां भारतीय अमेरिकी समुदाय बेहद अहम है। जिन राज्यों में दोनों पार्टियों में कड़ा मुकाबला है, वहां हिंदू भारतीय समुदाय की अच्छी खासी तादाद है। कपूर ने कहा कि ओबामा प्रशासन के दौरान मुस्लिम अमेरिकी मतदाताओं को खुश करने के लिए हिंदू अमेरिकी मतदाताओं को नाराज किया गया। अब इस्राइल हमास युद्ध की वजह से मुस्लिम मतदाता बाइडन सरकार से खुश नहीं हैं।

# चीन में भूकंप से 116 की मौत: 6.1 तीव्रता के झटकों से जब मलबे का ढेर बन गईं ऊंची-ऊंची इमारतें

बीजिंग। चीन में सोमवार देर रात आए भूकंप में अब तक 116 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं, 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। 6.1 तीव्रता का यह भूकंप गांसू और किंघई प्रांत में सोमवार देर रात आया। भूकंप का केंद्र गांसु के लिंक्सिया हुई में साला काउंटी में जमीन के 10 किलोमीटर नीचे रहा। प्रांत में ऊंची-ऊंची इमारतों के लिए कितना घातक साबित हुआ, इसका नजारा चीन से आई तस्वीरों और वीडियो में साफ देखा जा सकता है। चीन की आपात सेवाओं को भूकंप के ठीक बाद मलबे में तब्दील हुई कई इमारतों से लोगों को सही-सलामत निकालने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी सरकार और प्रशासन के सभी अंगों से ऑल आउट ऑपरेशन चलाने को कहा है।

चीन की स्थानीय मीडिया की तरफ से गांसू प्रांत में आए इस भूकंप के वीडियो और इसके असर से जुड़ी तस्वीरें साझा की गई हैं। इसके अलावा कुछ लोगों ने भी भयावह मंजर को बयां किया है। इनमें से एक वीडियो जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ है,



उसमें ऊंची इमारत में बने एक कमरे को बुरी तरह कांपते देखा जा सकता है। इस दौरान कमरे से सामान और प्लास्टर को टूटकर नीचे गिरते भी देखा गया।

चीन से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, उनमें कई ऊंची इमारतों को मलबे में तब्दील होते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान लोग अपने घरों से निकलकर सुरक्षित जगह की तलाश में इधर-उधर भागते भी दिखे। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई गांवों में इस भूकंप के बाद बिजली और पानी की सप्लाई कट गई। इसके साथ ही आपात सेवाओं के कई वाहनों को लोगों की मदद के लिए, प्रभावित क्षेत्रों में भागते देखा जा सकता है।

एक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, गांसु की राजधानी लान्झू में भूकंप के झटके महसूस होते ही विश्वविद्यालय के छात्र अपने छात्रावासों से बाहर निकल आए।

# ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिकाएं खारिज

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज की पांच याचिकाएं**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी भूमि स्वामित्व विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को बड़ा आदेश दिया है। ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1991 के मुकदमे को ट्रायल की मंजूरी दे दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पांच याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

जज जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने मालिकाना हक विवाद के मुकदमों को चुनौती देने वाली सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि मुकदमा देश के दो प्रमुख समुदायों को प्रभावित करता है। हाईकोर्ट ने कहा कि हम वाराणसी जिला ट्रायल कोर्ट को छह महीने में मुकदमे का फैसला करने का निर्देश देते हैं। ज्ञात हो कि काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी केस में 1991 में वाराणसी कोर्ट में पहला मुकदमा दाखिल हुआ था। याचिका में ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी गई। प्राचीन मूर्ति स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर की ओर से सोमनाथ व्यास, रामरंग शर्मा और हरिहर पांडेय बतौर वादी इसमें शामिल हैं। मुकदमा दाखिल होने के कुछ महीने बाद सितंबर 1991 में केंद्र सरकार ने पूजा स्थल कानून बना दिया। ये कानून कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। अगर कोई ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे एक से तीन साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा यह फैसला ऐतिहासिक फैसला है क्योंकि सभी पक्षों को यह कहा गया है कि मामले को 6 महीने में निस्तारित किया जाए और याचिकाओं को खारिज किया है... अगर एक पक्ष पीड़ित है तो उसके लिए ऊपर की अदालत खुली है।

अयोध्या का मामला उस वक्त कोर्ट में था इसलिए उसे इस कानून से अलग रखा गया था। लेकिन ज्ञानवापी मामले में इसी कानून का हवाला देकर मस्जिद कमेटी ने याचिका को हाईकोर्ट में चुनौती दी। 1993 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्टे लगाकर यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि किसी भी मामले में स्टे ऑर्डर की वैधता केवल छह महीने के लिए ही होगी। उसके बाद ऑर्डर प्रभावी नहीं रहेगा।

## मण्डलायुक्त ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन का शुभारम्भ

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने मंगलवार को विकास खण्ड सठियॉव अन्तर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन का फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तथा उसकी जानकारी हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। कार्यक्रम स्थल पर महिला कल्याण, पशुपालन, जल निगम, श्रम, खाद्य एवं रसद आदि विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का मण्डलायुक्त मनीष चौहान तथा जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से सघन निरीक्षण किया।

# शिविर में 290 का परीक्षण कर दवा वितरण

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण प्रदाता उद्योग विकास संस्थान द्वारा नगर के महरूपुर स्थित अशोक सिंह फार्मेसी कॉलेज में एकदिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया,जिसमे लगभग 290 लोगो का चिकित्सकीय परीक्षण करके परामर्श दिया गया तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि टी डी महाविद्यालय के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित कौशल विकास योजना से देश के युवाओं को लाभ मिल रहा है।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्रदाता संस्था उद्योग विकास संस्थान द्वारा जो प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज इस मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया है यह प्रशसनीय है,भविष्य में भी ऐसे ही कैम्प का आयोजन होते रहना चाहिए।कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक व जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने कहा कि कौशल विकास मिशन का उद्देश्य युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार दिलवाना है,उद्योग विकास संस्थान द्वारा नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम को और भी आकर्षक बनाने के लिये जो कार्यक्रम कराए जा रहे हैं वे बधाई के पात्र हैं।उद्योग विकास संस्थान के प्रोजेक्ट हेड राजीव पाठक ने बताया कि वर्तमान में उक्त परिसर में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत टेलेहेल्थ सर्विसेज को ऑर्डिनेटर का कोर्स संचालित किया जा रहा है,जिसके क्रम में आज मेडिकल कैम्प का आयोजन इस उद्देश्य के साथ किया गया है कि वास्तविक चिकित्सकों व मरीजों के साथ को ऑर्डिनेटर की भूमिका का निर्वहन करना ये प्रशिक्षणर्थि सीख सकें।इस अवसर पर चिकित्सकीय पैनल में उपस्थित डॉ प्रभात कौशल,डॉ मुकेश शुक्ल,डॉ शिखा शुक्ला,डॉ मिथिलेश श्रीवास्तव, डॉ आनंद कुमार,डॉ गौरव प्रकाश मौर्य,डॉ दिनेश कुमार को अतिथि द्वय के द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मेडिकल कैम्प के संयोजक राजेश मौर्य ,डी. डी. यू.जी.के.वाई. के डीपीएम प्रभात पांडेय,ट्रेनर अनुज पटेल,अशोक फार्मेसी के प्रिंसिपल जयंत कुमार मौर्य,रजिस्ट्रार उमाकांत गिरी,करिश्मा गौड़,अंजली,समेत कौशल विकास के प्रशिक्षणर्थि उपस्थित रहे।

# रूबी सिंह ने शोध कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शहर कलेक्ट्री समीप स्थित एसबीआई मुख्य शाखा के सामने के निवासी प्रोफेसर हर्ष विक्रम सिंह (विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, के.एन. आई.टी. सुल्तानपुर) की धर्मपत्नी शोधार्थिनी-रूबी सिंह की भौतिक विज्ञान विषय की पी-एच.डी. मौखिकी परीक्षा पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सभागार में संपन्न हुई। पू.वि.वि. के कुलपति द्वारा नामित बाह्य विशेषज्ञ-प्रो0 जी0आर0 मिश्रा (डॉ0राम मनोहर लोहिया अवध वि0वि0, अयोध्या) एवं शोध निर्देशक-डॉ0 सुदेश कुमार सिंह(टीडीपीजी कॉलेज जौनपुर) द्वय विद्वान परीक्षक के समक्ष शोधार्थिनी-रूबी सिंह ने लैपटॉप में पीपीटी के माध्यम से अपने शोध कार्यों का प्रस्तुतीकरण दिया तदोपरान्त बाह्य विशेषज्ञ एवं शोध निर्देशक द्वारा प्रश्न पूंछे गए जिसका शोधार्थिनी ने सारगर्भित उत्तर दिया। द्वय विद्वान परीक्षक द्वारा शोधार्थिनी रूबी सिंह को शोध उपाधि प्रदान किए जाने की प्रबल संस्तुति की गई तथा शोध प्रबंध को प्रकाशन योग्य बताया। अंत में शोधार्थिनी-रूबी सिंह को सफल पी-एच.डी. मौखिकी परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के उपस्थिति प्राध्यापकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिये।

# काशी तमिल संगमम के सदस्यों का हुआ भव्य स्वागत

**संगम क्षेत्र के विहंगम एवं मनोहारी दृश्य देखकर अभिभूत हुए काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यगण**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ''काशी तमिल संगमम'' कार्यक्रम के प्रथम दल के सदस्यों का मंगलवार को जनपद प्रयागराज आगमन पर टीम के सदस्यों का पुष्पवर्षा एवं मां तमिल की वंदना के साथ भव्य रूप से स्वागत किया गया।

संगम क्षेत्र में पहुंचने पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नजूल प्रदीप कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा टीम के सदस्यों का भव्य रूप से स्वागत किया गया।



इस अवसर पर काशी तमिल संगमम पर्यटकों के स्वागत में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किए गए। काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों के द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम का अवलोकन/स्नान कराया गया तथा तीर्थराज प्रयागराज के महत्व के बारे में बताया गया। संगम क्षेत्र के अद्भुत एवं मनोहारी दृश्य देखकर सदस्यगण मंत्रमुग्ध हो गये। सदस्यगणों के द्वारा संगम क्षेत्र में वीआईपी घाट पर बनाये गये सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी लिया गया तथा सैण्डआर्ट का अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल के द्वारा टीम के सदस्यों को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संगम क्षेत्र कार्यक्रम के पश्चात काशी तमिल संगमम टीम के सदस्यगणों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन एवं पूजन किए। इसके उपरांत टीम के सदस्य स्वामी नारायण मंदिर एवं चन्द्रशेखर आजाद पार्क भी गये। इस अवसर पर दल के सदस्यों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** उ0प्र0 खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2023-24 का समापन मुख्य विकास अधिकारी, महोदय परीक्षित खटाना जी द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर आज दिनांक 19.12.2023 को डी0ए0वी0 इण्टर कालेज के मैदान रैदोपुर आजमगढ़ पर किया गया। यह प्रदर्शनी 05.12.2023 से 19.12.2023 तक आयोजित की गयी थी इस प्रदर्शनी में विभिन्न जनपदों की खादी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है जिसमें सूत्री खादी, उनी खादी रेशमी खादी के कपड़ो के अतिरिक्त रजाई गद्दे, कम्बल, शाल, लेडीज सूट, उनी सदरी, खादी के सिले सिलाये कपड़े, सहारनपुर के फर्नीचर, भदोही का कालीन आदि उपलब्ध है। मुख्य विकास अधिकारी, महोदय द्वारा प्रदर्शनी में लगे हुए सभी स्टालों का बारी-बारी से निरीक्षण किया गया प्रदर्शनी में खादी उत्पादों पर विशेष छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी में विभिन्न ग्रामोद्योगी उत्पाद जैसे जड़ी बूटी से निर्मित उत्पाद, आवला उत्पाद, चन्दन से बने फेस पैक, हर्बल उत्पाद, काश्मीरी साल, शूट, सदरी तथा खादी की अच्छी विक्री इस प्रदर्शनी में रहीं। इस प्रदर्शनी अवधि में कुल विक्री 119.84 लाख जिसमें खादी 60.00 लाख एवं ग्रामोद्योग 59.84 लाख की विक्री हुई। समापन अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री संजय सिंह जी, उपायुक्त उद्योग एस0एस0 रावत एवं जिला सूचना अधिकारी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आजमगढ, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बलिया एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मऊ एवं मण्डल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विजय प्रकाश पुनः सर्व सम्मति से अध्यक्ष बने

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ( संम्बद्ध आई एफ डब्ल्यू जे) जनपद इकाई की वार्षिक बैठक कलेक्ट्रेट परिषर स्थित पत्रकार भवन के सभागार में विजय प्रकाश मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2023 की कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से 2024के लिए अनुमोदित करते हुए विजय प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए उन्हें अध्यक्ष का भार पुनः सौंपा गया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन मे विजय प्रकाश मिश्र ने संगठन को गतिशील बनाने के सभी सदस्यों से एक जुट होकर यूनियन को मजबूती प्रदान करने का आह्वाहन किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर कुंवर यशवंत सिंह ने कहा कि पत्रकार एवं पत्रकारिता को जिंदा रखने के लिए रखने के लिए सुचिता पूर्ण पत्रकारिता समय की मांग है । उन्होंने सुचिता पूर्ण पत्रकारिता पर बल दिया ।इस अवसर पर यूनियन के उपाध्यक्ष सम्पादक आदर्श कुमार ने संगठन के विस्तार पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अपने अपने विचार प्रकट करने वाले वरिष्ठ पत्रकार अरविंद उपाध्याय, दीपक चिटकरीया, चंद्रमणि पांडे, यशवंत कुमार गुप्ता, मजहर आसिफ, प्रमोद कुमार पांडे, अजवद कासमी, सी एम पान्डेय ने संगठन को गतिशील बनाने के लिए अपने अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने अगले वर्ष में पत्रकार प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया जिस पर सभी सदस्यों ने एक सुर मे.पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम. के माध्यम से पत्रकारों के लिए. प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाना आवश्यक बताया। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के महामंत्री सन्तोष कुमार सोन्थालिया ने किया। इस अवसर पर दीपक चिटकारिया, ओम प्रकाश यादव, संतोष कुमार चतुर्वेदी, अमरेश कुमार पांडे, प्रेम प्रकाश मिश्रा, अजय पान्डेय, सुरेंद्र यादव, आन्नद मिश्र, रामचंद्र नागर, ऋतिक अरोड़ा, विजय प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, आरिफ अंसारी, अरुण कुमार तिवारी, देवेंद्र खरे, अजय पांडे, सूरत जायसवाल, मनीष कुमार गुप्ता, संजय उपाध्याय, सचिन श्रीवास्तव, गंगा प्रसाद चैबे, पंकज तिवारी, विवेक मिश्र वरदान, विजय प्रताप सिंह, जुबेर अहमद, डॉ राकेश मिश्रा, आनंद मिश्रा, विकास कुमार पान्डेय, मनीष कुमार सिंह, दीपक मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, जावेद हसन रिजवी, अर्पित मिश्र,लाल बहादुर यादव, शरद कुमार जायसवाल, अभिनव कुमार मिश्र, असलम परवेज, आदि उपस्थित रहे।

## गुलामी के हर अंश से मुक्ति प्राप्त करना होगा

**जौनपुर।** जिले के सात ब्लाक के प्रत्येक दो गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला मंत्री प्रमोद यादव ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्प दिलाया और कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिराट विजनरी है जिसे पूरा करने के लिए देश का हर व्यक्ति संकल्प ले रहा है। कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें अपनी विरासत पर गर्व करना होगा और गुलामी की हर अंश से मुक्ति प्राप्त करना होगा। यह कार्यक्रम सिकरारा ब्लाक में सिकन्दरा और नोनिया मुंगरा बादशाहपुर ब्लॉक में भानपुर गोथूआ महाराजगंज ब्लॉक में फत्तूपुर, गुन्दालपुर बदलापुर ब्लॉक में मिश्रौली बरैया सुइथा ब्लॉक में बद्दूपुर, जहीरूद्दीन में और शाहगंज ब्लाक में झांसेपुर और मनी खुर्द करंजाकला में चकवा, नेवादा ईश्वरी सिंह गांव में कार्यक्रम हुआ।

# डॉ. ऐश्वर्य का गणतंत्र दिवस परेड में दल नायक के रूप चयन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जगत तारन महिला महाविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की सहायक अध्यापिका डॉ. ऐश्वर्य सिंह का चयन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2024 हेतु हरिद्वार में आयोजित दस दिवसीय पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर में राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के दल नायक के रूप में किया गया है। प्रतिवर्ष नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर जनवरी माह में गणतंत्र दिवस शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमे देश के 200 स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं के साथ 9 कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा चयनित हो कर प्रतिभाग करते है। डॉ. ऐश्वर्य सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी के रूप में सक्रिय है। उन्होंने नवम्बर माह में हरिद्वार में आयोजित पूर्व गणतंत्र दिवस शिविर में उत्तर प्रदेश की 82 स्वयंसेविकाओं का प्रतिनिधित्व किया था। राष्ट्रीय चयन समिति द्वारा चयन के पश्चात वो उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड की 16 स्वयंसेविकाओं के साथ नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2024 में दल नायक के रूप में प्रतिभाग करेगी।

# पुलिस की छापेमारी में दो बालक काम करते हुए पाए गए

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** बाल श्रम को रोकने के लिए जहां प्रदेश स्तर पर सरकार द्वारा मुहिम चलाकर कार्रवाई की जा रही वहीं जनपद में बाल मजदूरी का एक अजीबो गरीब वाकया सामने आ गया। जी हां मामला पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का है, जहां पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर उसके मलबे को हटाने का काम चल रहा है। ठेकेदार द्वारा यह कार्य कम उम्र के बच्चों द्वारा करवाया जा रहा था। जब यह बात पत्रकार बन्धुओं को पता चली तो वे मौके पर जाकर इस बावत ठेकेदार से पूछताछ की तो ठेकेदार द्वारा हेकड़ी दिखाते हुए कहा गया कि अच्छी तरह से फोटो, वीडियो बना लीजिए, इसका कोई मतलब नहीं निकलेगा। पत्रकारों द्वारा मौके की पूरी तस्वीर अपने कैमरे में कैद कर इस बावत सम्बन्धित अधिकारी का बयान लिया गया। तो अधिकारी सन्न रह गये। उप श्रमायुक्त शशिकांत पांडेय ने थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफिक्रंग यूनिट प्रभारी अभय कुमार मिश्रा के साथ पुराना पुलिस आफिस में छापेमारी की। इस दौरान दो बालक काम करते हुए पाए गए। पुलिस ने दोनों बालकों को स्वजन की सुपुर्दगी में दिया गया।

## जनपद के विभिन्न समस्याओं को लेकर सपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के नि. जिला अध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में आजमगढ़ के सभी विधायक गण के साथ जनपद के विभिन्न जन समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी आजमगढ़ को ज्ञापन दिया गया। और पार्टी कार्यालय पर संगठन की बैठक की गई जिसमें विभिन्न विधानसभाओं के प्रभारी बूथ कमेटियों के सत्यापन के लिए नियुक्त किए गए। विधानसभा अतरौलिया-कमलेश कुमार यादव, विधानसभा लालगंज- रामनयन यादव, विधानसभा सगड़ी- करूणाकांत मौर्य, विधानसभा दीदारगंज-पूर्व एम एल सी- कमला प्रसाद यादव, विधानसभा गोपालपुर- दिनेश विश्वकर्मा, विधानसभा मेंहनगर इंजीनियर लालचंद यादव राष्ट्रीय पहलवान, विधानसभा फूलपुर पवई-कमलेश यादव सरफुद्दीनपुर, विधानसभा मुबारकपुर- अनुराग यादव, सहप्रभारी-संतलाल विश्वकर्मा, विधानसभा सदर- देवनाथ साहु विधानसभा निजामाबाद-श्रीमती सना परवीन को प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर विधायक व पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक - आलंमबदी आजमी, डॉक्टर संग्राम सिंह यादव, नफीस अहमद, अखिलेश यादव, बेचई सरोज, पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, डॉ रामदुलार राजभर, करुणाकांत मौर्य, विवेक सिंह,अजीत कुमार राव,प्रवक्ता अशोक कुमार यादव, इंजीनियर लालचंद यादव राष्ट्रीय पहलवान, कमलेश यादव गायक, राजेश यादव, अनुराग यादव संतलाल विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

# उ.प्र. में हो सवर्ण आयोग का गठन: मकराना

**प्रदेश स्तरीय सवर्ण सम्मेलन आयोजित**

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** श्री राजपूत करणी सेना उ0 प्र0 के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय सवर्ण सम्मेलन आज आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा जैसे अन्य प्रदेशों में सरकारों ने सवर्ण समाज के हित को देखते हुये सवर्ण आयोग का गठन किया है। ऐसे ही संगठन मांग करता है उ0प्र0 सरकार से कि शीघ्र ही सवर्ण समाज के हित को देखते हुये सवर्ण आयोग का गठन करें, जिससे कि सवर्ण समाज का कल्याण हो सके।

संगठन के उ0प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू द्वारा सवर्ण समाज के हित को देखते हुये सवर्ण आयोग गठन की इस पहल को हम मंच से सराहनीय देते हुये कि संगठन एवं सवर्ण समाज आपके साथ है। प्रदेश उपाध्यक्ष विकास सिंह ने कहा पूर्व में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व0 सुखदेव गोगामणि ने राजस्थान सरकार से अपनी हत्या के बारे में सूचना दी थी और पंजाब सरकार की एल0 आई0 यू0 की रिपोर्ट में साफ जिक्र था कि गोगामणि की हत्या हो सकती है। परन्तु राजस्थान सरकार ने गोगामणि को सुरक्षा प्रदान नही की। सुरक्षा न मिलने पर कुछ दिन पूर्व ही उनकी हत्या कर हुई। हम केन्द्र सरकार से और उ0 प्र0 मांग करते है कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना को एवं संगठन के उ0 प्र0 के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू को शीघ्र ही सुरक्षा प्रदान करें। बिहार से पूर्व सांसद आनन्द मोहन ने कहा कि एस0 सी0 एस0 टी0 एक्ट धारा में संशोधन करने के लिये सरकार से मांग की एवं अपने विचार रखे।

# बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य कर मोहा मन

**भारत श्रेष्ठ भारत की स्थापना व अनेकता में एकता को पिरोना हमारा संल्कप**

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण संचेतना वार्षिकोत्सव के अंतर्गत वार्षिक कार्यक्रम तथा फन एण्ड ऐनुवल फिस्टा कम फेटे का भव्य आयोजन 17 दिसम्बर को किया गया। इस कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि के रूप में राहुल विश्वकर्मा (ए0डी0एम0 प्रशासन), आजमगढ़ तथा विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में रोहित कुमार यादव (एस0डी0एम) आजमगढ़, डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा पूर्व मन्त्री की उपस्थित ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के द्वारा माँ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर के किया गया। मंचासीन संस्था के संस्थापक प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद यादव, निदेशिका श्रीमती कंचन यादव, प्रधानाचार्य विधान तिवारी ने भी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन समर्पित कर वन्दन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वन्दना के साथ की गई। इसी क्रम में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बूम-बूम डांस, अन्य के द्वारा हरियानवी डांस, राजस्थानी डांस, कठपुतली डांस, अनेकता में एकता को दर्शाते हुए डांस, रिश्तों की समृद्धि डोर को दर्शाता डांस, महिषासुर मर्दनी डांस की प्रस्तुति अत्यंत मोहक एवं जीवन्त सी प्रतीत हो रही थी। सर्वोदय परिवार, जिसमें सी0बी0एस0ई0, यू0पी0 बोर्ड, डिग्री कालेज, फॅर्मेसी कालेज तथा पॉलिटेक्निक कालेज के बच्चों के द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले सांस्कृतिक नृत्य, लोक नृत्य आदि का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इन सबके माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की स्थापना व अनेकता में एकता को पिरोकर, बच्चों को इस लायक बनाना कि भविष्य में ये इसके अनुकूल अपने आप को ढाल सकें। इस अवसर पर विद्यालय के रॉक-बैंड की तरफसे वाद्य यंत्रों के द्वारा शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के अन्त में लकी ड्रा के माध्यम से बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि यह वार्षिक कार्यक्रम बच्चों के चौतरफा विकास का माध्यम है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण के विकास के लिए विद्यालय का होना महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने बच्चों से अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने व उसको आत्मविश्वास के साथ पूर्ण करने का तरीका बताया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 85 प्रधानाध्यापकों के वेतन रोकने का विरोध जताया

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों द्वारा फल वितरण न करने के कारण 85 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन रोकने पर बीएसए गोरखनाथ पटेल से मिलकर ज्ञापन सौंपा और शिक्षको की बजाय एमडीएम का वास्तविक संचालन करने वाले ग्राम प्रधानों पर कारवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि विगत 5 माह से प्रत्येक माह एमडीएम की समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापकों द्वारा सूचित करने के बावजूद विभाग द्वारा ग्राम प्रधानों के खिलाफ न कोई कारवाई की गई और न फल वितरण कराने का प्रयास ही किया गया, विभाग मौन बना रहा, अब शिक्षको को बलि का बकरा बनाते हुए उनका वेतन अवरुद्ध किया जा रहा है, जो अविधिक और अन्याय है। शिक्षको के असंतोष एवम आक्रोश को देखते हुए संगठन ने निर्णय लिया है कि ग्राम प्रधानों की अनियमितता का दंड यदि शिक्षको को दिया गया और शिक्षको का अवरुद्ध वेतन बहाल नहीं किया जाता तो शिक्षक चुप नही बैठेगा, आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए हम विवश होंगे। प्रतिनिधिमंडल के द्वारा बताया गया कि शिक्षक जब डक्ड संचालन करने वाले ग्राम प्रधान से मेन्यू के अनुसार भोजन बनवाने, फल वितरण और दूध वितरण की बात करते है तो अधिकांश ग्राम प्रधान उल्टा शिक्षक पर ही दबाव बनाते है और उनके साथ मारपीट करते है , और ये सब शिक्षक झेलता है , विभाग भी कही नही खड़ा होता। आज शिक्षक ग्राम प्रधान और विभाग के बीच में पीसा जा रहा है।

## महिलाओ से संवाद कर किया जागरूक

**जौनपुर।** केराकत क्षेत्र के महुली गांव में स्थित पंचायत भवन पर मंगलवार को ग्रामीण विकास संस्थान के द्वारा महिलाओ के साथ संवाद कर उन्हे जागरूक किया गया मौजूद महिलाओ को संबोधित करते हुए सौहार्द फेलो मंच के नीरा आर्या ने बताया कि भारतीय संविधान हम सभी के जीवन का मार्गदर्शक है ग्रामीण विकास संस्थान बहुत ही लाभकारी संगठन है जो नागरिकों को एक समान स्वतंत्र न्यायपूर्ण और सम्मानजनक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न क्षमता निर्माण पहलुओं के माध्यम से हम नागरिकों को अपने समुदाय में अधिक सार्थक योगदान देने के लिए संवैधानिक मूल्यों और ढांचे का उपयोग करने में सक्षम बनाते हैं उन्होंने बताया कि विशेष कर महिलाओं किशोरियों के साथ-साथ युवाओं के बीच संवैधानिक मूल्यों को लाने का प्रयास कर किया जाता है।

# धीमी प्रगति वाले अधिकारियों को किया कमिश्नर ने कर्रा

**मण्डलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यक्रमों के प्रगति की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित मण्डलीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने रैंकिंग में खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को कार्यों में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। आईजीआरएस पोर्टल से सम्बंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित किए गए समय-सीमा में अनिवार्य रूप से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता नहीं होनी चाहिए।

मण्डलायुक्त ने मण्डल के सभी जनपदों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठण्ड के मौसम के दृष्टिगत सभी चिन्हित. तथा आवश्यक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था एवं रैन बसेरों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए। सेतुओं के निर्माण की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने जनपद प्रतापगढ़ में कुछ सेतुओं का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद भी सम्पर्क मार्ग के निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया कि जिलाधिकारी द्वारा जमीन से सम्बंधित मामलों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाये। मण्डलायुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए स्टाम्प रजिस्ट्रेशन विभाग की जनपद प्रयागराज व कौशाम्बी की राजस्व वसूली कम पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्व वसूली से सम्बंधित सभी विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर जिलाधिकारी फतेहपुर सी इंदुमति, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारीगणों के साथ-साथ अपर आयुक्त एवं संयुक्त उपायुक्त सहित सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी के लिए वैकल्पिक निवेश कोष में निवेश से जुड़े नियम कड़े किए

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की किसी भी योजना में निवेश करने से रोक दिया



है। बैंक और एनबीएफसी, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तहत विनियमित संस्थाएं (आरई) हैं, अपने नियमित निवेश संचालन के हिस्से के रूप में एआईएफ की इकाइयों में निवेश करते हैं।

वेंचर कैपिटल फंड, एंगल फंड, इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, प्राइवेट इक्विटी फंड और हेज फंड समेत अन्य एआईएफ की श्रेणी में आते हैं। रिजर्व बैंक ने एक सर्कुलर जारी कर कहा, एआईएफ से जुड़े आरई के कुछ लेनदेन जो नियामकीय चिंताओं से जुड़े हैं, हमारे संज्ञान में आए हैं।

आरबीआई के अनुसार इन लेनदेनों में एआईएफ की इकाइयों में निवेश के माध्यम से अप्रत्यक्ष कर्ज के साथ ऋण लेने वालों को विनियमित इकाइयों (बैंक और एनबीएफसी) के प्रत्यक्ष ऋण जोखिम का प्रतिस्थापन जुड़ा है। रिजर्व बैंक ने कहा है कि नए कदम एआईएफ के जरिये पुराने कर्ज को लौटाने के लिए नई कर्ज की व्यवस्था पर रोक लगाने के लिए कदम उठाये हैं।

बैंक और एनबीएफसी एआईएफ की किसी भी ऐसी योजना में निवेश नहीं कर सकते, जिसने वित्तीय संस्थान से कर्ज लेने वाले कर्जदाताओं की कंपनी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निवेश कर रखा है। केंद्रीय बैंक ने उधारदाताओं को निर्देश दिया है कि इस तरह के निवेश को 30 दिनों के भीतर समाप्त करने की आवश्यकता होगी।

# उतार-चढ़ाव के बाद संभला बाजार, सेंसेक्स 122 अंक चढ़ा, निफ्टी 21450 के पार

**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। मंगलवार को सेंसेक्स 122.10 (0.17%) अंकों की बढ़त के साथ 71,437.19 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 34.45 (0.16%) की बढ़त के साथ 21,453.10 के स्तर पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में बढ़त के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और नेस्ले जैसी बड़ी कंपनियों की अगुवाई में मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

निफ्टी एफएमसीजी नेस्ले इंडिया और वरुण बेवरेजेज के शेयरों में तेजी 1.4 प्रतिशत मजबूत हुआ। जबकि पेट्रोलियम, क्रूड और डीजल पर सरकार द्वारा विंडफॉल टैक्स में कटौती के बाद निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.8त्न की तेजी आई। ऑटो और आईटी



सेक्टर के शेयरों में में क्रमशः 0.7% और 0.95% की गिरावट आई।

स्पाइसजेट के गो फर्स्ट के अधिग्रहण में रुचि दिखाने के बाद कंपनी के शेयर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। कंपनी दिवालिया हो चुकी विमानन कंपनी पर जांच पड़ताल करने के बाद अपनी पेशकश सौंपने की योजना बना रही है। वहीं सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) ने कहा कि वह अभी तक उनके विलय के लिए जेडईईएल की ओर से अनुरोध की गई समय सीमा विस्तार पर सहमत नहीं हुई है, इसके बाद जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयर 3त्न की गिरावट के साथ बंद हुए।

लाल सागर मार्ग से तेल आपूर्ति को लेकर चिंताओं के बीच आयातकों की डॉलर लिवाली से रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे गिरकर 83.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि शेयर बाजार में सकारात्मक रुख, प्रमुख विदेशी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर रहने तथा कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता से स्थानीय मुद्रा में गिरावट सीमित रही।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.10 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और 83.09 के उच्चतम स्तर और 83.22 के निम्नतम स्तर के बीच कारोबार करता दिखा।

अंत में यह अपनी पिछली क्लोजिंग के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.19 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## एलआईसी ने टाटा मोटर्स में अपनी हिस्सेदारी 5.11 प्रतिशत से घटाकर 3.09 प्रतिशत की

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मंगलवार को घोषणा की है कि टाटा मोटर्स लिमिटेड में उसकी हिस्सेदारी 5.110 प्रतिशत से घटकर उसकी कुल चुकता पूंजी का 3.092 प्रतिशत हो गई है। कंपनी के पास पहले टाटा मोटर्स के 169,802,847 शेयर थे जो घटकर 102,752,081 इक्विटी शेयर हो गई है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) नियमन, 2015 के नियम 30 के तहत यह सूचित किया जाता है कि टाटा मोटर्स लिमिटेड में कंपनी की हिस्सेदारी 1,69,802,847 से घटकर 1,02,752,081 इक्विटी शेयर रह गई है।÷ 28 अगस्त, 2015 से 18 दिसंबर, 2023 की अवधि के दौरान एलआईसी की टाटा मोटर्स की होल्डिंग में 2 प्रतिशत की कमी आई।

एलआईसी ने बताया कि 28 अगस्त, 2015 से 18 दिसंबर, 2023 की अवधि के दौरान 711.65 रुपये की औसत लागत पर होल्डिंग 5.110 प्रतिशत से घटकर 3.092 प्रतिशत हो गई, जो 2.018 प्रतिशत कम है। टाटा मोटर्स एक अग्रणी वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्माता है।

यह कंपनी बहु-राष्ट्रीय टाटा समूह का हिस्सा और यह दुनिया को कारों, स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों, ट्रकों, बसों और रक्षा वाहनों का एक विस्तृत और विविध पोर्टफोलियो प्रदान करता है। भारतीय जीवन बीमा निगम का शेयर फिलहाल 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 796.55 रुपये पर कारोबार करता दिख रहा है, जो इससे पिछले कारोबारी सेशन में 801.35 रुपये पर बंद हुआ था। इससे पहले एलआईसी ने सूचित किया था कि डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड में उसकी हिस्सेदारी 29,97,913 से घटकर 17,94,395 इक्विटी शेयर रह गई है, जिससे उसकी शेयरधारिता 5.012 प्रतिशत से घटकर उक्त कंपनी की चुकता पूंजी का 3 प्रतिशत रह गई है।

## कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए धानुका ग्रुप के अध्यक्ष आरजी अग्रवाल डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषक समुदाय के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए धानुका समूह के अध्यक्ष राम



गोपाल अग्रवाल को नोएडा स्थित एमिटी विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित मानद उपाधि डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय कृषि के उज्जवल भविष्य को आकार देने में श्री अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है, जिसमें उत्पादकता, लाभप्रदता और किसानों के लिए सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि शामिल है।

एमिटी विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद ने धानुका समूह के अध्यक्ष को भारतीय कृषि के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता, दृढ़ विश्वास, परोपकारी जुड़ाव एवं भारतीय कृषि को बेहतर बनाने के लिए उनकी निरंतर खोज में उच्च स्तर की व्यावसायिकता को देखते हुए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (डी.फिल.) की मानद उपाधि से सम्मानित करने की सिफारिश की थी।

एमिटी में एक शानदार समारोह के बीच श्री अग्रवाल को प्रतिष्ठित पेशेवरों, सम्मानित शिक्षाविदों, उत्साही छात्रों, गौरवान्वित माता-पिता और पूर्व छात्रों सहित 2000 से अधिक लोगों की मौजूदगी में यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ.बलविंदर शुक्ला ने उनके कृषि क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान और चांसलर डॉ. अतुल चौहान मौजूद रहे।

गौरतलब है कि आर जी अग्रवाल ने कृषि क्षेत्र में 55 सालों का अपना पेशेवर एवं गौरवशाली कार्यकाल राष्ट्रीय समृद्धि के लिए समर्पित किए हैं। सामाजिक कार्यों में उनकी अग्रणी भूमिका रही है। विरासत में ही उन्हें परोपकारी स्वभाव मिला है। यही कारण है कि उन्होंने राजस्थान में तीन स्कूलों की स्थापना, वृन्दावन में आध्यात्मिक कल्याण के लिए आश्रम, गोवर्धन में धर्मार्थ औषधालय और एम्स में एक वेटिंग हॉल आदि का निर्माण कराया है।

# सोना 50 रुपये उछला, चांदी 250 रुपये फिसली



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपये की तेजी के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी की कीमतें इस दौरान दौरान 250 रुपये की गिरावट के साथ 77,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले बंद भाव में यह 77,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में मामूली तेजी आई और यह पिछले भाव के मुकाबले 50 रुपये की तेजी के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर सोने का फरवरी अनुबंध 84 रुपये की गिरावट के साथ 62,207 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। हालांकि, चांदी के मार्च अनुबंध की कीमत 172 रुपये की तेजी के साथ 74,582 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। विदेशी बाजारों में सोना तेजी के साथ 2,026 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी गिरावट के साथ 23.88 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## व्हीबॉक्स ने इंडिया स्किल्स रिपोर्ट कार्य, कौशल और गतिशीलता के भविष्य पर एआई का प्रभाव का अनावरण किया

रिपोर्ट में एआई पेशेवरों की मांग 2026 तक 10 लाख तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया

**लखनऊ।** अग्रणी रिमोट प्रॉक्टर्ड मूल्यांकन और परामर्श फर्म व्हीबॉक्स ने आज 'इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024' जारी की, जिसमें देश के कार्यबल पर कृत्रिम मेधा (एआई) के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। इसका विषय था, ÷कार्य, कौशल और गतिशीलता के भविष्य पर एआई का प्रभाव।÷ यह 11वां संस्करण, मुख्य हाइलाइट्स को उजागर करता है जो एआई क्षेत्र में भारत की रोजगार क्षमता और नेतृत्व को रेखांकित करता है। यह 3.88 लाख प्रतिभागियों और 152 निगमों की अंतर्दृष्टि के साथ व्यापक व्हीबॉक्स नेशनल इम्पलायबिलिटी टेस्ट पर आधारित है। व्यापक रूप से जानकारी से भरपूर रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत एआई कौशल पैठ और प्रतिभा एकाग्रता में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति का दावा करता है। उसने 3.09 का प्रभावशाली स्कोर अर्जित किया है। अगस्त 2023



तक 4.16 लाख एआई पेशेवरों के स्थापित प्रतिभा आधार के साथ देश लगभग 6.29 लाख की वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए तैयार है। यह आंकड़ा 2026 तक 10 लाख तक बढ़ने की उम्मीद है।

इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2024 में व्हीबॉक्स नेशनल इम्पलायबिलिटी टेस्ट रोजगार योग्यता सर्वेक्षण देश के रोजगार योग्य युवाओं के बीच सूक्ष्म रुझान और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों को प्रकट करता है, जो उनकी बढ़ती उम्मीदों के बारे में गहन जानकारी प्रदान करता है। भारत में पिछले वर्ष की तुलना में समग्र युवा रोजगार क्षमता में 51.25 प्रतिशत का सुधार हुआ है। बड़े प्रतिभा पूल वाले राज्यों में हरियाणा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, केरल और तेलंगाना में उच्च रोजगार योग्य युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। विशेष रूप से, हरियाणा 76.47 प्रतिशत परीक्षार्थियों के साथ ॅछम्ज् पर 60 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने के साथ सबसे आगे है। 22 से 25 वर्ष की आयु सीमा में उत्तर प्रदेश 74.77 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक प्रतिभा संकेन्द्रण के साथ सबसे ऊपर है और इसके बाद महाराष्ट्र 71.97 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

# ओएनडीसी और मेटा ने साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली।** ओएनडीसी और मेटा ने छोटे व्यवसायों को डिजिटल कॉमर्स का लाभ उठाने में मदद करने के लिए साझेदारी की है। इस साझेदारी से छोटे व्यवसायों को व्हाट्सएप पर खरीदारी और बिक्री करने में मदद करेगी। मेटा अपने व्यापार और तकनीकी समाधान प्रदाताओं के इकोसिस्टिम के माध्यम से छोटे व्यवसायों को प्रशिक्षित और सक्षम करेगा। ओएनडीसी इन व्यावसायिक समाधान प्रदाताओं को सेलर एप्स बनने में मदद करेगा, ताकि वे अपने ग्राहकों को ओएनडीसी नेटवर्क पर ला सकें।

इस साझेदारी की शुरुआत में अगले दो वर्षों में मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी के माध्यम से पांच लाख एमएसएमई को डिजिटली प्रशिक्षित और सशक्त बनाएगा। देश भर में 10 मिलियन छोटे व्यवसायों को कौशल प्रदान करने की प्रतिबद्धता के मुताबिक मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी उद्यमियों और मार्केटर्स को मेटा एप्स पर आगे बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग कौशल हासिल करने में सक्षम बनाते हुए सर्टिफिकेशन की सुविधा प्रदान करता है। ओएनडीसी के एमडी और सीईओ टी कोशी ने कहा, ओएनडीसी में, हम डिजिटल परिदृश्य को और अधिक



तेज गति देने और लोकतांत्रिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में हमारा लक्ष्य एमएसएमई को सशक्त बनाना, उन्हें डिजिटल विजिबलिटी मुहैया कराते हुए उनके व्यवसायों को बढ़ावा देना है। आज, किसी भी व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए, खुद की मार्केटिंग करना और बड़े संख्या में लोगों तक पहुंचना महत्वपूर्ण है। मेटा के साथ हमारी साझेदारी न केवल इन व्यवसायों को डिजिटल रूप से उन्नत करेगी बल्कि उन्हें दूर-दूर तक ग्राहक आधार से जुड़ने में भी सक्षम बनाएगी। हमें विश्वास है कि हमारी साझेदारी की कोशिशें लाखों छोटे व्यवसायों को आगे बढ़ने में मदद करेंगी।

भारत में मेटा की वाइस प्रेसिडेंट संध्या देवनाथन ने कहा, भारत की डिजिटल परिवर्तन की कहानी क्रांतिकारी गति से सामने आ रही है, और इस विकास को जारी रखने के लिए, हमें सही इकोसिस्टम और साझेदारी की जरूरत है जो लाखों छोटे व्यवसायों को अपनी डिजिटल मौजूदगी का निर्माण करने व उसे और अधिक मजबूत करने में मदद करे। मेटा, पूरे भारत में एसएमई के लिए डिजिटल समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए सरकार और उद्योग के साथ साझेदारी करने में हमेशा आगे रहा है। ओएनडीसी के साथ हमारी साझेदारी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के लिए सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने और छोटे व्यवसायों को कौशल मुहैया कराने व देश में तेजी से डिजिटल परिवर्तन और विकास की कहानी में सहायता करने के लिए मेटा की जारी प्रतिबद्धता के मुताबिक है। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में, मेटा ओएनडीसी के व्हाट्सएप चैटबॉट सहायक का समर्थन करेगा। इस साझेदारी के तहत विक्रेता और ग्राहक संवाद के एकल बिंदु के रूप में ओएनडीसी के बॉट पर दी जाने वाली सेवाओं को बढ़ाने में मदद दी जाएगी।

इस साल की शुरुआत में, मेटा ने व्हाट्सएप बिजनेस एप पर 29 राज्यों के 10 मिलियन व्यापारियों को 11 भारतीय भाषाओं में स्किल मुहैया कराने के लिए व्हाट्सएप से व्यापार कार्यक्रम शुरू किया था। आज दुनिया भर में व्हाट्सएप बिजनेस ऐप के 200 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं और भारत में व्हाट्सएप पर 60% से ज्यादा लोग बिजनेस अकाउंट से मैसेज करते

## होम क्रेडिट इंडिया' ने वार्षिक कार्यक्रम हाउ इंडिया बॉरोज़-सर्वेक्षण 2023 लॉन्च किया

**लखनऊ।** अग्रणी ग्लोबल कंज़्यूमर फ़ाइनैंस प्रोवाइडर की स्थानीय शाखा, 'होम क्रेडिट इंडिया' ने मंगलवार को अपना वार्षिक कार्यक्रम हाउ इंडिया बॉरोज़-सर्वेक्षण 2023 लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य लगातार विकसित हो रहे कंज़्यूमर के उधार लेने से जुड़े व्यवहार को समझना है। 2021 के बाद से, उधार लेने का चलन घर चलाने से लेकर स्मार्टफ़ोन और घरेलू उपकरणों (2023 में 44%) जैसे कंज़्यूमर ड्यूरेबल ख़रीदने में बदल गया था। हालाँकि कंज़्यूमर ड्यूरेबल लोन में 9% की कमी आई, लेकिन बिज़नेस से संबंधित उधार में 5% की बढ़ोतरी हुई यानी इसकी वजह से कुल 19% मध्यम वर्ग ने एक नए बिज़नेस का विस्तार करने या शुरू करने के लिए उधार लिया। अध्ययन में ज़्यादातर उधार लेने वाले ऑनलाइन काम करना पसंद करते हैं, 48% अपनी व्यक्तिगत ख़रीदारी के लिए ऑनलाइन ख़रीदारी पर भरोसा करते हैं। इनमें से 44% उधार लेने वाले फ़ाइनैंशियल ट्रैंज़ेक्शन के लिए ऑनलाइन बैंकिंग पर भरोसा करते हैं। हर दिन के फ़ाइनैंशियल अपडेट के लिए आधे से ज़्यादा लोगों (54%) के लिए मोबाइल बैंकिंग आसान है। एक और प्रमुख आकर्षण फ़ाइनैंशियल सर्विसेस के डिजिटलाइज़ेशन की बढ़ती स्वीकृति है। HIB 2023 के अनुसार, एक-चौथाई से ज़्यादा उधार लेने वाले लोगों ने लोन लेने के लिए ऑनलाइन चैनल का विकल्प चुना। टेली कॉलिंग के ज़रिए शुरू किए गए लोन में 3% की वृद्धि हुई (2022 में 16त्न से 2023 में 19त्न), जबकि POS/ बैंक शाखाओं के ज़रिए लोन में 4% की गिरावट देखी गई (56% से 51%)। डिजिटल ट्रांज़िशन के अनुरूप, आधे से ज़्यादा उधार लेने वाले (51%) POS/ बैंकों के साथ किसी भी आमने-सामने की बातचीत के बिना मोबाइल ऐप पर भविष्य के अपने सारे लोन आवेदन पूरा करने में दिलचस्पी रखते हैं।

## यूनिवर्सल बिजनेस स्कूल, मुंबई ने शानदार प्लेसमेंट हासिल किए

914 अंतर्राष्ट्रीय ऑफर; औसत वेतन रु.15.31 लाख9

**लखनऊ।** यूनिवर्सल बिजनेस स्कूल (यूबीएस), मुंबई ने 2023 के पोस्ट-ग्रेजुएशन बैच के लिए शानदार प्लेसमेंट परिणाम हासिल किए, जिसमें सबसे उच्च पैकेज 42.33 लाख प्रति वर्ष अमेरिका में और 22 लाख प्रति वर्ष भारत में है। यूबीएस ने अपने गहरे कॉर्पोरेट संबंधों और 60 सीईओ के समर्थन के साथ उद्योग के मजबूत समर्थन के परिणामस्वरूप, अंतिम प्लेसमेंट और ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रक्रिया के लिए कैंपस भर्ती में हिस्सा लेने के लिए इस बार 229 कंपनियों को शामिल किया। यूबीएस ने अपने छात्रों को रिकॉर्ड 1,230 साक्षात्कार कराए।

अपने प्रमुख बैच, फ्लैगशिप बैच के लिए औसत वेतन भी 10.41 लाख रुपये से बढ़कर 15.31 लाख रुपये हो गया, जो कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों में 14 छात्रों को नौकरी मिलने के साथ अंतर्राष्ट्रीय प्लेसमेंट की उच्चतम संख्या के परिणामस्वरूप 47त्न की आश्चर्यजनक वृद्धि देखने को मिली है। फ्लैगशिप बैच के लिए औसत वेतन 10.00 लाख रुपये से बढ़कर 10.42 लाख रुपये हो गया।

एशियन पेंट्स, डेलॉइट, एएमयूएल, टाटा प्ले, एचएसबीसी, हिल्टी इंडिया, इमामी, डीएचएल एक्सप्रेस, राइटर कॉर्पोरेशन, टाटा कैपिटल, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, सीबीआरई, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज, गैलेक्सी सर्फकेंट्स, जेएम फाइनेंशियल, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, पीरामल रियल्टी, प्रॉपर्टी पिस्टल, जेपी इंफ्रा आदि कुछ प्रमुख कंपनियां ने यूबीएस के छात्रों की भर्ती की। कॉरपोरेट रिलेशंस टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए यूनिवर्सल एआई यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर श्रीराम रामशंकर ने कहा हमें अपनी सीआर टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व है, जिसने हमारे छात्रों को अग्रणी भारतीय और बहुराष्ट्रीय संगठनों में अवसर देकर लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। हमारी कौशल विकास टीम और संकाय सलाहकारों द्वारा छात्रों को 21वीं सदी के कौशल के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करने से यह सुनिश्चित हुआ, कि उद्योग हमारे छात्रों को उत्कृष्ट अवसरों से पुरस्कृत करता है।

## हेलिकल पंप असेंबली के लिए शक्ति पंप्स को मिला पेटेंट

**पीथमपुर।** एनर्जी एफिशिएंट पंप्स और मोटर्स निर्माण की अग्रणी कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को हेलिकल पंप असेंबली



के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार ने, 1970 के पेटेंट अधिनियम में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए, शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट 20 वर्षों की अवधि के वैध है यह और यह शक्ति पम्पस् का आठवा पेटेंट है। शक्ति पंप्स के चेयरमेन दिनेश पाटीदार ने नई पेटेंट टेक्नोलॉजी के बारे में कहा हम वन्यजीव अभयारण्यों जैसे पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में हमारा नया पंप यहाँ मौजूद चुनौतियों जैसे जानवरों, पक्षियों और अलग अलग प्रजातियों के लिए पानी के पंपों को सुरक्षित रखने के समाधान के रूप में उभरा है। हमारे पंप सभी राहवासियों के लिए सुचारू रूप से जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए बिना किसी समस्या के जल आपूर्ति की गारंटी देते हैं। पेटेंटे किया गया यह बेहतरीन पॉजिटिव डिस्प्लेसमेंट पंप, पीने के पानी के लिए प्रयोग किए जाने वाले उपकरणों के लिए सोलर पैनल की आवश्यकताओं में 50त्न की कटौती का वादा कर सोलर एप्लीकेशन में क्रांति ला रहा है। यह इनोवेशन न केवल लागत बचाता है बल्कि कम जगह घेरता है, जो रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एक महत्वपूर्ण फायदेमंद बदलाव है। ज्यादा से ज्यादा समय धूप में रहने के लिए बनाई गई ओपरेशनल फंक्शन की विशेषता के साथ, यह पंप एफिशिएंसी को बढ़ाता है, जिससे यह दूरदराज के क्षेत्रों में बसे बिना बिजली वाले क्षेत्रों के लिए एक बहुमुखी समाधान बन जाता है।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित किया

**लखनऊ।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के तहत आज घोषणा की कि वह अब



तक उत्तर प्रदेश राज्य में दो करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। परिवर्तन अपने पांच स्तंभों के माध्यम से राज्य भर में कई सामाजिक क्रियाकलापों का क्रियान्वयन कर रहा है जैसे ¬ग्रामीण विकास, शिक्षा को बढ़ावा देना, कौशल प्रशिक्षण और आजीविका संवर्धन, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता, और वित्तीय साक्षरता और समावेशन। सुश्री नुसरत पठान, प्रमुख-सीएसआर, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ÷एचडीएफसी बैंक परिवर्तन का लक्ष्य स्थानीय समुदायों के जीवन में गुणात्मक सुधार करना है। हमने राज्य में सबसे वंचित समूहों की पहचान की है और परिवर्तन के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य वंचित समुदायों को सशक्त बनाकर गरीबी और हाशिए के चक्र को तोड़ना है और इस प्रकार, राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। इस स्तंभ के तहत, परिवर्तन समुदायों के समग्र ग्रामीण विकास को बढ़ावा देता है। प्रयागराज, गोरखपुर, अयोध्या, श्रावस्ती, झाँसी, चित्रकूट और बुलन्दशहर में, परिवर्तन प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है जो पारंपरिक बीजों और स्थानीय संसाधन-आधारित कृषि के उपयोग पर आधारित है। इसके अलावा, चंदौली, गोरखपुर, कौशाम्बी, शाहजहाँपुर और सिद्धार्थनगर जिलों में लगभग 485 सौर ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं।

## पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड अब गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड है

**वाराणसी।** कंपनी के स्वामित्व में परिवर्तन के बाद, पूनावाला हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड को गृहम हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड (जीएचएफएल) के रूप में पुनः ब्रांडित किया गया है। ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी फर्म टीपीजी ने इस साल पूनावाला फिनकॉर्प से कंपनी में 99.02% इक्विटी हिस्सा अधिग्रहण कर लिया है। नाम परिवर्तन के लिए सभी आवश्यक नियामक स्वीकृतियाँ प्राप्त कर ली हैं। ग्रीहम हाउजिंग फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमुख कार्यकारी अधिकारी, मनीष



जयसवालने पुनर्ब्रांडिंग पर बोलते हुए कहा, गृहम, गृह (घर) और हम (एकता) का मिश्रण है, जो हमारी कंपनी की मौलिकता को दर्शाता है। हम अपने ग्राहकों के लिए ड्रीम होम का पसंदीदा स्थान बनाने में सहयोग और एकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं, जिनमें से कई लोग देश के अर्ध-शहरी, अर्ध-ग्रामीण और ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भर व्यक्ति और सूक्ष्म-उद्यमियों हैं। जीएचएफएल ने एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 9 7,500 करोड़ तक पहुँचने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल कर ली है, जो पिछले छह वर्षों में 28% की सीएजीआर से बढ़ रहा है। इस समय इसका ग्राहक आधार बढ़कर 75,000 से अधिक हो गया है, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में पहुंच के लिए रणनीतिक रूप से 195 शाखाओं के नेटवर्क द्वारा सेवा प्रदान की गई।

## मॉडर्न इंडियन स्कूल में गूंज एनुअल फंक्शन बड़ी धूमधाम से मनाया गया



**लखनऊ।** राजाजीपुरम स्थित मॉडर्न इंडियन स्कूल में एनुअल फंक्शन गूंज का आयोजन बड़े ही धूमधाम से हुआ संचालक राजेश यादव एवं संचालिका ममता यादव द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवक अजय बाजपेई एवं कई समाज सेवकों ने भी हिस्सा लिया स्कूल के तीनों ब्रांच एमआईएस पारा एवं ज्ञानदीप स्कूल ने भी हिस्सा लिया सभी बच्चों ने प्रतियोगिता भागीदारी एवं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आए हुए मेहमानों का दिल जीत लिया बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वेशभूषा में उनकी नकल उतारी पर्यावरण को शुद्ध और स्वच्छ रखने का भी संदेश दिया। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताये भी रही जिनमें मेहंदी में प्रथम विजेता रही सिमरन, द्वितीय चांदनी ज्ञानदीप कॉलेज, तृतीय मनीषा कैरम आदित्य नाग और फाहद ज्ञानदीप विजेता रहे। एमआईएस राजाजीपुरम प्रधानाचार्या पायल मेहेंदी रत्ता, पारा ब्रांच एमआईएस प्रधानाचार्या नेहा मिश्रा, ज्ञानदीप प्रधानाचार्या डीवी सिंह आदि ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## पसमांदा मुस्लिम सम्मेलन का हुआ आयोजन

**गोरखपुर।** स्थानीय नगर के असकरगंज मैदान में मंगलवार को अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के तत्वाधान में राष्ट्रवादी पसमांदा मुस्लिम सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आये प्रबुद्ध जनो ने पसमांदा मुसलमानों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनके सर्वांगीण पूर्ण विकास से जुड़े मुद्दे पर चर्चा किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पदाधिकरियों का एक दूसरे पसमांदा से परिचय कराते हुए उनका सम्मान भी किया गया। उक्त सभी कार्यक्रम गोरक्ष पीठ के योगाचार्य योगी सोमनाथ जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में पूर्व मेयर डा सत्या पाण्डेय ने कहा कि मुस्लिम समुदाय की लगभग 80 से 85 आबादी पसमांदा के तहत आती है, जो आज के आधुनिक युग में शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य के प्रति जागहनता के अभाव में आर्थिक, सामाजिक, व राजनीतिक रूप से पिछड़ा हुआ है। केंद्र की मोदी व राज्य की योगी सरकार अपने कार्यक्रमों व नीतियों से पसमांदा मुसलमानों को उठाने का काम कर रही है।

# सेमीफाइनल मैच में भदोही को 23 रनों से हराकर आजमगढ़ की टीम फाइनल में

अवधनामा ब्यूरो



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल व डॉ. अरुण कुमार गौतम

- स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 16वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 16वें वर्ष आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को ग्रुप ए का पहला सेमीफाइनल मैच आजमगढ़ और भदोही के बीच खेला गया। इसमें आजमगढ़ की टीम ने भदोही को 23 रनों से पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। आजमगढ़ की तरफ से 67 रनों की शानदार पारी खेलने व दो विकेट लेने वाले कप्तान वीरेंद्र को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोबाइल फोन दिया गया।

आजमगढ़ टीम के कप्तान वीरेंद्र ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरे आजमगढ़ के सलामी बल्लेबाज अभय और आर्यन ने तेज शुरुआत की और 49 रनों की साझेदारी के बाद अभय के रूप में पहला विकेट गिरा। इसके बाद खेलने आये शैलेंद्र और कप्तान वीरेंद्र ने आतिशी पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। निर्धारित 25 ओवर के खेल में आजमगढ़ की टीम अंतिम ओवर में 200 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आजमगढ़ की तरफ से वीरेंद्र ने 35 गेंदों में 67, आर्यन ने 17 गेंदों में 37, अभय ने 25 गेंद में 18 व गौरव ने 9 गेंद में 19 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। भदोही की तरफ से गेंदबाजी करते हुए कृष्णा सरोज ने चार, शैलेश ने तीन, राहुल, शुभम व विशाल ने एक-एक विकेट हासिल किया। जीत के लिए 201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोही टीम की शुरुआत काफी शानदार रही। सलामी बल्लेबाज के रूप में निशांत का 43 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिरा तो भदोही की टीम दबाव में आ गई। 51 रन के स्कोर पर दो विकेट गिरने के बाद किसी भी बल्लेबाजी के बीच अच्छी साझेदारी नहीं हो सकी। पारी के अंतिम 25वें ओवर की गेंदबाजी में भदोही की टीम 178 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। भदोही की विपिन ने 60 गेंद में 72 रन, सौरभ ने 31 गेंद में 38, निशांत ने 16 गेंद में 30 व रूद्र ने 14 गेंद में 16 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। आजमगढ़ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए फुरकान ने चार, वीरेंद्र व अमित ने दो-दो, पवन व अरशद ने एक-एक विकेट लिया। 67 रन बनाने व दो विकेट लेने वाले कप्तान विशाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोबाइल फोन दिया गया। अंपायर सूरज यादव व अंकित रहे। स्कोरिंग अभिषेक गैरी, डिजिटल स्कोरिंग बंटी कुशवाहा ने की। कमेंट्री प्रिंस तिवारी ने किया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप कुमार जायसवाल, डॉ. अरूण कुमार गौतम, सरदार इंद्रजीत सिंह सालूजा, भाजपा के जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन आनंद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चदेल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, सतीश साहा, इंद्रजीत जायसवाल बबलू, ऋषिकेश मिश्र, समशेर मल्ल, पाली चौरसिया, सज्जाद अली, नीरज सिंह बिट्टू, गुड्डू अंसारी, अजय साहा, लिंकन सिंह, चंदन जायसवाल, विकास जायसवाल, धीरज पाठक, रितेश मल्ल, अभय प्रताप सिंह, आजाद अली, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, विकास वर्मा, अनीष आलम, मुन्ना अली, जितेंद्र साहा, सुरेश रावत, समीर अग्रवाल, किशन साहा आदि मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्रों को मिले पत्र



**पथरदेवा, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर मंगलवार को पथरदेवा ब्लाक के पंचायत नोनियापट्टी तथा कंठीपट्टी में आयोजित हुआ हमारा संकल्प विकसित भारत पीएम योजना कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसमें दर्जनों पात्रों को आवास, शौचालय व आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरिया सदर के पूर्व विधायक प्रोफेसर (डॉ.) सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने बताया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने को लेकर संकल्पित हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की समृद्धि विरासत पर गर्व करें। जनता गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने और भारत की एकता को मजबूत कर देश की रक्षा करने वालों का सम्मान होगा। उन्होने लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र वितरीत किया गया। पूर्व विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम आवास लाभार्थी, आयुष्मान कार्ड लाभार्थी और शौचालय लाभार्थी सहित अन्य योजनाओं से जुड़े लाभार्थी मौजूद रहे। इस मौके पर अम्बुज शाही, प्रो. अशोक सिंह, संजय सिंह, रजनी पाण्डेय, संजय सिंह कुशवाहा, अवधेश तिवारी, उपेन्द्र मणि, ग्राम प्रधान सहित सभी विभागों के अधिकारीगण, कर्मचारीगण सहायक विकास अधिकारी कृषि इब्रान खान, एडीसीओ मौजूद रहे।

## यूपी एसएसएफ के जवानों की निगहबानी में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा

शकील अहमद



एयरपोर्ट की सुरक्षा में लगे जवान

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में स्थित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा को सुरक्षा की दृष्टि से चौकस करने के लिए उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के जवान लगाए गए है। जो आतंकी खतरो, भीड़ भाड़ से निपटने के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित है। कुशीनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के जवानों द्वारा की जा रही है जो अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल एल वी एंटनी देव कुमार के कुशल निर्देशन तथा 02 वीं वाहिनी विशेष सुरक्षा बल गोरखपुर के पर्यवेक्षण में संचालित है।

उक्त आशय की जानकारी सूचना मीडिया सेल प्रभारी विवेक श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय लखनऊ ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उन्होंने उक्त सुरक्षा ड्यूटी के बारे विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि एयरपोर्ट की निगरानी के लिए ऐसे जवानों को लगाया गया है। जो यह विशेष रूप से प्रशिक्षित किए जाते है। सुरक्षा में ड्यूटी कर रहे जवानों को सुरक्षा के दृष्टिगत सर्व प्रथम 03 माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण में ही 07 दिवस सुरक्षा शाखा द्वारा एचएचएमडी, डीएफएमडी, एक्स प्लोसिव आदि उपकरणों का प्रशिक्षण दिया जाता है। तथा 07 यूपी एसआरडीएफ द्वारा मानवीय तथा प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है व इसके साथ ही 07 दिवस यूपी एटीएस द्वारा आधुनिक हथियारों जैसे इंसास रायफल, ग्लाक पिस्टल, एमपी -5 गन एके - 47 आदि वेपन के बारे में ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अतरिक्त एयरपोर्ट के विशेष सुरक्षा को देखते हुए 05 दिवस इंडक्शन कोर्स, 14 दिवस का एवसेक बेसिक कोर्स, 05 दिवस का ऑन जॉब ट्रेनिंग, तथा 05 दिवस का स्क्रीनर्स से संबंधित ट्रेनिंग दी जाती है उक्त ट्रेनिंग सम्बन्धी बाधाओं को पास करने के उपरान्त जवानों की एयरपोर्ट सुरक्षा में ड्यूटी लगाई जाती है। तथा ये सभी जवान किसी भी संदिग्ध परिस्थितियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

## सर्पदंश पीड़ित की इलाज के दौरान मौत, मची चीख पुकार



**खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** खड्डा थाना क्षेत्र के मठियां बुजुर्ग गांव निवासी एक व्यक्ति की सर्पदंश के बाद इलाज के दौरान लखनऊ केजीएमयू अस्पताल में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह शव घर पहुंचने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक खड्डा थाना क्षेत्र के मठियां बुजुर्ग निवासी विंध्याचल यादव पुत्र रामबृक्ष यादव उम्र 55 वर्ष घर के समीप मोबाइल टावर पर चौकीदारी कर घर संभालते थे। बीते 1 दिसंबर की रात में घर से टावर पर जा रहे थे किसी जहरीले सर्प ने काट दिया। घर के लोग उन्हें तत्काल सीएचसी तुर्कहां इलाज के लिए भर्ती कराया। चिकित्सक ने उन्हें गम्भीर स्थिति बताकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से गोरखपुर बीआरडी मेडिकल एवं वहां से रेफर होने के बाद लखनऊ केजीएमयू में इलाज चल रहा था। 18 दिन के लम्बे इलाज के बाद सोमवार को विंध्याचल ने अपना दम तोड़ दिया। घर के लोग वाहन से मंगलवार की सुबह घर पहुंचे तो परिजनों के करूण क्रंदन से गांव शोकाकुल हो गया। परिजनों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतोष यादव से शव के पोस्टमार्टम की बात कही जिसके बाद खड्डा पुलिस ने परिजनों की मांग पर शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। मृतक विंध्याचल यादव अपने परिवार के एक मात्र कमाऊ सदस्य थे। घर की माली हालत ठीक नहीं है। इस संबंध में एसएचओ नीरज कुमार राय का ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## किसान मेले में किसानों को बताए गए उन्नतशील खेती के गुर

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत उद्यान विभाग की ओर से ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा में मंगलवार को जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी और किसान मेले का आयोजन किया गया।कृषक गोष्ठी में मोटे अनाजों की खेती पर सबसे अधिक जोर दिया गया। कृषि उद्यान पशुपालन मत्स्य पालन स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास एवं महिला कल्याण विभाग की ओर से स्टाल लगाए गए।

किसान मेले में जिले के विभिन्न विकास खंडों से किसान शामिल हुए। ब्लॉक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह ने किसानों को कृषक गोष्ठियों से प्राप्त जानकारी को व्यवहार में अमल करने की सलाह दी। कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा के हेड और वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ आर के आनंद ने किसानों को सब्जियों की अगेती और पिछेती खेती कर लाभ अर्जित करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन चार सालों से जिले में आम के पेड़ों के सूखने की समस्या बढ़ी हुई है। फफूंद लगने के कारण बीमारी जड़ से शुरू होती है और तने तक पहुंच जाती है।आम के छोटे बड़े पेड़ अचानक ऊपर से सूखने प्रारंभ होते हैं बाद में तने से गोंद निकलने लगता है और तने में तना छेदक कीट लग जाते हैं।रोग और कीट से बचाव को थायोफिनेट मिथाइल 4ग्राम प्रति लीटर पानी और क्लोरोपाइरीफास 2मिली प्रति लीटर पानी के घोल का थाला बनाकर ड्रेंचिंग करें। कृषक गोष्ठी में प्रगति शील किसान दुर्गा शंकर मिश्र अनन्त बहादुर सिंह और रणांजय सिंह ने खेती के सम्बन्ध में अपने अनुभव साझा किए।कृषि वैज्ञानिक डॉ रेनू सिंह ने खाद्य प्रसंस्करण डॉ सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बागवानी की फसलों और दिनेश कुमार मिश्र ने पशुपालन के बारे में जानकारी दी।

उद्यान निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कृषक गोष्ठी और मेले की फोटोग्राफी की और स्टालों का संचालन कराया। प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार यादव ने मेले में आए अधिकारियों और किसानों का स्वागत सम्मान किया।अमेठी हरित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की ओर से भी स्टाल लगाया गया था।

## पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** बलिदान दिवस के अवसर पर गोरखपुर शहर के समाजसेवियों एवं कवियों ने युवा समाजसेवी, शायर, साहित्यकार मिन्नत गोरखपुरी के नेतृत्व में गोरखपुर बिछिया जेल स्थित पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित करके एवं अपनी कविताओं से उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मिन्नत गोरखपुर ने संबोधित करते हुए कहा कि पंडित राम प्रसाद बिस्मिल खुद एक बेहतरीन कवि और लेखक थे वह सदैव बड़ी-बड़ी बातों को बड़ी आसानी से कम शब्दों में का ले जाते थे। जिस अवस्था में उन्होंने कुर्बानी दी वह युवावस्था थी। यकीन वह आज के युवाओं के लिए विशेष रूप से कलमकारों के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर आशिया गोरखपुरी, अनिल जयसवाल, प्रकाश, दिवाकर, मोहम्मद फैसल, अजीम सलमानी, उत्कर्ष शुक्ला रुद्रा आदि ने काव्य पाठ किया।

### साहब! गीडा पुलिस फर्जी मुकदमे में फंसाने को दे रही धमकी

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के कैली गांव एक महिला ने एडीजी जोन को दिए पत्रक में गीडा पुलिस के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए जान माल की रक्षा करने की गुहार लगाई हैं। कैली निवासी शकुंतला पत्नी अदालती ने मंगलवार को जिले पर एडीजी जोन को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में आराजी न. 648 उसके पति के नाम से भूमिधरी जमीन हैं। जिसका वाद समक्ष न्यायाल में चल रहा है, जो विचाराधीन हैं। लेकिन बीते रविवार को विपक्षियों के कहने पर स्थानीय पुलिस जबरन समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कराकर खेत को जोतवा दिया। जब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तो थाने की पुलिस पीड़िता के पुत्र को फोन करके कहा कि तुम अवैध तमंचा दिखा रहे हो, नेता बन रहे हो, तुमको और तुम्हारे परिवार के ऊपर मुकदमा दर्ज करके जिंदगी खराब कर दी जाएगी। डरे सहमे पीड़िता ने एडीजी जोन से अपने व परिवार के रक्षा के लिए न्याय की गुहार लगाई हैं। इस संदर्भ में गीडा एसओ राजेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी सरकारी भूमि कब्जा कर रखा था। जिसे राजस्व टीम द्वारा हटाया गया। पुलिस ने कोई समझौता कराया न ही फर्जी मुकदमे में फंसाने धमकी दी है।

## योगी सरकार की पर्यटन नीति और जीआईएस ने बढ़ा दिए होटल के सितारे

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों उद्घाटित होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में दो अतिरिक्त सितारे जोड़ने में प्रदेश सरकार की पर्यटन नीति और जीआईएस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐशप्रा समूह के वेंचर ऐशप्रा रिजॉर्ट एंड सॉल्यूशन्स की तरफ से विकसित और मैरियट होटल समूह द्वारा संचालित गोरखपुर के इस होटल के लिए पहले थ्री स्टार केटेगरी में 40 करोड़ रुपये का ही निवेश प्रस्तावित था। सरकार की प्रोत्साहन वाली नीतियों के चलते यह न केवल फाइव स्टार केटेगरी में बनकर तैयार हुआ बल्कि निवेश भी बढ़कर 150 करोड़ रुपये हो गया।

सुरम्य रामगढ़ताल के सामने विश्व स्तरीय सुविधाओं वाला होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट जहां बना है, वह पहले पर्यटन विभाग का अतिथि गृह हुआ करता था। ऐशप्रा रिजॉर्ट एंड सॉल्यूशन्स ने जब इसकी महत्वपूर्ण मूल संरचनाओं को विरासत के रूप में सहेजते हुए इस पर होटल बनाने का निर्णय लिया तो 40 करोड़ रुपये का ही निवेश प्रस्तावित किया था। ऐशप्रा रिजॉर्ट एंड सॉल्यूशन्स के प्रबंध निदेशक अतुल सराफ बताते हैं कि काम शुरू हुआ तो प्रदेश की पर्यटन नीति-2022 में पूंजीगत अनुदान (कैपिटल सब्सिडी) व अन्य प्राविधानों से प्रभावित होकर फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 100 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू किया गया। बीच-बीच में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मनोबल बढ़ाते रहे। यह तय किया गया कि अब होटल को थ्री स्टार की बजाय फाइव स्टार बनाया जाएगा भले ही निवेश की राशि एमओयू से भी बढ़ जाए। वह बताते हैं कि होटल को संचालन योग्य बनाने तक 150 करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। अतुल सराफ के मुताबिक प्रदेश की पर्यटन नीति-2022 में कैपिटल सब्सिडी का रेंज 10 से 25 प्रतिशत तक है। इसके अलावा एसटीपी व अन्य व्यवस्थाओं पर अलग अलग मानकों के अनुरूप छूट मिलती है। कुल मिलाकर यह काफी प्रोत्साहनपूर्ण है।

**औद्योगिक माहौल बनाने में मददगार होंगे उत्कृष्ट होटल:** गोरखपुर इन दिनों औद्योगिक निवेश के पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। खासकर, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में कई बड़ी कंपनियों की तरफ से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। ऐसे में कॉरपोरेट घरानों के प्रमुखों और उनके प्रतिनिधियों का गोरखपुर आना-जाना बना हुआ है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारा और धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के विकास से यह सिलसिला और बढ़ेगा। ऐसे में उत्कृष्ट श्रेणी के होटलों की मांग बढ़ेगी। ऐशप्रा रिजॉर्ट एंड सॉल्यूशन्स के एमडी अतुल सराफ मानते हैं कि होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट जैसे फाइव स्टार होटल का लाभ इंडस्ट्री को और बढ़ती इंडस्ट्री का लाभ होटल को मिलेगा।

### पटना साहिब रेल यात्रियों के लिए लंगर आज से



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में मंगलवार को श्री गुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश हुआ। दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 52 दिवसीय लंगर का शुभारंभ श्री पटना साहिब रेल यात्रियों के लिए नगर के रेलवे स्टेशन से 20 दिसंबर से होगा। इसे लेकर पंजाब के मोगा से पधारे बाबा मनोहर सिंह की अगुवाई में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति के लोग तैयारियां पूरी कर चुके हैं। उल्लेखनीय है की 20 दिसम्बर से 10 फरवरी तक श्री पटना साहिब जाने वाले यात्रियों के लिए ट्रेन पर लंगर वितरित किया जाएगा। सरदार हरवंश सिंह के घर से श्री गुरुग्रथ साहिब की पालकी शंख घंटा घड़ियाल के मधुर स्वर के बीच लंगर स्थल पहुंची जहां पारंपरिक रूप से प्रकाश हुआ। इस मौके पर सरदार हरबंस सिंह सदाशिव पांडेय सुनील त्रिपाठी अनिल अभिनंदन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कोटा चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप, किया प्रदर्शन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कट्या में कोटा चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जगत नारायण ने आरोप लगाया की सोमवार को अधिकारियों के मौजूदगी में पंचायत भवन पर खुली बैठ्क बुलाई गई थी। खुली बैठक होने से पूर्व अधिकारियों ने सांठगांठ कर एक पक्ष के लोगो को अंदर बुला कर फाटक बंद करा दिया था। जब की दूसरे पक्ष के लोग बाहर खड़े थे। हंगामा करने के बाद फाटक खोला गया। और दावेदारी करने का निर्देश दिया गया। तीन लोगो ने दावेदारी की जिसमे एक ने मेरे पक्ष में समर्थन कर दिया। इसके बाद चयन प्रक्रिया में तैनात अधिकारी दूसरे पक्ष के दावेदार के पक्ष में प्रस्ताव बनाने की तैयारी करने लगे थे। विरोध करने पर अगले तिथि के लिए बैठक कराने का आश्वासन दिया गया। लेकिन आशंका है की चयन प्रक्रिया में तैनात अधिकारी सांठगांठ कर दूसरे पक्ष के पक्ष के समर्थन में प्रस्ताव भेज सकते है। जिसकी जांच कराकर नया तिथि जारी की जाय। प्रदर्शन करने वालो में देव नारायण, सुबह यादव, मुन्नीलाल यादव, महेंद्र प्रताप, अरविंद विश्वकर्मा, अभिमन्यु यादव, नरेंद्र, राजेश, सुरजीत, विनोद कुमार, अजय सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# अधिक से अधिक महिलाओं को नमो ऐप से जोड़ें कार्यकर्ता: भूपेंद्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला पंचायत आवास परिसर में नमो ऐप और विकसित भारत संकल्प यात्रा की महिला मोर्चे की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी नमो ऐप डाउनलोड करने के लिए एक अभियान चला रही है जिसमे जिले के साढ़े तीन लाख लोगों से यह ऐप डाउनलोड कराया जायेगा।

यह ऐप भारत सरकार द्वारा जितने भी अभियान या जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनको जानने व समझने का सबसे अच्छा प्लेटफार्म है, नमो एप बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के कार्यकर्ता सभी मोर्चो और प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता तथा भारतीय जनता पार्टी के समर्थक इसको डाउनलोड करें यह प्रयास हम लोगों का है। उत्तर प्रदेश के 2 करोड नए लोग इस ऐप को डाउनलोड करें यह प्रयास भारतीय जनता पार्टी कर रही है उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है पूरे देश में लगभग 14 करोड़ भाजपा के सदस्य हैं और विश्व का सबसे बड़ा दल भाजपा है आज के परिवेश में तकनीकी संसाधनों का महत्वपूर्ण योगदान है तकनीकी के माध्यमों से आम लोगों को जोड़कर 2024 का चुनाव पार्टी प्रचंड बहुमत से जीते यही हम सब का प्रयास है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव-गांव में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर या साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार में महिलाओं का हर प्रकार से सम्मान किया जाएगा नारी शक्ति वंदन, महिला सशक्तिकरण तथा अन्य तमाम तरह की योजनाओं के माध्यम से समाज में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष भारती शर्मा ने कहा कि नमो ऐप के माध्यम से पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार जो भी कार्यकर्ता अधिक से अधिक करेगा उसको ऐप के माध्यम से अंक प्रदान किया जाएगा और भारतीय जनता पार्टी उसको सम्मानित करेगी तथा पूरे देश में पांच ऐसे कार्यकर्ता जो नमो ऐप के माध्यम से चयनित किए जाएंगे जिनको नमो एंबेसडर कहा जायेगा और उनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं का भी सम्मान होता है ऐसे कार्यक्रमों से पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता है और वह पार्टी की रीतियों और नीतियों से प्रभावित होकर उत्साह पूर्वक जुड़ते हैं। बैठक में जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, निर्मला गौतम, आराधना पांडे, आशा ओझा, बबिता चौहान, सीमा पासवान, प्रीति सिंह, मुन्नी शर्मा, सहित पार्टी की महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## डीएम ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण अलाव व्यवस्था का भी लिया जायजा

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने देर रात्रि विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर ठंड से बचाव हेतु प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया उन्होंने शासन की नीति के अनुरूप रैन बसेरे को अधिक प्रभावी एवं जनउपयोगी बनाने तथा अलाव के संबन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम रोडवेज स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। मौके पर 7 यात्री रैन बसेरे में सोते हुए मिले। यहां महिला एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग रहने की व्यवस्था है। दस महिला एवं इक्कीस पुरुष यात्री सहित कुल 31 लोग रह सकते हैं। अलाव जलता मिला। डीएम ने अलाव का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने रैन बसेरे में रह रहे लोगों से संवाद कर मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने डीएम ने मछलीहट्टा के निकट नगर पालिका द्वारा स्थापित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया। यहाँ 50 लोगों के रहने की सुविधा उपलब्ध है, तीन लोग सोते मिले। उन्होंने रैनबसेरे में पेयजल व्यवस्था, ठंड से बचाव के इंतजाम, शौचालय व्यवस्था आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर रैन बसेरे की उपयोगिता के संबन्ध में पूछ-ताछ की। उन्होंने आवाजाही रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बढ़ते ठंड में बेघर एवं दूर-दराज के क्षेत्र में यात्रा करने वाले लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रैन बसेरो की स्थापना की गई है। इन्हें अधिक से अधिक जन उपयोगी बनाया जा रहा है। ठंड बढ़ने पर प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था भी की जाएगी।

### डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक आयोजित

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं कानून सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया। उद्यमियों ने औद्योगिक आस्थान उसरा बाजार में सफाई कर्मचारियों के नियुक्ति एवं खराब स्ट्रीट लाइट को बदलवाने की मांग की, जिसपर डीएम ने आवश्यक कार्यवाही के लिए यूपीसीडा को निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 110 लक्ष्य के सापेक्ष 103 एप्लीकेशन बैंक को भेजे गए, जिसमें से 46 को मंजूरी मिली और 26 में डिसबर्समेंट हो चुका है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 96 लक्ष्य के सापेक्ष 247 आवेदन बैंक के पास भेजे गए जिसमें बैंक ने 105 को स्वीकृति दी और 59 प्रस्ताव में डिसबर्समेंट हुआ है। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद योजना में 35 स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष 21 में डिसबर्समेंट हुआ है। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग एवं जिला अग्रणी प्रबंधक को आपसी समन्वय स्थापित कर बैंकों में लंबित रोजगार सृजन के प्रस्तावों में डिसबर्समेंट तेज करने का निर्देश दिया।

# वार्षिक लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत करें राजस्व वसूली: डीएम

**परियोजनाओं के लिए समय से उपलब्ध कराये भूमि**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** कर-करेत्तर, राजस्व वसूली व राजस्व कार्यो की समीक्षा हेतु सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि माह जनवरी 2024 से कर्मचारियों अधिकारियों का वेतन मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से आहरित किया जाय। सभी विभाग अपने अधिकारियों, कर्मचारियों का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें ताकि अधिकारियों, कर्मचारियों को माह जनवरी का वेतन समय से मिल सके। विभिन्न विभागों से प्राप्त आरसी का मिलान कर अद्यतन कराते हुए शत प्रतिशत आरसी की वसूली समय से सुनिश्चित करायी जाय। वाणिज्यकर, राज्यकर, स्टाम्प, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, बैंक देय, खनिज, सिचाई, वन निकाय, मण्डी इत्यादि विभागों के कर-करेत्तर वसूली की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएम डैश बोर्ड पर सी, डी श्रेणी वाले विभाग विशेष प्रयास कर रैकिंग में सुधार लाये। साथ ही प्रभावी प्रवर्तन कार्रवायी भी सुनिश्चित कराये ताकि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हो सके। प्रवर्तन की कार्रवायी का तुलनात्मक विवरण भी रखा जाय। किसी भी दशा में निर्धारित मासिक लक्ष्य से कम वसूली न की जाय। अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिये गये कि अपने स्तर से कर-करेत्तर विभागों से वसूली प्रगति की नियमित समीक्षा करते रहे ताकि निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। राजस्व कार्यो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलो को निर्देश दिया कि निस्तारण किये गये लम्बित वादों का पूरा विवरण रखा जाय साथ ही उसका अमल दरामत भी समय से कराया जाय। धारा 31 के मामले का अभियान चलाकर निस्तारण कराया जाय। आईजीआरएस संदर्भो के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संदर्भो का समयबद्धत्ता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय ताकि असंतुष्ट की स्थिति कम से कम रहे। किसी भी दशा में संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। भविष्य में आईजीआरएस के संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों के वेतन बाधित करने की कार्रवायी सुनिश्चित करायी जायेगी। समय से संदर्भो का निस्तारण कर आख्या अपलोड किया जाय ताकि संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये।

# दारोगा साहब के गैर जनपद ट्रांसफर पर भावुक हुए लोग

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** आमतौर पर जनता में पुलिस की छवि खौफ और नाराजगी वाली होती है. लेकिन सुल्तानपुर में पुलिस की अच्छी और भावुक कर देने वाली छवि उभरकर आई है।कोतवाली नगर क्षेत्र के गभड़िया चौकी पर तैनात रहे ।दरोगा विकास गुप्ता का गैर जनपत ट्रांसफर हो गया है। लोगों को जैसे ही पता लगा तो उनकी आंखों में आंसू आ गए.एक बूढ़ी दादी दारोगा साहब की बलाये ले कर अपनी दुवाओ से नवजती रही और रोती रही. लोगों ने दारोगा विकास गुप्ता को नम आंखों से फूलमाला पहनाकर विदा किया.कोतवाली नगर में तैनात दरोगा विकास गुप्ता ने लगभग 30 महीने के कार्यकाल में जनता के सामने अपने आपको मित्र पुलिस के रूप में पेश किया। तभी तो जैसे ही उनके ट्रांसफर की खबर स्थानीय लोगों तक पहुंची वे गभड़िया चौकी पहुंच गए। क्षेत्रीय लोगो मे जैसे ताजखानपुर के सरवर प्रधान, गभड़िया वार्ड के मगरू प्रजापती सभसाद, घासीगंज वार्ड के संदीप गुप्ता, साकिर खान, विनोद, गुड्डू, सुहेल खान, तौहिद खान, मोफिद खान, राजा, बब्लू, तौकीर खान, असफाक उर्फ टाइगर, सलमान खान, तहक़ीक़ खान, परवेज खान, हिमाइयो खान, आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज जनवरी तक पूर्ण करना लक्षित

**लो.नि.वि. के प्रमुख अभियंता ने किया निरीक्षण**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष ए.के. जैन द्वारा जनपद में निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज, विभिन्न मार्गो व निर्माण कार्यो का निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक की गयी। लो.नि.वि. विभागाध्यक्ष द्वारा ललितपुर महरौनी टीकमगढ़ मार्ग के रोड सेफ्टी से सम्बन्धित कार्यो का अवलोकन किया गया तथा मार्ग पर आवश्यकतानुसार लेन मार्किंग, हजार्ड बोर्ड, पुलियों की पैरापिट मरम्मत आदि कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि कार्य की भौतिक प्रगति 92 प्रतिशत है एवं शैक्षिक भवन, बालक छात्रावास, बालिका छात्रावास, श्रेणी द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम आवास, प्रधानाचार्य आवास, जिला चिकित्सालय आदि भवनों में कार्य अंतिम चरण में हैं। कार्य को 31 जनवरी 2024 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। कार्य स्थल पर उपस्थित परामर्शी एवं ठेकेदार को अतिरिक्त श्रमिक एवं मशीनरी को बढ़ाते हुये कार्य को गुणवत्ता पूर्वक एवं समय सीमा में कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष ए.के. जैन द्वारा ललितपुर देवगढ़ मार्ग का भी निरीक्षण किया गया। उक्त मार्ग पर नवीनीकरण हेतु आगणन गठित करने एवं मार्ग पर आवश्यकता नुसार सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यो को कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी से विभागीय लक्ष्य पूर्ण करें: कमिश्नर

**गौशालाओं में कटिया हटाकर स्थायी कनेक्शन कराने के निर्देश**

**दुग्ध विकास विभाग की स्थिति संतोषजनक न होने पर नाराजगी**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** मण्डलायुक्त झांसी डा.आदर्श सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार ललितपुर में आयोजित की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्यों की पूर्ति के लिए डीएम व सीडीओ पर निर्भर न रहें, अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी से विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति करें। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय में विद्युत आपूर्ति की शिकायत मिली है, सम्बंधित अधिकारी बैठक के उपरान्त ही मौके पर निरीक्षण कर दुरुस्त करायें। इस दौरान कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की गई, मण्डलायुक्त ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए क्षेत्र में लॉ एण्ड ऑर्डर कायम रखने व प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही कर-करेत्तर/राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा करते हुए मासिक लक्ष्य प्राप्ति के साथ ही प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेट में प्रगति बढ़ानें तथा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत सीडीओ को निगरानी कर स्थिति सुधारने के निर्देश दिये। नई सड़कों के निर्माण में जनपद की स्थिति संतोषजनक रही, सेतुओं के निर्माण में जनपद ने शतप्रतिशत अंक प्राप्त किये। कायाकल्प के तहत मण्डलायुक्त ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पूर्व एवं वर्तमान की स्थिति आधारित पीपीटी तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने दुग्ध विकास विभाग की स्थिति खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि स्टेट स्किल डेवलपमेंट में ललितपुर ए तथा झांसी डी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में ललितपुर बी, झांसी ई तथा टेल तक नहरों के संचालन में ललितपुर ए तथा झांसी बी रैंकिंग में रहा। मण्डलायुक्त ने सभी जनपदों को रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिये। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्वैच्छिक संस्थाओं की समीक्षा में बताया गया कि टीकाकरण अभियान में आशाओं द्वारा फॉलोअप की स्थिति ठीक नहीं है, साथ ही विकासखण्ड मड़ावरा में जन्म पंजीकरण में प्रगति कम है, मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि सम्बंधित अधिकारी स्वयं निगरानी कर कारण स्पष्ट कर निर्धारित समयसीमा के भीतर सुधार करें।

## जत जयन्ती समारोह में इंजीनियरिंग कॉलेज की घोषणा

**ललितपुर।** सरदार पटेल अम्बेड़कर बालिका इण्टर कॉलेज खितवांस की स्थापना के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने विद्यालय को इस भव्य आयोजन के लिए शुभकमानायें व बधाई दी। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि अतीत में इसे अपना ही विद्यालय मानकर इसकी हर प्रकार की मदद की गयी। जरूरत पडऩे पर इसे मुंह मांगी विधायक निधि दी गयी और इसका विकास कराया गया। तथा वायदा है कि भविष्य में भी जब, जहां, जिस सहयोग की जरूरत पड़े विद्यालय परिवार के लिए अपने द्वार हमेशा खुले हैं।

# पीएनबी डीएलआरएसी, डीएलआरसी-डीसीसी की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** पी.एन.बी. आरसेटी की जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति (डीएलआरएसी एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक कार्यलय की डीएलआरसी/डीसीसी ) की बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ के.के.पाण्डेय, आरबीआई के एजीएम मोती लाल, डीडीआईएफ आगरा, जिला विकास अधिकारी के.एन.पाण्डेय डीडीएम नाबार्ड अरविन्द निगम, अग्रणी जिला प्रबन्धक रंजीत कुमार, आरसेटी निदेशक स्वाती वर्मा और अन्य अधिकारी व बैंक डीसीओ आदि उपस्थित रहे। बैठक में एलडीएम ने बैकों के त्रैमासिक गतिविधियों के बारे में सीडीओ को अवगत कराया जिस पर सीडीओ ने प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही एनआरएलएम स्वंय सहायता समूहों के सीसीएल को शीघ्र अति शीघ्र कराने के निर्देश दिये। अन्य सरकारी योजनाओं में ऋष्ण आवेदनों पर ध्यान देने को कहा गया है। साथ ही बैंक डीसीओ से अपने एटीएम की संख्या को बढाने का भी कहा गया। बैठक में आरसेटी निदेशक ने भी त्रैमासिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी कि सितम्बर त्रैमास में 7 बैचों में 230 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया इस प्रकार सितम्बर तक कुल 13 बैच में 417 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही आरसेटी द्वारा भेजी गई ऋष्ण पत्रावलीयो के बारे मे जानकारी दी इस पर सीडीओ सहाब ने संबधित बैंक को निर्देश दिये कि ऋष्ण पत्रावलीयो का निस्तारण शीघ्र करे। बैठक के अन्त में आरसेटी फैकल्टी रूपेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित अधिकारीगणों ने आभार वक्त किया ।

## विशेष लोक अदालतों का आयोजन माह जनवरी में

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एनआईएक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों के 22, 23 व 24 जनवरी 2024 तथा विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों के निस्तारण हेतु 29, 30 व 31 जनवरी, 2024 को जनपद न्यायालय, बहराइच में विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विराट शिरोमणि ने बताया कि 22, 23 व 24 तथा 29, 30 व 31 जनवरी, 2024 को आयोजित विशेष लोक अदालतों में कोई भी व्यक्ति एनआईएक्ट की धारा-138 से संबंधित लम्बित वादों एंव विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित शमनीय दाण्डिक वादों को संबंधित न्यायालय में समय से उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र देकर अपने आपराधिक वाद निस्तारण कराकर विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

# प्रत्येक परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: प्रमुख सचिव

**योजना के तहत अवशेष कार्य पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराने के निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रमखं सचिव अनुराग श्रीवास्तव द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन कड़ेसरा -मऊ ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। प्रमुख सचिव ने कहा कि प्रत्येक परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है, लम्बे समय से सूखे का प्रकोप झेल रहे बुन्देलखण्ड के लिए यह योजना वरदान है, क्षेत्र के विकास के लिए सरकार कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसमें हर घर जल योजना प्रमुख है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि योजना के संचालन में आ रहीं कमियों को दूर कर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ करायें। मौके पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि योजना के अन्तर्गत 10 नग ओएचटी, 05 नग सीडब्ल्यूआर, 11 एमएलडी क्षमता का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं बेतवा नदी पर एक इंटेक वेल निर्मित है, जिससे प्लांट के लिए पानी लाया जाएगा। योजनान्तर्गत 174 के सापेक्ष 164 कि0मी0 पाइपलाइन विछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में योजना की भौतिक प्रगति 85 प्रतिशत है।

योजना के पूर्ण होने पर 22 ग्रामों के 10165 परिवारों को हाउस कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे लवकुश त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता जल निगम अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मां धनपति देवी स्मृति कथा साहित्य सम्मान समारोह जिला पंचायत सभागार में आज

**सुल्तानपुर।** मान धनपति देवी कथा साहित्य सम्मान समारोह आज बुद्धवार को नगर के जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया है।समवेत एवम साक्षी सृजन संवाद समिति के अध्यक्ष डा0 शोभनाथ शुक्ला द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रातः 11.15 से 1 बजे तक प्रथम सत्र की शुरुआत पुरस्कृत रचनाकारों व निर्णायकों का सम्मान व वक्तव्य,हिंदी कहानी के वर्तमान परिदृश्य पर व्याख्यान होगा। 1 बजे से 1.30 बजे तक स्वल्पाहार होगा। पुनः 1.30 से 3.30 तक दूसरा सत्र चलेगा।जिसमे कहानी संग्रह हांडी भरी यातना तथा छुटकी की विदाई का लोकार्पण होगा।उक्त आशय की जानकारी आयोजक डा0शोभनाथ शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## विषम परिस्थितियों में करें अंबलाइकल कैथेटर का उपयोग: डॉ. श्याम करन



**सुल्तानपुर।** जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ श्याम करन ने बताया कि विषम परिस्थितियों में अंबलाइकल कैथेटर का प्रयोग करें ताकि जिससे मरीजों को तत्काल फायदा मिल सके।अंबलाइकल कैथेटर तब लगाया जाता है जब बॉडी में नस नही मिलती।अंबलाइकल कैथेटर एक लंबी मुलायम खोखली ट्यूब होती है जो नाभि कैथेटर (यूएसी) बिना सुई चुभोए अलग अलग समय पर शिशु से रक्त लेने साथ ही दवा देने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसका उपयोग बच्चे के रक्तचाप की लगातार निगरानी के लिए भी किया जा सकता है। जिला अस्पताल में नॉर्मल पैदा हुए एक नवजात बच्चे की तबियत अचानक खराब होने के बाद परिजनों ने उसे जिला महिला चिकित्सालय में दिखाया हालात नाजुक होने के दौरान डॉक्टर ने उस बच्चे को जिला महिला चिकित्सालय के एस एन सी यू वार्ड में में भर्ती कराया जहां डॉक्टर श्याम करन, डॉली तिवारी,स्टॉफ नर्स शिप्रा सिंह की निगरानी में इलाज शुरू कर दिया।

# कोरोना काल में पेश की समाजसेवा की मिसाल

अवधनामा संवाददाता

**अखिलेश सिंह पर्वत की सेवा का हर कोई कायल**

**सुल्तानपुर।** जिले के लंभुआ क्षेत्र के भपटा ऊंचहरा गांव में एक सामान्य परिवार में युवा समाजसेवी अखिलेश सिंह पर्वत ने जन्म लिया। जिले की मीडिया में उस वक्त पहली बार सुर्खियों में आये जब कोरोना का प्रकोप चरम पर फैला हुआ था।लोग अपने घरों से नहीं निकल रहे थे।ज्यादातर जरूरतमंदों के पास सरकारी सुविधा भी नाम मात्र की थी। उस वक्त अखिलेश सिंह पर्वत अपने अंदर सेवाभाव का जुनून जज्बा सीने में रखकर अपने कुछ दोस्तों के साथ सुबह से ही राहगीरों,असहाय गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सहायता किट लेकर निकल पड़ते थे। कोरोना काल में उन्होंने लगातार 275दिन गरीबों असहाय लोगों की सेवा मदद कर बड़ा रिकार्ड बनाया है। अपने 32वर्षो के अल्प जीवन में उन्होंने 34बार रक्तदान किया।स्व राजेन्द्र सिंह ट्रस्ट व सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर करीब 1093यूनिट से अधिक रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने में मददगार बन चुके हैं। गरीब लोगों के गंभीर बीमारियों में सोशल मीडिया पर मुहिम चलाकर लोगों से अपील करते हुए कई लोगों की लाखों रुपए की आर्थिक मदद की।दर्जनों गरीब कन्याओं की शादी में सहयोग किया। बीते कई सालों से अनाथ,गरीब बच्चों को शिक्षा व सर्दियों में गर्म कपड़े,जूता मोजा व स्वेटर वितरित कर रहे हैं। पिता स्व0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह से प्रेरणा लेकर अनवरत कई वर्षो से असहाय गरीब लोगों की मदद करते चले आ रहे है।



### बड़ा वह है जो छोटे की पीड़ा को पहचाने-

जिले में कहीं भी अकल्पनीय घटना घटित होते ही पीड़ित परिवार को साहस दिलाने पहुंच जाते हैं। जिले के भदैया क्षेत्र के मुरारपुर विकवाजितपुर निवासी महेंद्र दूबे रामू को मुंह में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी ग्रसित थे। परिवार आर्थिक रूप से निर्बल व अत्यंत गरीब था। इलाज के लिए पैसे नहीं थे। बीते 7अक्टूबर को अखिलेश सिंह पर्वत ने शोशल मीडिया के जरिए मुहिम चलाकर इलाज के लिए 165000 एक लाख पैंसठ हजार रुपए से अधिक सहायता राशि की मदद की।

### इरादे,सोच और सेवा जज्बे का सलाम

जिले में कोरोना योद्धा के नाम से मशहूर अखिलेश सिंह पर्वत की उम्र चाहे 32साल ही हो,लेकिन उनके इरादे,सोच और सेवा का जज्बा किसी मायने में भी कम नहीं है।जहां पर किसी असहाय गरीब जरूरतमंद ने अपनी जो समस्या परेशानी बताई,उन्होंने जो पीड़ा देखी और जो जरूरत महसूस की उसकी तत्काल राहत प्रदान व मदद करने के लिए सबसे पहले आगे आए। उनकी इस निष्ठा सेवाभाव को देखकर जिले के हजारों युवा प्रेरित होकर मुहिम में जुड़ कर लोगों की मदद कर रहे हैं।

## राजकीय आईटीआई में चल रहा है बजट के बंदरवाट का बड़ा खेल

**सुलतानपुर।** राजकीय आईटीआई पयागीपुर एवं कादीपुर में साज-सज्जा एवं उपकरणों की खरीदारी हेतु शासन द्वारा कुल 1 करोड़ 94लाख रुपया आवंटित हुए है। जिसमें 1 करोड़ 56 लाख रुपया राजकीय आईटीआई पयागीपुर एवं 38 लाख रुपया राजकीय आईटीआई कादीपुर के लिए है। यदि इसका सही उपयोग हुआ तो राजकीय आईटीआई पयागीपुर एवं कादीपुर के संस्थानो का कायाकल्प हो जाय। जीर्ण क्षीण स्थित में सुधार हो जाय। परन्तु विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि पयागीपुर स्थित संस्थान में बजट का बंदरवाट करने हेतु सीनियर कार्यदेशकों को कार्य का आवंटन ना करके जूनियर अनुदेशको को वरीयता देते हुए कार्य आवंटित कर दिया गया है।

# शायर वासिफ़ को दुबई में किया गया सम्मानित




अवधनामा संवाददाता

**फारूकी को मिला सैय्यद नूर अहमद वस्ती लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में अपने अलग अंदाज से अपनी पहचान बनाने हिंदी उर्दू अंग्रेजी ज़बानो में महारत रखने वाले प्रदेश देश में उर्दू की शायरी के साथ साथ कवि सम्मेलन मुशायरों में निजामत के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाने वाले उर्दू शायर वासिफ फारूकी को यूएई दुबई के शेख राशिद ऑडिटोरियम में जश्ने उर्दू की तरफ से आयोजित आठवें वार्षिक मुशायरा एवं कवि सम्मेलन के अवसर पर सैय्यद नूर अहमद वस्ती लाईफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। दुबई में वासिफ फारूकी के सम्मान की खबर पहुंचते ही जनपद में उनके शुभचिंतकों सहित उनके तमाम मिलने जुलने वालो में खुशी का माहौल बना हुआ है और लोगो द्वारा श्री फारूकी को मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी है।


## कार्यालय : नगर निगम अयोध्या

पत्रांक : 865/न.नि.अयो./ई-निविदा/2023 दिनांक : 19/12/2023

### ई-निविदा सूचना

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा मेला मद/नगर निगम निधि योजनान्तर्गत ई-टेण्डरिंग के माध्यम एकल/टू बिड् पद्धति पर 07 कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकते है। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग-अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम स Link-https://compulsive.payu.in/ayodhyamc से अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रूप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 20.12.2023 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 27.12.2023 को शाम 06:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 28.12.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे |

से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(राजवीर सिंह)
मुख्य अभियन्ता



## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 15.01.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 016102023 दिनांक 18.12.2023 |
| 2 | **निविदा संख्या :** **1.** 40-Sr.DEN-III-LKO/2023-24, **2.** 41-Sr.DEN-III-LKO/2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** **1.** वरि. मण्डल इंजीनियर (तृतीय)ए उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर (जौनपुर) – अनुभाग में विविध ट्रैक रखरखाव का कार्य **2.** लखनऊ मण्डल में वरि. मण्डल इंजीनियर, उत्तर रेलवे तृतीय लखनऊ के अधीनस्थ सहायक मण्डल इंजीनियर, उत्तर रेलवे, वाराणसी और जौनपुर के अनुभाग में (कुल=350 संख्या) 60/52 किलोग्राम इन सीटू गलुड जॉइंट्स का निर्माण और फिक्सिंग का कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत :** **1.** रु. 89,99,278.19, **2.** रु. 73,95,440.50 |
| 5 | **धरोहर राशि :** **1.** रू. 1,80,000.00, **2.** रु. 1,47,900.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : क्र.सं. 1 व 2 के लिये :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 01.01.2024 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 15.01.2024, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

**नोटः- 1.** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3963/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैः–

**क्रम सं.-1,** ई–प्रापण निविदा संख्याः उप मु. इं.-नि.-मुख्या.-20-2023, दिनांकः 15-12-2023, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के गोरखपुर छावनी से वाल्मिकिनगर दोहरी–करण परियोजना के अन्तर्गत कप्तानगंज (रहित) से पनियहवा (सहित) खण्ड के मध्य रखरखार एवं बैरिकेडिंग कार्य के सम्बन्ध में। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 3,75,62,050/-, बयाना राशि (रू.): ₹ 3,37,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 30 (तीस माह)

**नोटः** ◆ बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 18-01-2024, ◆ उपरोक्त ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः दिनांक 01-02-2024, 15:00 बजे तक। ◆ उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 01-02-2024, 15:00 बजे। ◆ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ◆ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। ◆ श्री रवि प्रकाश, सहा. कार्यपालक इंजी./निर्माण/मुख्या./गोरखपुर,मो. 9794844281

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या.**

मुजाधि/डब्लू–461 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# कहला गांव में ग्रामीणों ने वितरित किए कपड़े और किताबें

- रोटी बैंक के संयोजकत्व में आयोजित किया गया कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** शहर से सटे कहला गांव में मंगलवार को रोटी बैंक सोसाइटी की ओर से गरीब और बेसहारा ग्रामीणों को कपड़े और बच्चों को किताबों का वितनण किया गया। ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सके और बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। इस दौरान ग्राम प्रधान ने भी सहयोग किया। सामग्री पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा साहब के संरक्षण में रिजवान अली अध्यक्ष रोटी बैंक सोसाइटी की अध्यक्षता में अब्दुल मुजीब राजू मीडिया प्रभारी रोटी बैंक के नेतृत्व में ग्राम प्रधान कहला ओमप्रकाश के सहयोग से ग्राम कहला के ग्रामीणों को कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि का वितरण किया गया। साथ ही सुनील सक्सेना संगठन मंत्री रोटी बैंक के द्वारा ग्राम कहला के ग्रामीणों को यातायात और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। यह सामान पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी की लहर नजर आई। ग्रामीणों ने रोटी बैंक सोसाइटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस कपड़ा वितरण कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों तथा गांव के जिम्मेदार जागरूक राजा मिश्रा प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कहला और सलमा परवीन सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय कहला के ग्रामीणों का सहयोग किया। इस दौरान मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, मोहम्मद अजहर महामंत्री, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद सलीम शाखा प्रमुख बलखंडी नाका, इरफान खान शाखा प्रमुख खाईपार, नफीस खान शाखा प्रमुख छावनी, मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलरनाका, अलीमुददीन, मोहम्मद सईद, नजाकत अली शम्मी, रिया खान, शाहान अली, अब्दुल शफीक कल्लू, नजाकत अली शम्मी सदस्य आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने किया पट्टे की जमीन पर कब्जा, पटटा धारक अनशन पर

**हमीरपुर।** जनपद में जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायतों में बढ़ोतरी हो रही है। जनपद की मौदहा तहसील क्षेत्र के ग्राम करगांव निवासी पट्टा धारक जिला मुख्यालय के गोल चबूतरे में बैठकर आमरण अनशन शुरू कर दिया। पट्टाधारको ने आरोप लगाते हुए बताया कि विंबार निवासी दबंग ब्रजराज, बलवीर सिंह, पप्पू सिंह पुत्रगण जगभान सिंह ने दबंगई के बल पर और अधिकारियो की मिलीभगत से खेतीहर जमीन पर कब्जा कर लिया है। बताया कि दबंगों ने उच्च न्यायालय में मुकदमा अतिरिक्त कमिश्नर झांसी के विरुद्ध दाखिल किया था जहां उच्च न्यायालय ने 30 अगस्त 2007 को निस्तारित करते हुए दबंगो को जमीन से अवैध कब्जा हटाने का आदेश दिया था लेकिन उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश को भी ठेंगा दिखाकर दबंग जमीन पर अवैध कब्जा करके खेती करते चले आ रहे हैं।

# काकोरी कांड के शहीदों को किया याद

**अवधनामा संवाददाता**



**सुमेरपुर हमीरपुर।** मेरी माटी मेरा देश की महत्ता को देखते हुये वर्णिता संस्था के तत्वावधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जरा याद करो कुर्बानी के तहत काकोरी समर के सूरमा बिस्मिल, अशफाक और रोशन के बलिदान दिवस पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने पुष्पांजलि देते हुये कहा कि ये तीनों सही अर्थो मे वे सरफरोश थे जो लगभग पच्चीस तीस वर्ष की उम्र मे स्वाधीनता संघर्ष की वेदी मे आत्माहुति दे गये। जिसे नकारा नहीं जा सकता है। बिस्मिल का जन्म 11 जून 1897 को शाहजहांपुर, अशफाक का जन्म 22 अक्टूबर 1900 को शाहजहांपुर में और रोशन सिंह का जन्म 22 जनवरी 1892 मे शाहजहांपुर मे हुआ था। 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के निकट काकोरी स्टेशन मे दस क्रातिवीरो ने ट्रेन मे राजनीतिक डकैती डालकर गोरी सत्ता को खुली चुनौती दी थी जिसमें चालीस शूरवीर पकडे गये थे। गोरों ने न्याय का ढोंग कर शाहजहांपुर के इन तीन क्रातिकारियों को क्रमशः गोरखपुर, फैजाबाद और इलाहाबाद जेल मे फांसी पर लटका दिया था। बलिदान दिवस मनाते हुये वर्णिता संस्था ने इन सपूतों को नमन करने के बाद जिले और प्रदेश मे स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और शाल प्रदान कर सम्मानित किया। इसके तहत हाईस्कूल परीक्षा मे प्रदेश मे दसवां तथा जिले मे दूसरा स्थान पाने वाले श्री गायत्री विद्यामंदिर इन्टर कालेज के छात्र अंश साहू, हाईस्कूल परीक्षा मे जिले मे छठवां स्थान पाने वाली छात्रा खुशी कुशवाहा तथा सुरौली बुजुर्ग से जुडे स्वतंत्रता संग्राम के सैनिक बद्री प्रसाद के परिवारीजन रामसखी और डा. सुरेंद्र गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, राजकुमार सोनी सर्राफ, रमेशचंद्र गुप्ता, अशोक अवस्थी, राजेश सहारा, प्रिस साहू, अरविंद, सिद्धा, नन्ना, ऋद्धा, राजेंद्र प्रेमी, बाबूलाल प्रजापति, प्रेम, राधारमण गुप्ता, संतोष प्रजापति, दीपक कुमार आदि शामिल रहे।

## भागवत कथा का रसपान करने से मिलता है मुक्ति का मार्गः दुर्गा प्रसाद

**सुमेरपुर हमीरपुर।** श्री गायत्री महायज्ञ की 67वीं वर्षगांठ के चौथे दिन तपोभूमि प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ हुआ। कथा व्यास ने कथा के महत्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को एक बार कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। वर्तमान में गायत्री तपोभूमि प्रांगण में ज्ञान, वैराग्य , अध्यात्म की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। मंगलवार को तपोभूमि प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने गणेश पूजन के उपरांत विधि विधान से करते हुए कहा कि मनुष्य को पापों से मुक्ति के लिए एक बार श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए तभी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने भागवत कथा के सार को विस्तार से समझाते हुए बताया कि कैसे इसको श्रवण करके मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया जाता है। इस मौके पर कथा के यजमान रामचंद्र गुप्ता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# रिहंद खेल महोत्सव 2023 का समापन सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद द्वारा 7 दिवसीय रिहंद खेल महोत्सव 2023 का भव्य समापन समारोह एनटीपीसी रिहंद के सोनशक्ति स्टेडियम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार गोंड, राज्य मंत्री, समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि मान सिंह गोंड, ब्लॉक प्रमुख, म्योरपुर का स्वागत परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सहतिथियों द्वारा परंपरागत रूप से किया गया। इसी कड़ी में एनटीपीसी परिसर स्थित डीएवी, सैंट जोसफ एवं केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा नारी सशक्तिकरण को दर्शाते हुये सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्टेडियम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि माननीय संजीव कुमार गोंड ने कहा कि एनटीपीसी रिहंद के इस पहल के माध्यम से आस-पास के क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता के लिए बच्चों एवं युवाओं को प्रेरित करेगा। साथ ही उन्होने एनटीपीसी रिहंद के इस पहल की प्रसंशा भी की और कहा कि मुझे विश्वास है कि सोनभद्र के बच्चे एवं युवा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना ही नहीं बल्कि पूरे ज़िले का नाम रौशन करेंगे। तत्पश्चात संजीव कुमार गोंड एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा स्टेडियम में चल रहे तीरंदाजी प्रतियोगिता एवं ग्रामीण वॉलीबॉल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी गयी एवं फ़ाइनल राउंड खेलने हेतु बधाई भी दी गयी। इस समापन समारोह में उत्तरी क्षेत्र फ़ूटबाल टूर्नामेंट, महिला वर्ग हेतु आयोजित थ्रो बाल, वीएसआर फ़ूटबाल टूर्नामेंट एवं ग्रामीण वॉलीबॉल टूर्नामेंट, एवं का फ़ाइनल मैच खेला गया। जिसमें उत्तरी क्षेत्र फ़ाइनल फ़ूटबाल मैच एनटीपीसी शक्तिनागर एवं विंध्याचल के बीच खेला गया जिसमें एनटीपीसी शक्तिनागर 2-1 से विजेता रहा। साथ ही महिला वर्ग हेतु आयोजित थ्रो बाल प्रतियोगिता की विजेता ट्विंकलिंग स्टार्स एवं उपविजेता माईटी गर्ल्स रही। वीएसआर फ़ूटबाल टूर्नामेंट का फ़ाइनल सैंट जोसेफ स्कूल रिहंद नगर एवं सरस्वती शिशु मंदिर विंध्याचल के बीच खेला गया जिसमे विजेता सैंट जोसेफ स्कूल रिहंद रहा एवं उप विजेता सरस्वती शिशु मंदिर विंध्याचल रहा।

## वन विभाग के अधिकारियों ने किया कोयला भटठियों का निरीक्षण

**सुमेरपुर हमीरपुर।** वन क्षेत्राधिकारी द्वारा गठित टीम ने मंगलवार को बिरखेरा में संचालित कोयला भट्ठियों का औचक निरीक्षण किया। रेंजर को फिलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। मंगलवार को प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देश पर वन क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह ने टीम गठित करके क्षेत्र में संचालित हो रही कोयला भट्ठियों का औचक निरीक्षण कराया। टीम ने क्षेत्र के गांव बिरखेरा में छापा मारकर कोयला भट्ठियों का निरीक्षण किया। टीम को यहां पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। टीम ने बताया कि रेंजर के निर्देश पर प्रतिबंधित लकड़ी को चेक करना था लेकिन यहां पर जलाऊ लकड़ी के अलावा कुछ भी नहीं मिला है। टीम में वनदरोगा रामलखन यादव, जितेंद्र प्रताप सिंह, वनरक्षक शनि आदि कर्मी शामिल रहे।

# अपर जिला जज नें किया जेल का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**




**हमीरपुर।** दोपहर 03:00 बजे जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार गीतांजली गर्ग अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के द्वारा जिला कारागार जनपद हमीरपुर में जेल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में जेल अधीक्षक श्री गोविन्द राम वर्मा, जेलर, कृष्णा प्रताप चंदडीला, डिप्टी जेलर, देवेन्द्र कुमार, उपस्थित रहें। इसी क्रम जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया की जेल की पाक शाला में उच्च कोटि का भोजन पकाया जाता है तथा साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाता है। इस सम्बन्ध में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की और से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के द्वारा जिला कारागार जनपद हमीरपुर में दोषसिद्ध बन्दी जो गम्भीर बीमारी से ग्रस्त है। तथा जो 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं तथा किस धारा में ऐसे बन्दियों की दोषसिद्धि हुई है उनकी स्थिति का भी विवरण लिया। कार्यक्रम के दौरान जेल में निरूद्ध बन्दी की समस्या को सुना और उनकी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने को कहा। अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के सचिव गीतांजलि गर्ग ने बताया कि जिला कारागार का निरीक्षण समय-समय पर किया जायेगा।

# शाहिदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** 19 दिसंबर को शहीद बलिदान दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने जनपद में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पार्क में पहुंचकर शहीद दिवस के अवसर पर चल रहे कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह बहुत ही गौरव की बात है कि हम शहीदों की नगरी में निवासरत हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के शहीदों ने बहुत ही युवावस्था में देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर आजादी में बहुत ही बड़ा योगदान दिया। उन्होंने बताया कि वह हमारे लिए बहुत ही बड़ा प्रेरणा का स्रोत हैं । उन्होंने कहा कि इसी तरह देशभक्ति से ओतप्रोत होकर प्रेरणा लेकर समाज के लिए काम करते रहे। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने टाउन हॉल स्थित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया तथा शहीद उद्यान पार्क में भी पहुंचकर शाहिदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने शाहिद अशफ़ाकउल्ला खान की मजार पर पहुंचकर चादरपोशी की तथा उनकी मजार पर पुष्प अर्पित किए। इसी क्रम में उन्होंने शाहिद संग्रहालय में पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया तथा पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## नवनिर्मित कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**सोनभद्र/डाला।** नगर पंचायत डाला बाजार के नवनिर्मित कार्यों की जांच करने पहुंची टाउन डेवलपमेंट एरिया निर्देशक लखनऊ टीम ने नवनिर्मित कार्यों की स्थलीय निरीक्षण किया। मंगलवार दोपहर के बाद लगभग साढ़े तीन बजे करीब टाउन डेवलपमेंट एरिया निर्देशक लखनऊ टीम ने नगर पंचायत डाला बाजार के वार्ड नंबर दो में स्थित शहिद स्थल के बगल में नवनिर्मित पिंक शौचालय का निरीक्षण किया जिसमें बहुत ही बड़ी खाजिया दिखीं जहां पिंक शौचालय में अटैच स्नान घर बनाया ही नहीं गया है जिसके उपरांत यात्री सेड एवं शहिद स्मारक का निरीक्षण करते हुए वार्ड नंबर एक धौठा टोला में नवनिर्मित अमृत वाटिका का जांच किया गया इसके साथ वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग डाला बाजार झुलन टाली के ओवर ब्रिज पर वाल पेंटिंग के कार्य का जायजा लेते हुए निदेशालय की जांच टीम में शामिल सत्यम पाण्डेय जिला प्रबंधक, हिमांशु असिस्टेंट डायरेक्टर ने जांच की।

# ससुराल से घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**अवधनामा संवाददाता**

- बल्लान गांव के पास बिजली के पोल से टकराई बाइक
- बाइक में सवार फुफेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी, कानपुर रेफर

**बांदा।** पत्नी को उसको मायके छोड़ने के बाद फुफेरे भाई के साथ वापस लौटते समय तेज रफ्तार बाइक बिजली के पोल से टकरा गई। बाइक सवार दोनो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनो घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां पर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रा पुरवा निवासी शमशेर (30) पुत्र रामप्रसाद सोमवार को अपनी पत्नी को उसके मायके गिरवां छोड़ने गया था। पत्नी को छोड़ने के बाद वह अपने फुफेरे भाई दिनेश (25) के साथ बाइक में सवार होकर वापस अपने घर आ रहा था। बल्लान गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में बाइक सवार दोनो युवक जख्मी हो गए। दोनो युवकों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

वहां पर शमशेर की मौत हो गई। जबकि दिनेश की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक शमशेर की दो वर्ष पहले शादी हुई थी। वह गुड़गांव में रहता था। अचानक हुई इस घटना से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ट्रक से कुचलकर खलासी की मौत, परिवार में मातम

**बांदा।** खाली ट्रक को सड़क किनारे खड़ा करने के बाद खलासी शीशा पोछ रहा था। इसी दौरान पीछे से दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दी। खलासी ट्रक से नीचे गिर गया और ट्रक आगे बढ़ जाने से कुचल गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दूसरे ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

तिंदवारी थाना क्षेत्र के माटा गांव निवासी हरिओम (18) पुत्र रामबाबू डेढ़ वर्ष से खलासी के तौर पर काम करता था। सोमवार की रात को वह माल खाली करने के बाद खाली ट्रक के शीशे पोछ रहा था। इसी दौरान पीछे से आए दूसरे ट्रक ने खाली ट्रक में धक्का मार दिया। इससे खलासी हरिओम सड़क पर गिर गया और धक्का लगने से खलासी का ट्रक आगे बढ़ गया, इससे हरिओम कुचल गया और लहूलुहान हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े हादसे के इंतजार में कस्बे के प्राईवेट अस्पताल,

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी अस्पताल में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं है। आग बुझाने के लिए सिलेण्डर दीवारों की शोभा बढ़ा रहे हैं उन्हें लगाने के बाद कभी चेक तक नहीं किया गया है कि यह किस तरह संचालित होते हैं। सुमेरपुर कस्बे के सरकारी अस्पताल में आग बुझाने के लिए सिलेण्डर मौजूद है यह काम करेंगे अथवा नहीं यह किसी को मालूम नहीं है। निजी अस्पतालों का कस्बे में बुरा हाल है। कुकुरमुत्ता की तरह गली-गली में खुले निजी अस्पतालों में शायद ही किसी के पास आग बुझाने के लिए कोई इंतजाम हो वर्ना सब कुछ रामभरोसे ही है। कस्बे के पैलानी मार्ग में खुले नर्सिंग होमों में इनकी बानगी देखी जा सकती है। इनके पास आग बुझाने लायक कुछ भी नहीं है अगर किसी तरह की अनहोनी हो जाए तो फायर ब्रिगेड के अलावा फौरी तौर पर कोई इंतजाम नहीं है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** बीते तीन दिन पहले हुई नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के वांछित अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते 17 दिसंबर को शौच के लिए खेत गई नाबालिग से गांव के ही लालू यादव ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी और पुलिस ने आरोपी को उर्दना तिराहे के निकट से देररात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर,रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर निवासी कल्लू(45)पुत्र भगवान दीन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल युवक को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

- ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये सुनिश्चितः जिलाधिकारी



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिलाधिकारी ने बैठक में एआरटीओ व पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में अभियान चलाकर अवैध तरीके से लगे हुए नम्बर प्लेट व ढके हुए नम्बर प्लेट वाहनों के विरूद्ध संघन अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इस तरह की स्थिति में कोई वाहन गुजरते हैं, तो उनके विरूद्ध तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, उन्होंने कहाकि जनपद में जो 16 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं, जहां पर दुर्घटना की अधिक संभावना रहती है, वहां पर रोड लाइट, कैट आई, रेडियम टेप लगाने की कार्यवाही लोक निर्माण विभाग व एसीपी टोल प्लाजा के माध्यम से सुनिश्चित की जाये, उन्होंने कहा कि उक्त कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित के विरूद्ध शासन स्तर पर पत्राचार कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान एआरटीओ द्वारा अवैध परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही के प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने एआरटीओ से जानकारी प्राप्त की तो कार्यवाही संतोषजनक नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी भरने वाले वाहनों के विरूद्ध भी विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डेन आवर में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु चिन्हित दुर्घटना वालों स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

# विकास कार्यों की समीक्षा कर डीपीआरओ ने प्रधानों को दिए निर्देश



**अवधनामा ब्यूरो**

- सदर ब्लाक सभागार में आयोजित की विकास कार्यों की गई बैठक

**सोनभद्र।** विकास खंड रॉबर्टसगंज सभागार में जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत विकास खंड के चयनित मॉडल ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव की समीक्षा बैठक की गई। वहीं ग्राम विकास राज्य अधिकारी विशाल सिंह ने ने बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधानों को बताया कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी भाजपा सरकार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा तमाम योजनाओं का पत्रों तक पहुंचाया जाए और अधूरे विकसित कार्यों को तत्काल पूर्ण किया जाए जिससे कि पात्र व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके शौचालय आवास व अन्य विकास कार्यों को लेकर ग्राम विकास अधिकारी संबंधित एडीओ पंचायत के नेतृत्व में विकास कार्यों की समीक्षा कर अवगत कारण हर हाल में अधूरे पड़े कार्यो को तत्काल पूर्ण कारण जिस की उच्च स्तरीय जवाब दे ही दिया जा सके जिस भी ग्राम प्रधान व क्षेत्र विकास अधिकारी के क्षेत्र में विकसित कार्यों में लापरवाही पाई गई संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।बैठक में सहायक विकास अधिकारी (पं0) अजय सिंह, जिला कंसलटेंट अनूप कुमार पाल, खण्ड प्रेरक सत्यवती, कम्प्यूटर ऑपरेटर विवेक चौबे, ग्राम पंचायत सचिव राकेश दूबे, सुरेश सिंह, दिनेश गिरी, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, संगीता राय, अरुण कुमार चौधरी व समस्त प्रधानगण उपस्थित रहे।

# प्राइवेट चिकित्सकों ने बैठक कर बनाई उत्पीड़न के खिलाफ रणनीति

- डॉ. लोढी स्थित एक होटल परिसर में जिले के प्राइवेट हॉस्पिटलों की बैठक हुई आयोजित
- आए दिन हो रहे प्राइवेट हॉस्पिटलों का उत्पीड़न बंद करने को कल सीएमओ को सौंपेंगे ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बैनर तारे मंगलवार को लोढी स्थित एक होटल परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। संगठन के अध्यक्ष दो टीपी सिंह ने वहां मौजूद प्राइवेट चिकित्सकों को संबोधित करते हुए बताया कि बार के चुनाव को सड़क पर साधने में ताबूत के आखिरी कील की भूमिका निभाते वकील साहब ने बेकाबू होकर सरेआम कानून के रखवालो के सामने कानून की धज्जियां उड़ाई। वाराणसी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हुए मौत पर सोनभद्र में कथित वकीलों ने यहां के हॉस्पिटल पर शव रखकर अपने बार काउंसिल कीचुनाव की राजनीति को कड़ाके की ठंड में अंगीठी की तरह गर्म कर खूब हाथ सेका।

सोनभद्र बार के पद के लिए कुछ प्रत्याशी वाराणसी के एक निजी हॉस्पिटल मे इलाज़ के दौरान हुए मौत के बाद शव का सहारा लेकर रॉबर्ट्सगंज मे अपने आने वाले इलेक्शन की राजनीति गार्मने मे ये भूल गये और कानून तोड़ने मे कोई कशर नही छोड़ा, समाज के प्रबुद्ध जनों मे गिने जाने वाले कुछ शरारती लोगों के द्वारा वही खड़े एक व्यक्ति को तहसील दार, डिप्टी सी एम ओ और दो दो सी ओ सहित प्रशासन के सामने ललकारते हुए लहु - लुहान कर दिया गया । समाज के प्रबुद्ध जनों के द्वारा किये गये इस कृत्य से जिले का शासन व प्रशासन स्तब्ध रह गया। शासन व प्रशासन के सामने किसी व्यक्ति को जान से मारने के नियत से सर पर ईट व पत्थर से बुरी तरह से मारते हुए लहु लुहान कर देने से शासन और प्रशासन के हाथ पैर फूल गये। हालांकि प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए पीड़ित के तहरीर के आधार पर सीसीटीवी फुटेज व वीडियो ग्राफ़ी एविडेंस को देखकर उपद्रवी लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करने का भरोसा पीड़ित परिवार को दिया है। सूचना मिलने तक फिलहाल पीड़ित के सर मे गंभीर चोट की वजह से हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। मगर सवाल यह उठता है कि समाज मे कानून का ज्ञाता बताने वाला और कानून को पूज कर अपनी दिनचर्या का शुरुआत करने वाला यह तपका कानून कि धज्जियाँ उड़ाते नज़र आया। इस तरह की घटनासे समाज मेंकानून में आस्था रखते वालेआम लोगों के जीवन में विपरीत असर डाल सकता है। ली आज ऐसे कृति को देखते हुए बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को भी घटना को संज्ञान में लेते हुए कानून के ज्ञाता बताने वाले कथित लोगो के खिलाफ़ उचित कार्रवाई कर सभ्य समाज को कानून के प्रति आस्था रख कर यह बोध कराया जाए की कानून सभी के लिए बराबर है। इस मौके पर मौजूद चिकित्सक, डॉ. आर एस सिंह, डॉ. एच.पी सिंह, डॉ प्रमोद प्रजापति, डॉ जे एन सिंह, डॉ नम्रता सिंह, डॉ वीणा सिंह, डॉ. अनुपमा सिंह, डॉ. के कुमार, डॉ. अंजनी कुमार सिंह, डॉ. अशोक यादव, डॉक्टर जे.एस गुप्ता, डॉक्टर अरुण कुमार सिंह डॉक्टर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर की बेहतर कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में बैठक की

# आज जेवर क्षेत्र की पहचान अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हो रही: योगी

- अगले कुछ वर्षों में यह क्षेत्र एनसीआर का सबसे विकसित क्षेत्र होगा

अवधनामा ब्यूरो



नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को मेट्रो, हाई स्पीड रैपिड रेल, रोड की सीधी और बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलने जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां अपने सरकारी आवास पर नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, जेवर की बेहतर कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में बैठक की। नोएडा इण्टरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को मेट्रो, हाई स्पीड रैपिड रेल, रोड की सीधी और बेहतरीन कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जेवर क्षेत्र की पहचान अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हो रही है। जेवर एयरपोर्ट के पास ही फिल्म सिटी प्रस्तावित है। कुछ वर्षों पहले तक जेवर का पूरा क्षेत्र अपराध की जद में था। दिन-दहाड़े छिनैती, लूट की घटनाएं होती थीं। अगले कुछ वर्षों में यह क्षेत्र एन0सी0आर0 का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। जेवर एयरपोर्ट, एयर कार्गो का बड़ा हब बनने जा रहा है। एक अनुमान के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट वर्ष 2024-25 में 65 लाख यात्रियों (प्रतिवर्ष) को सेवायें देगा। वर्ष 2042-43 तक यह संख्या बढ़कर 07 करोड़ प्रतिवर्ष होने की सम्भावना है।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट को इंदिरा गांधी अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, नई दिल्ली से कनेक्ट किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए रैपिड रेल और मेट्रो एक बेहतर विकल्प हो सकता है। भारत सरकार, एनसीआरटीसी से इस सम्बन्ध में आवश्यक सहयोग परामर्श प्राप्त करते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाए। प्रदेश सरकार इसके लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध करायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें फरवरी, 2024 में जेवर एयरपोर्ट के रनवे पर ट्रायल लैंडिंग कराना होगा। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए रनवे निर्माण, लाइटिंग आदि की कार्यवाही में तेजी आवश्यक है। मुख्यमंत्री जी को रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट को बेहतर कनेक्टिविटी के उद्देश्य से स्थानीय चोला से रुंधी तक लगभग 98 किलोमीटर की दूरी तक एक नई रेल लाइन पर भी विचार किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड के स्तर पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## मंत्री दानिश ने हज यात्रा आवेदन की तारीख बढ़ाने के लिये लिखा पत्र

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुकद्दस हज यात्रा 2024 के आवेदन भरने की आखिरी तारीख 20 दिसम्बर से पहले प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी को पत्र लिख आवेदन की तारीख बढ़ाने की मांग की है। अपने पत्र में श्री अंसारी ने लिखा कि प्रदेश से बहुत से लोग हज आवेदन से वंचित रह गये हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 20 दिसम्बर है और आवेदन न कर पाने वालों की संख्या अधिक है। श्री अंसारी ने मंत्री को लिखे पत्र में हज आवेदन की तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है, जिससे हज यात्रा के लिए आवेदन करने वालों को समय मिल सके और अधिक से अधिक लोग हज यात्रा के लिए आवेदन कर सकें। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के अधिकारियों के अनुसार मंगलवार तक लगभग 5 हजार आवेदकों ने हज यात्रा के लिए आवेदन किया है।

### मनरेगा श्रमिकों को आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से समय से किया जाय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों को आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम से पारिश्रमिक का भुगतान समय से किया जाय।श्रमिकों के पारिश्रमिक भुगतान में लापरवाही या हीलाहवाली किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि मनरेगा श्रमिकों के भुगतान संबंधी कार्यों में उदासीनता या लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाय। कहा है कि मनरेगा में जब भी कोई जाब कार्ड धारक काम की मांग करें तो उन्हें तत्काल काम दिया जाये।

# भाजपा 2 लाख लोगों को बनाएगी 'विकसित भारत' एंबेसडर

## लखनऊ महानगर में प्रत्येक बूथों पर बनाए जाएंगे 200 विकसित भारत एंबेसडर: आनंद द्विवेदी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर में आयोजित कार्यशाला में नमो ऐप डाउनलोड करने व विकसित भारत एंबेसडर बनाकर डिजिटल वॉलंटियर बनाने का प्रशिक्षण बड़ी एलइडी पर स्लाइड रिप्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित विकसित भारत प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व लखनऊ प्रभारी त्र्यंबक त्रिपाठी ने कहा कि मिशन 2024 का बिगुल बज चुका है।कार्यकर्ता पूरी शिद्दत के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 2 लाख विकसित भारत एंबेसडर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।नमो ऐप डाउनलोड करने के बाद ऐप पर 100 डेज चैलेंज की शुरुआत होगी। इन 100 दिनों में पार्टी कार्यकर्ता विकसित भारत एंबेसडर, माइक्रो डोनेशन आदि का अभियान चलाएगे।इस अभियान में एक्टिवा सोशल मीडिया कार्यकर्ता को विशेष जिम्मेदारी दी गई है साथ ही सभी मोर्चा व प्रकोष्ठ सक्रिय योगदान देंगे। लोकसभा मिशन-2024 में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने के लिए डिजिटल माध्यम से दो लाख लोगों को नमो ऐप से जोड़कर विकसित भारत एंबेसडर बनाएगी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि अभियान मे सभी जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को कैंप लगाकर विकसित भारत एंबेसडर बनाना है। यह अत्यंत गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत संकल्प अभियान में एंबेसडर के रूप में जुड़कर अपना सहयोग प्रदान करने का अवसर प्रधानमंत्री मोदी जी हर भारतीय को समान रूप से प्रदान कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर एनसीआरटीसी के प्रबन्ध निदेशक विनय कुमार सिंह ने शिष्टाचार भेंट की।

# भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत की समीक्षा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की प्रगति, योजना एवं तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में महानिदेशक आई.टी. डॉ. नीता वर्मा, निदेशक ई.सी.आई. दीपाली मासिरकर, अनुसचिव प्रफुल्ल अवस्थी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्र शेखर, निधि श्रीवास्तव, कुमार विनीत के अतिरिक्त अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में आगामी निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, प्रलोभन मुक्त और सुरक्षित मतदान संपन्न कराने हेतु प्रत्येक स्तर पर कार्य करने पर चर्चा की गयी। प्रदेश के बॉडर पर पूरी तरह सतर्कता बरती जाने के निर्देश दिए गए ताकि आगामी निर्वाचन के समय अनुकूल वातावरण बना रहे। आयोग की टीम द्वारा आईटी मॉनिटरिंग सेल को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर आईटी मॉनिटरिंग सेल में सशक्त टीम रखी जायें, जिससे आईटी टूल्स में आने वाली समस्याओं का निराकरण ससमय हो सके।

### त्वरित आर्थिक विकास हेतु 46.27 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद एवं झांसी में सड़क निर्माण से सम्बन्धित 02 कार्यों हेतु कुल 46.27 लाख रूपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। नियोजन विभाग ने इस सम्बन्ध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार जनपद फिरोजाबाद में नगला पीपल जसराना बाईपास रोज से पंचम पीर की मजरा तक मार्ग के नव निर्माण कार्य हेतु 18.64 लाख रूपये तथा जनपद झांसी में झांसी शहर में नहर पुल से अशोक सनफ्रान तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य हेतु 27.93 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

# भाजपा सरकार अंग्रेजों की तरह निरंकुश: डॉ. राय

- राजनैतिक दल के रूप में सत्ता का विरोध हमार हक

अवधनामा ब्यूरो



**सहारनपुर/लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार अंग्रेजों की तरह निरंकुश और तानाशाह सरकार है। प्रदेश सरकार भी अंग्रेजों की तरह अभिव्यक्ति की आजादी पर अड़ंगे लगाती है। लेकिन कांग्रेसी अंग्रेजों से भी नहीं डरे और प्रदर्शन और आंदोलन के दम पर आजादी हासिल की। आज भी कांग्रेसी डरेंगे नहीं और यात्रा निकलेगी। राजनैतिक दल के रूप में सत्ता का विरोध हमार हक है और हमारे आयोजन में कोई बाधा न आए यह सत्ता और प्रशासन का कर्तव्य है। अनुमति हो या नहीं कांग्रेस की यात्रा जरूर निकलेगी। श्री राय मंगलवार को यात्रा के संबंध में सहारनपुर कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार से सहारनपुर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में निकाली जा रही यूपी जोड़ो यात्रा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरणा लेकर निकाली जा रही है। डॉ. राय ने कहा कि जिस तरह भाजपा नेतृत्व की सरकार ने सामाजिक सद्भाव बिगाड़ा है, भाई को भाई से लड़ाने का काम किया। पिछले 9 सालों से युवा बेरोजगारी की ओर अग्रसर है, गरीब और गरीब हो रहा है, नारी सम्मान असुरक्षित हुआ है, किसान-मजदूर परेशान हैं और भाजपा सरकार आरएसएस के एजेण्डे पर नफरत फैलाने का काम कर रही है। उसके जवाब में कांग्रेस यूपी जोड़ो यात्रा निकाल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारण्टी देश के लिए अभिशाप बन गयी है। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का वादा था, लेकिन किसान बर्बादी की ओर अग्रसर होता जा रहा है। 2 करोड़ रोजगार की बात करने वाली सरकार मानती है कि गरीबों की तादाद 35 करोड़ से बढ़ कर 80 करोड़ हो गयी, जिन्हें अनाज देकर जिंदा रखे है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में प्रदेश की स्थिति सबसे कमजोर है, शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सबसे निम्न पायदान पर है। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस देख रही है कि भारत में अब लोकतंत्र की खुलेआम हत्या की जा रही है। अभिव्यक्ति की आजादी खत्म हो चुकी है। सरकार से सवाल पूछने वाले अधिकांश विपक्षी सांसदों को इसलिए निलम्बित कर दिया जाता है क्योंकि उन्होंने सरकार से सुरक्षा के मुद्दे पर सवाल पूछा था। जब लोकतंत्र के प्रहरी सांसदों की यह स्थिति है तो निश्चित रूप से आम आदमी की अभिव्यक्ति सरकार की कैद में है, जिसे मुक्त कराना हम सबकी जिम्मेदारी है। कांग्रेस इस लड़ाई को यूपी जोड़ो यात्रा के जरिए सड़क से विधानसभा और संसद तक लड़ते हुए जनहित में जीत कर ही दम लेगी।

### कोषागार अपने स्तर से किसी भी प्रकार का कॉल या मैसेज प्रेषित नहीं करता

**लखनऊ।** मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ आनंद कुमार ने आदर्श कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ से पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशन धारकों से अपील की है कि जवाहर भवन कोषागार के नाम से किसी भी प्रकार का कोई भी फोन कॉल आपके मोबाइल पर आता है और उस कॉल से आपके वेतन या पेंशन से सम्बन्धित अकाउंट नंबर, पैन कार्ड नंबर या अन्य कोई भी सूचना माँगी जाती है या किसी भी प्रकार का लिंक भेजकर उसे खोलने या फॉरवर्ड करने के लिए कहा जाता है, तो कृपया उस लिंक को न खोला जाय और न ही अपने वेतन या पेंशन से सम्बन्धित कोई भी सूचना दिया जाये। उन्होंने बताया कि कोषागार अपने स्तर से किसी भी प्रकार का कॉल या मैसेज प्रेषित नहीं करता है। कुमार ने सभी पेंशन धारकों को सावधान करते हुए कहा कि इस प्रकार के फ्रॉड कॉल या मैसेज से सचेत रहें।

# इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ प्रेरणा ने मनाया सतायुशी उत्सव




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इनर व्हील क्लब ऑफ़ लखनऊ प्रेरणा द्वारा सतायुशी उत्सव मनाया गया मुख्य अतिथि का स्वागत शंखनाद से किया गया कार्यक्रम का शुभारंभदीप प्रज्वलन से किया गया दीप प्रज्वलनमुख्य अतिथिसंगठन वाइस प्रेसिडेंट सुनीता जैन जी डिस्ट्रिक अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल कन्वीनर पूर्व संगठन कोषाध्यक्ष अर्चना अग्रवालप्रेरणा क्लब की प्रेसिडेंट पायल सिंहक्लब सेक्रेटरी शालिनी अग्रवाल चेयरमैन प्रियंका भार्गव को चेयरमैन सोनम सिन्हा ने किया। नृत्य रूप में शिव तांडव प्रियंका भार्गव नम्रता भार्गव निवेदिता सिंह प्रियंका मोहन ऋतु जैन गरिमा त्रिपाठी एवं रंजीनी ने किया कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का फूलों से स्वागत किया गयातथा उन्हें भेंट स्वरूप स्टोल पहनाए गए तथा पूर्व डिस्ट्रक्ट चैयरमैन को सम्मानित किया गया। प्रेरणा क्लब की तरफ सेकई प्रोजेक्ट किए गए 10 स्ट्रेचर्स दी गई आईएफसी की बिल्डिंग का उद्घाटनकिया गया हैप्पी स्कूल को सभी सुविधाएं प्रदान की गई प्रेरणा क्लबएवं लखनऊ के कई क्लबतथा बाराबंकीक्लब की तरफ से 40 सिलाई मशीन दी गई।इस सतायुशी उत्सव में कई प्रतियोगिताएं कराई गईपीडीसी द्वारा कव्वाली की गईउत्सव में कई रंगारंग कार्यक्रम हुए जैसे गरबा डांस पद्मावत जौहर इनर व्हील की पूरी जर्नी दिखाई गई फेनोमेनल वूमेन दर्शाई गई इन सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधिका सोनम दीपिका दीक्षा शालू नेहा श्वेता शिप्रा सुरभि थे कार्यक्रम के समापन में भारत देश के कई त्यौहार नृत्य के रूप में दिखाए गएतथा देशभक्ति के गीत से समापन किया गया।

### महिला कैम्पस ड्राइव में 15 महिला अभ्यर्थियों को मिला जॉब आफर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई लखनऊ में मंगलवार को महिला कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें कम्पनी बरगंडी इण्डिया प्रा0 लि0, लखनऊ द्वारा 15 महिला अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु आफर किया गया, जिसमें कुल 28 महिला अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 21 दिसम्बर, 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले आयोजित किया जा रहा है।

# देश को वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत योगदान देने वाला 'स्टार परफॉर्मर'

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक सुदृढ़ता और विकास की सराहना की है। कोष ने अपनी वार्षिक आर्टिकल IV परामर्श रिपोर्ट में कहा है कि भारत एक 'स्टार परफॉर्मर' के रूप में उभरा है। कोष ने अनुमान जताया है कि भारत वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विवेकपूर्ण व्यापक आर्थिक नीतियों की सहायता से भारत इस साल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास के लिए ठोस आधार प्रदान करने के क्रम में सरकार द्वारा अवसंरचना में निवेश करने और आवश्यक लॉजिस्टिक्स विकसित करने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। इसमें कहा गया है, सरकार ने कई संरचनात्मक सुधार किए हैं, जिनमें सर्वाधिक प्रमुख सुधार डिजिटलीकरण है, जो कई वर्षों से विकसित हो रहा है और इसने भारत को भविष्य में बेहतर उत्पादकता और विकास के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म प्रदान किया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। आईएमएफ का कहना है, यदि व्यापक सुधार लागू किए जाते हैं, तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है। उसने सिफारिश की है कि नीतिगत प्राथमिकताओं में राजकोषीय बफ़र्स को फिर से मजबूत करने, मूल्य स्थिरता हासिल करने, वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और व्यापक संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से समावेशी विकास में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

आईएमएफ ने आरबीआई की सक्रिय मौद्रिक नीति से जुड़े कदमों और मूल्य स्थिरता के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की भी सराहना की है। कोष ने इस पर सहमति जताई कि डेटा केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित वर्तमान तटस्थ मौद्रिक नीति का रुख उचित है और उसे धीरे-धीरे मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर वापस लाना चाहिए। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने वैश्विक कमोडिटी कीमतों में उछाल के बाद उच्च मुद्रास्फीति को कम करने के लिए 2022-23 में नीतिगत रेपो दर को 250 आधार अंक बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

# स्प्रिंग फेस्ट एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सवों में से एक

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** स्प्रिंग फेस्ट भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर का वार्षिक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव है। 20 लाख से अधिक की ऑनलाइन पहुंच के साथ, स्प्रिंग फेस्ट पूरी तरह से छात्रों द्वारा आयोजित एशिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक उत्सवों में से एक है। भारत के 800 से अधिक प्रमुख कॉलेजों के उत्साही प्रतिभागी मौज-मस्ती के इस 3 दिवसीय उत्सव के लिए खड़गपुर आते हैं। 65वे स्प्रिंग फेस्ट का आयोजन आई. आई. टी. खड़गपुर मे 26 से 28 जनवरी 2024 तक मनाया जाएगा। स्प्रिंग फेस्ट ने नृत्य, नाटक, संगीत, फैशन आदि सहित कलात्मक कार्यक्रमों की अपनी विविध श्रृंखला के लिए राष्ट्रव्यापी प्रारंभिक दौर हिच हाइक को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। दिल्ली, मुंबई, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, अहमदाबाद, विशाखापत्तनम, लखनऊ, जयपुर और चंडीगढ़ जैसे जीवंत शहरों में इसका आयोजन किया जा चुका है। स्प्रिंग फेस्ट सभी न्यायाधीशों को उनके बहुमूल्य समय के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। प्रतिभागियों और आयोज कों के समर्पण ने और दर्शकों के उत्साह ने इस प्रारंभिक दौर को सफल बनया है। स्प्रिंग फेस्ट 13 विभिन्न शैलियों में फैले कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला की मेजबानी करता है, जिसमें 130 से अधिक प्रतियोगिताएं होती हैं, जिसमें भारत की बेहतरीन प्रतिभाएं लगभग 35 लाख रुपये के कुल नकद पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करतीं हैं। 2024 में , एक बार फिर, आपके हृदय को उत्तेजित करने और आपकी प्रतिभाओं के प्रदर्शन के लिए कई नई स्पर्धाओं के साथ स्प्रिंग फेस्ट लौट आया है। ये आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए एक बड़ा मंच साबित होता है। स्प्रिंग फेस्ट सारे सहभागियों को जीवन भर के आनंद और स्मृतियां बनाने का अवसर देता है। प्रत्येक वर्ष, स्प्रिंग फेस्ट एक सार्थक सामाजिक पहल भी करता है; पिछले वर्ष, स्प्रिंग फेस्ट ने अनकही जरूरतों को पूरा करते हुए समुदायों के सामने आने वाली सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने और उनसे निपटने के लिए पुकार-एक मूक मांग को पूरा करना नामक योजना को शुरू किया।

### काकोरी काण्ड के अमर शहीद राम प्रसाद बिस्लिम व अशफाक उल्ला खां को किया याद

**लखनऊ।** काकोरी काण्ड के अमर शहीद राम प्रसाद बिस्लिम, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह के शहीदी दिवस पर कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इस मौके पर कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि सभा में अंग्रेज हुकूमत से लोहा लेते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाले काकोरी काण्ड के अमर शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पाण्डेय ने बताया कि अमर शहीदों को याद करते हुए वक्ताओं ने काकोरी काण्ड को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इन सपूतों पर देश को आजाद कराने का जुनून इस कदर चढ़ा था कि क्रांतिकारियों के स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने के लिए धन की तत्काल जरूरत पूरा करने के लिए इन शहीदों ने 9 अगस्त 1925 को अपनी जान की परवाह किये बिना लखनऊ के काकोरी के पास सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन की चेन खींच उसमें रखा ब्रिटिश हुकूमत का सरकारी खजाना लूट लिया।

# कवि सम्मेलन व मुशायरे का हुआ समापन

- बाराबंकी, बस्ती व सिद्धार्थ नगर के कवियों-शायरों ने मारी बाजी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ में चल रहे अवध महोत्सव के सांस्कृतिक पण्डाल में गौरवांजलि ट्रस्ट एवं ह्यूमन राइट ग्लोबल फाउंडेशन के द्वारा एक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरे का सफल आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जनपद बस्ती के मशहूर व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राम कृष्ण लाल जगमग द्वारा की गई। कानपुर की सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ अंजना कुमार के आयोजन एवं गौरव विवेक के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाज सेविका श्रीमती दीपिका चतुर्वेदी व विशिष्ट अतिथि रिज़वान खान रहे। कवि सम्मेलन का शुभारंभ दिल्ली की कवयित्री यशोदा नैनवाल की सुमधुर वाणी वन्दना व शायर अकमल बलरामपुरी की निज़ामत व कुशल संचलन से हुआ। जहाँ बाराबंकी के ओज तेज के सशक्त हस्ताक्षर डॉ ओ पी वर्मा ने शहीदों की कुर्बानी व वतन पर जान की बात कहते हुए दर्शकों में जोशो जुनून भर दिया वहीं गौतम बुद्ध की धरती सिद्धार्थ नगर से आए डॉ पंकज सिद्धार्थ ने इश्क़ की चाशनी में डूबी नज़्म सुनाकर सभी श्रोताओं को प्रेम रस से सराबोर कर दिया। आकाशवाणी लखनऊ की उद्घोशिका प्रीति शुक्ला अपनी करिश्माई आवाज व हुस्न का जादू जगाने में कामयाब रहीं। जौनपुर की रीना श्रीवास्तव व कानपुर के अक्स अपरिचित ने भी अपनी सुन्दर रचनाओं से श्रोताओं को लुभाया। शायरा गुलेशबा फतेहपुरी व शायर आकाश हलचल ने तो अपनी गज़लों से मंच लूट लिया। वहीं संचालक अकमल बलरामपुरी, लखनऊ की सरिता कटियार व समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार डॉ राम कृष्ण लाल जगमग ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं आयोजक डॉ अंजना कुमार की श्रृंगार रस की रचनाओं ने सभी को दीवाना बना डाला। प्रस्तुति देने वाले सभी कवि एवं शायरों सहित लखनऊ के हास्य कवि पण्डित बेअदब लखनवी, लखनऊ से प्रकाशित होने वाले हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवल टाइम्स के प्रबंध सम्पादक व नेता जी सुभाष चंद्र बोस पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष नवल किशोर त्रिपाठी व लोक सचेतक के प्रबंध संपादक मनोज मिश्र को माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर मंच से सम्मानित किया गया।